






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 272

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 16 जुलाई, 2024


## महाराष्ट्र के नासिक में फोर्ट पर कई पर्यटक फंसे, यूपी-बिहार में गंगा खतरे के निशान के करीब, 20 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

# बारिश, बाढ़ और बर्बादी

### यूपी के 17 जिलों में बाढ़...

### 20 लाख लोग प्रभावित, मथुरा में बारिश, 11 शहरों में अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र में तेज बारिश के कारण कई नदियां उफान पर हैं। नासिक के अंजनेरी फोर्ट में 10 से ज्यादा पर्यटक सीढ़ियों पर पानी के तेज बहाव में फंस गए। हालांकि, कुछ घंटों के बाद उन्हें वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया। इसके अलावा रत्नागिरी और चंद्रपुर में देर रात और सुबह तेज बारिश हुई। इससे इन जिलों में सड़कों और निचले इलाकों में पानी भर गया। खेड में दीवानखावटी स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर मलबे के कारण रेल सेवा बाधित हुई है। कई ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर चार से पांच घंटे लेट हैं। उधर, नेपाल से सटे इलाकों में तेज बारिश के कारण गंगा नदी उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में खतरे के निशान के करीब बह रही है। उत्तर प्रदेश के 17 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। इसकी चपेट में 97 गांव हैं। वहीं बिहार के मुजफ्फरपुर में बाढ़ से 50 हजार की आबादी पानी में घिरी है। बिहार में गंगा के अलावा घाघरा, गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और परमान नदी भी खतरे के निशान के करीब हैं।



### गोरखपुर में सड़कों पर नाव, 30 गांव डूबे

- यूपी के 17 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। 97 गांवों से संपर्क टूट गया है। बाढ़ से करीब 20 लाख लोग प्रभावित हैं। नेपाल बॉर्डर से सटे इलाके बाढ़ ग्रस्त घोषित हो चुके हैं। गोरखपुर में राप्ती खतरे के निशान के पार बह रही है। सड़कों पर नाव चल रही है। 30 गांव डूब गए हैं। हरदोई में इतनी बारिश हुई है कि लोगों के घरों में घुटने तक पानी भर गया। आज 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। 26 जिलों में बिजली गिरने की संभावना है।

### 24 घंटे में सिर्फ 7 एमएम बारिश

- प्रदेश में 1 जून से अब तक नॉर्मल से 14 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। 44 दिनों में 240 एमएम बारिश हो चुकी है। जबकि औसत 209 एमएम का है। रविवार की बात करें तो 50 जिलों में सिर्फ 7 एमएम बरसात हुई। सबसे ज्यादा 58 मिलीमीटर हमीरपुर में बारिश हुई। कन्नौज सबसे गर्म जिला रहा। यहां का अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान 22.5 डिग्री बाराबंकी में रिकॉर्ड किया गया।

### अगस्त में मानसून ब्रेक होगा

- अगले 2 दिनों तक प्रतापगढ़ को छोड़कर सभी 74 जिलों में बारिश या बादल छाने का कोई अलर्ट नहीं है। सभी 74 जिले ग्रीन जोन में हैं। 18 जुलाई को 35 जिलों में बारिश की चेतावनी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, जुलाई के लास्ट सप्ताह में अच्छी बारिश होगी। अगस्त में मानसून ब्रेक हो सकता है। यानी जुलाई के मुकाबले अगस्त में कम बारिश होगी।



### बाढ़ ने ले ली पांच लोगों की जान

बता दे कि मंगलवार और बुधवार को राज्य में हल्की से मध्यम बारिश होने या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। गुरुवार 18 जुलाई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश होने की संभावना है। गोरखपुर-बस्ती मंडल में बाढ़ ने पांच जानें लीं जबकि एक व्यक्ति लापता है। मरने वालों में चार सिद्धार्थनगर के हैं जबकि गोरखपुर के एक व्यक्ति की राप्ती नदी में डूबने से मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति तालाब में नहाने के दौरान डूब गया। उसका कुछ पता नहीं चल सका। गोण्डा के तरबगंज में भगला नदी में नाव पलटने से तीन लोग डूब गए। जिनमें से एक का शव बरामद हो गया है लेकिन दो लोग अभी लापता हैं।

### एमपी समेत 20 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग ने 20 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पूर्वी राजस्थान, विदर्भ-मराठवाड़ा (महाराष्ट्र), छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराइकल, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, उत्तर कर्नाटक, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा हैं। महाराष्ट्र में ट्रैक पर मलबे के कारण मुंबई जाने वाली मांडवी एक्सप्रेस खेड स्टेशन पर रुकी। वहीं, श्री गंगानगर एक्सप्रेस को कामठे स्टेशन पर, तेजस और जनशताब्दी एक्सप्रेस को रत्नागिरी में और सावंतवाड़ी दिवा को दीवानखावटी स्टेशन पर रोका गया है।

### आगे मौसम कैसा रहेगा...

- कोंकण, गोवा, केरला, कर्नाटक के तटीय इलाकों, महाराष्ट्र के घाट से लगे हुए इलाकों, नगालैंड और गुजरात में 14 से 17 जुलाई तक बहुत ज्यादा बारिश की संभावना है।
- असम, मेघालय, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल और झारखंड में तेज बारिश हो सकती है।

### जलवायु परिवर्तन से आकाशीय बिजली गिरने में हो रही बढ़ोत्तरी

**कानपुर।** मानसून बारिश के साथ इन दिनों मेघ गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की भी घटनाएं सामने आ रही है। यहां तक कि पिछले चार दिन में 43 लोगों की मौत उत्तर प्रदेश में बज्रपात से हुई है। यह सब जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहा है और आकाशीय बिजली गिरने में बढ़ोत्तरी हो रही है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि जलवायु परिवर्तन की वजह से गरज के साथ बारिश वाले बादलों का बनना बढ़ रहा है। भारत सहित हर जगह गरज के साथ बारिश की घटनाओं के बढ़ने के दस्तावेज तैयार किए गए हैं, लेकिन बदकिस्मती से हमारे पास बिजली चमकने की घटनाओं में बढ़ोतरी को पुख्ता करने के लिए लंबे वक्त का आंकड़ा नहीं है।

### दीवार के मलबे में दबकर बुजुर्ग महिला की मौत

**हाथरस।** जनपद में दो दिन पूर्व बारिश के बाद सोमवार को कोतवाली सादाबाद अंतर्गत एक दीवार गिर गई। दीवार के मलबे में एक बुजुर्ग महिला की दबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए कार्रवाई की। कोतवाली सादाबाद के मोहल्ला इस्लाम नगर में बारिश के दो दिन बाद सोमवार की सुबह अचानक म?कान की दीवार गिर गई। दीवार के मलबे में वहां से गुजर रही एक बुजुर्ग महिला वहीदा दब गई। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देते हुए मलबा हटाया। घायल महिला को आनन फानन में सीएचसी सादाबाद लाया गया, जहां घायल बुजुर्ग महिला ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी पर परिजन रो-रो कर बेहाल हैं। परिजन राजू का आरोप है कि कई बार एंबुलेंस को फोन किया लेकिन एंबुलेंस समय से नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नेपाल से सटे इलाके बाढ़ ग्रस्त घोषित

प्रदेश में मानसूनी बारिश का ग्राफ तेजी से नीचे गिर रहा है। लेकिन नेपाल बॉर्डर से सटे इलाकों में बाढ़ग्रस्त घोषित हो चुका है। हिमालय की पहाड़ी पर बारिश का सिलसिला जारी है, इसलिए यूपी की नदियों में उफान है।

## राजा भैया के पिता उदय सिंह हाउस अरेस्ट, भदरी महल छावनी में तब्दील

- भदरी महल के बाहर पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनाती कर दी गई है

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ

कुंडा के राजा और राजा भैया के पिता उदय प्रताप सिंह को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। महल के चारों तरफ फोर्स लगाकर बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी है. कुंडा विधानसभा से बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के पिता उदय प्रताप सिंह को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। भदरी महल के बाहर पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनाती कर दी गई है। साथ ही पुलिस -प्रशासन ने भदरी महल के बाहर नोटिस चस्पा कर दिया है। प्रशासन ने यह कार्रवाई मोहर्रम के चलते किया है। उदय प्रताप सिंह को उनके महल में ही तीन दिनों के लिए नजरबंद कर दिया गया है। दरअसल, कई साल पहले मुहर्रम के दिन गोली लगने से एक बंदर की मौत हो गई थी। हर साल की तरह बंदर की बरसी मनाने की तैयारी उदय प्रताप सिंह की ओर से की जा रही थी। शनिवार की शाम को मुहर्रम का जुलूस भी निकाला जाना है। ऐसे में शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन की ओर से यह कदम उठाया गया है। एसडीएम और सीओ बड़ी संख्या में फोर्स के साथ भदरी कोठी पहुंचे और उदय प्रताप सिंह को नजरबंद कर दिया।

## देश का पहला हाइड्रोजन क्रूज पहुंचा काशी

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाला देश का पहला क्रूज वाराणसी पहुंच गया है। कोलकाता के कोच्चि शिपयार्ड से जलमार्ग के जरिए शिप रविवार देर शाम नमो घाट पहुंचा। पर्यटन विभाग की निगरानी में रामनगर मल्टी-मॉडल टर्मिनल राल्हूपुर में खड़ा किया गया। यहीं पर शिप की सजावट और लाइटिंग का काम किया जाएगा। यह डबल डेकर कैटामरान क्रूज जून के अंतिम सप्ताह में कोलकाता से चला था। रास्ते में कम पानी होने की वजह से उसे कई जगह रोकना पड़ा। इसके चलते जलयान को आधा सफर पूरा करने में ज्यादा समय लगा।

## योगी सरकार के खिलाफ अब शिक्षामित्र खोलेंगे मोर्चा

### यूपी में लोकसभा चुनाव परिणाम में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद से योगी सरकार के लिए रोज नई चुनौती खड़ी हो रही है

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

- शिक्षामित्रों ने समान कार्य का समान वेतन देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने की बात कही है
- इससे पहले, प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में डिजिटल अटेंडेंस को लेकर खूब घमासान हुआ

**लखनऊ।** यूपी में लोकसभा चुनाव परिणाम में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद से योगी सरकार के लिए रोज नई चुनौती खड़ी हो रही है। अब शिक्षामित्रों ने समान कार्य का समान वेतन देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने की बात कही है। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में डिजिटल अटेंडेंस को लेकर खूब घमासान हुआ। अटेंडेस को लेकर शिक्षकों और प्रशासन आमने सामने आ गए। जैसे तैसे ये मसला कुछ शर्तों के साथ नरम पड़ता दिखा। वहीं, परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के चल रहे विरोध के बीच अब शिक्षामित्र भी आंदोलन की राह पर चलने का मन बना रहे हैं। शिक्षामित्रों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने की बात कही है।



शिक्षामित्रों ने समान कार्य का समान वेतन देने की मांग के लिए लखनऊ में डेरा डालने का एलान किया है। उप्र. प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की रविवार को लखनऊ के दारुलशफा स्थित कार्यालय में हुई बैठक में रणनीति को अंतिम रूप दिया गया।

### समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 5 सितंबर से लखनऊ में अनिश्चितकालीन आंदोलन

लखनऊ में हुई बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला ने कहा कि सरकार शिक्षामित्रों के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने सरकार से कहा कि अगर शिक्षा मित्रों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 5 सितंबर को पूरे प्रदेश के शिक्षामित्र राजधानी लखनऊ में इकट्ठा होकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षामित्रों के साथ ठीक नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के रवैये के चलते शिक्षामित्रों में गुस्सा है।

### डिजिटल अटेंडेंस का मामला पूरी तरह शांत नहीं

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी प्राइमरी स्कूलों में नये नियम के तहत सभी शिक्षकों को डिजिटल अटेंडेंस लगाने के लिए निर्देश जारी हुए थे ।सभी स्कूलों में डिजिटल अटेंडेंस लेने के आदेश दिए गए थे और कहा गया था कि आदेश का पालन न करने पर कार्रवाई की जाएगी। मामला अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुआ है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## 'कार्बन फाइनेंस' के जरिए किसानों की आय में वृद्धि करेगी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- पहले चरण में कार्बन क्रेडिट से लाभान्वित होंगे यूपी के छह मंडल के किसान
- 25,140 किसानों को अनुमानित 42,19,369 कार्बन क्रेडिट किया जाएगा
- प्रत्येक पांचवें वर्ष में छह डॉलर प्रति कार्बन होगा क्रेडिट
- 2024-26 के मध्य 25140 किसानों को वितरित किए जाएंगे 202 करोड़ रुपये
- द्वितीय चरण में सात मंडलों का भी कर लिया गया चयन

योगी सरकार एक तरफ जहां 20 जुलाई को 36.50 करोड़ पौधरोपण कर रिकॉर्ड बनाने की तरफ अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ कार्बन फाइनेंस के जरिए पौधरोपण करने वाले कृषकों की आय में भी वृद्धि का भी मार्ग प्रशस्त कर रही है। भारत सरकार ने 2070 तक देश को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन में सक्षम बनाने की घोषणा की है। किसानों द्वारा पौधरोपण करने से कार्बन क्रेडिट के माध्यम से उनकी आय में अतिरिक्त वृद्धि की जाएगी। इसके तहत किसानों को अधिक से अधिक तेज गति से बढ़ने वाले पौधों (पापुलर, मीलिया डूबिया, सेमल आदि) का रोपण करना होगा। प्रत्येक पांचवें वर्ष में छह अमेरिकी डॉलर के हिसाब से प्रति कार्बन क्रेडिट की खरीद होगी। उल्लेखनीय है कि इससे लगाए गए पेड़ों से किसानों को अतिरिक्त आय भी होगी। इसके लिए योगी सरकार की ओर से किसानों को इंसेंटिव के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। सीएम ने कार्बन फाइनेंस का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक किसानों तक करने का भी आदेश दिया है।



### कार्बन क्रेडिट से छह मंडलों के किसान होंगे लाभान्वित

कार्बन क्रेडिट से पहले चरण में उत्तर प्रदेश के छह मंडलों के किसान लाभान्वित होंगे। विगत दिनों हुई उच्च स्तरीय बैठक में सीएम ने किसानों को तत्काल इसका लाभ मुहैया कराने का आदेश दिया था। पहले चरण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर, राजधानी लखनऊ, बरेली, मेरठ, मुरादाबाद व सहारनपुर को चयनित किया गया है। इस प्रक्रिया में टेरी व वीएनवी एडवाइजरी सर्विस का सहयोग प्राप्त किया जा रहा है।

### क्या है कार्बन अवशोषण-कार्बन क्रेडिट व्यापार

कार्बन फाइनेंसिंग अभिनव वित्तीय साधन है, जो कार्बन उत्सर्जन को मौद्रिक मूल्य प्रदान करता है। उत्सर्जन की भरपाई करने के इच्छुक व्यवसायों को कार्बन क्रेडिट के माध्यम से एक प्रकार का व्यापार योग्य परमिट उपलब्ध कराता है। कार्बन क्रेडिट अपने धारक को एक टन कार्बन डाईऑक्साइड या अन्य ग्रीनहाउस गैसों की समान मात्रा उत्सर्जित करने की अनुमति देता है। किसानों के परिपेक्ष्य में उनके द्वारा लगाए गए पेड़ों के जरिए कार्बन उत्सर्जन में आई कमी को यह लक्षित करेगा। किसानों को प्रति टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन रोकने के लिए कार्बन क्रेडिट दिया जा रहा है, जो उन्हें इंसेंटिव के तौर पर वित्तीय रूप से लाभ उपलब्ध कराएगा।

### 25,140 किसानों को मिलेगी 202 करोड़ का इंसेंटिव

2024-2026 के मध्य कृषकों को 202 करोड़ का इंसेंटिव मिलेगा। प्रथम चरण में चयनित गोरखपुर के 2406 किसानों को 34.66 करोड़, बरेली के 4500 किसानों को 24.84 करोड़, लखनऊ में 2512 किसानों को 21.26 करोड़, मेरठ में 3754 किसानों को 21.67 करोड़, मुरादाबाद में 4697 किसानों को 38.05 करोड़, सहारनपुर मंडल के 7271 किसानों को 61.52 करोड़ रुपये की सहायता मिलेगी यानी कुल 25140 किसानों को 202 करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा। पहले चरण में गोरखपुर मंडल के चयनित 100 किसानों को कार्बन क्रेडिट से प्राप्त 50 लाख वितरित किया जाएगा।

### प्रत्येक पांचवें वर्ष होगा छह डॉलर प्रति कार्बन क्रेडिट

प्रत्येक पांचवें वर्ष छह डॉलर प्रति कार्बन क्रेडिट होगा। अनुमानित कार्बन क्रेडिट42,19,369 होगा। वहीं द्वितीय चरण में सात मंडल देवीपाटन, अयोध्या, झांसी, मीरजापुर, कानपुर, वाराणसी व अलीगढ़ का चयन किया गया है। तीसरे चरण में पूरे प्रदेश को कार्बन फाइनेंसिंग से आच्छादित करना प्रस्तावित है।

## युवक ने घर के अंदर घुसकर की युवती से छेड़खानी

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** घर मे सो रही युवती के घर में एक युवक अंदर घुस गया और सोती हुई युवती का मुंह दबाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। आंख खुलने पर जब युवती के परिजन जब कमरे में पहुंचे तो युवक मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात उनका परिवार खाना खा पीकर अपने कमरे में सो गया। उनकी 20 वर्षीय बेटी अलग कमरे में सो रही थी। देर रात गांव का ही युवक अभिषेक घर की दीवार फांदकर अंदर घुस गया और बेटी के कमरे में पहुंच गया और बेटी का मुंह दबाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। आंख खुलने पर जब बेटी ने किसी तरह मुंह से हाथ हटाकर जब चिल्लाया तो परिजनों की आंख खुल गई और वह बेटी के कमरे में पहुंचे तो वह बेटी के साथ मारपीट कर रहा था। उन्हें आता देख युवक शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। इस बाबत कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस युवक की तलाश कर रही है।

# व्यवस्थाएं दुरूस्त न होने पर सदन में उठाएंगे अस्पताल का मुद्दा

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



दो दिन पूर्व डायलिसिस वार्ड में एक युवक की मृत्यु होने की सूचना मिलने पर सोमवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में ओपीडी, डिलेली रूम, एक्सरे रूम एवं समस्त अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सदर विधायक ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में मिली कमियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

सदर विधायक अनिल प्रधान के अस्पताल पहुंचने पर बताया गया कि पानी की कमी के कारण युवक की मृत्यु हुयी है। डायलिसिस गार्ड एवं जिला अस्पताल की लापरवाही के कारण ऐसी घटना घटी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्साधिकारी दोनों को प्रकरण पर दोषियों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने को निर्देशित किया। साथ ही समस्त स्टाफ को निर्धारित समय पर अस्पताल आने की बात कही। संयुक्त जिला चिकित्सालय में लगभग डेढ माह से पानी की समस्या और एक सप्ताह से बिजली की समस्या बनी हुयी है। जिस कारण अस्पताल में ऑपरेशन एवं इलाज सम्बन्धी काफी समस्यायें आ रही हैं। सदर विधायक ने मुख्य अभियन्ता विद्युत बांदा एवं अधिशाषी अभियन्ता विद्युत बांदा को अवगत कराया। साथ ही निर्देशित किया कि हर हाल में संयुक्त जिला चिकित्सालय की विद्युत आपूर्ति बहाल की जाये।

जिससे मरीजों, तीमारदारों एवं स्टाफ को इस समरया से निजात मिल सके। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि जो कर्मचारियों के अलावा जिला अस्पताल में दलाल किस्म के लोग घूमते रहते हैं, जो मरीजों एवं उनके परिजनों को भ्रमित कर प्राइवेट अस्पतालों में ले जाते हैं, ऐसे लोगों को चिन्हित कर पुलिस अधीक्षक को सूचित करें। जिला चिकित्सालय के पीछे वार्डों में गंदगी होने के कारण मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को फटकार लगायी। साथ ही अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को फोन कर गंदगी हटवाने के लिये कहा। साथ ही पानी की समस्या को दूर करने के लिए सदर विधायक ने कहा कि बोरिंग मशीन मिलते ही स्वंय से इस समस्या से निजात दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में सुधार न होने पर वह अस्पताल का मुद्दा सदन में उठाएंगे।

सदर विधायक ने कहा कि भविष्य में कमी भी संयुक्त जिला चिकित्सालय में धन की जरूरत हो तो वह धन उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरायी हुयी है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री (स्वास्थ्य मंत्री) सदन में बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। चित्रकूट के आकांक्षी जिला होने के बावजूद जिले की पूरी लचर व्यवस्था है। जहां पर संयुक्त जिला चिकित्सालय, मातृत्व एवं शिशु चिकित्सालय खोह 200 बेड का अस्पताल है, उसमें डॉक्टरों की भारी कमी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डीएम ने ली ई-ऑफिस प्रणाली क्रियान्वयन सम्बन्धी बैठक



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सोमवार को ई ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए कम्प्यूटर एवं सहवर्ती उपकरणों के सम्बन्ध में डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेंस सोसायटी की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय कार्य पद्धति को पेपर लेस ऑफिस में परिवर्तित करके शासकीय कार्य चालन क्षमता में सुधार करने के लिए यह कार्य किया जा रहा है, जो एन आई सी द्वारा विकसित ई ऑफिस प्रणाली में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद एवं मंडल के अधीनस्थ कार्यालय में भी अनिवार्य रूप से ई ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी। इन कार्यालय में ऑफिस प्रणाली की कार्यान्वयन के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था सम्बन्धित विभाग द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कलेक्टरेट में कम्प्यूटर, स्कैनर की आवश्यकता को देखते हुए टेंडर जल्द से जल्द कराए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी एनआरएलएम व अन्य सभी अपने ऑफिस में कम्प्यूटर स्कैनर कितने आवश्यकता है, उसकी सूची बनाएं। उन्होंने तहसील में आवश्यक कम्प्यूटर व स्कैनर के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाएं एवं कहा कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार कार्य कराए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, डीसीएनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, जीएमडीआईसी एस के केशरवानी आदि मौजूद रहे।

### दो बाइकों की आपस में हुई भिड़ंत, तीन लोग घायल

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** दो बाइकों में आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों ने सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टर ने ज्यादा घायल एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सोमवार सुबह मोहल्ला गांधी नगर निवासी गिरिजेश शाक्यवार बाइक से बचपन किटस वर्ड स्कूल में पढ़ाने जा रहा था। सिहारी चौराहा पर पहुंचा था कि मध्य प्रदेश जिला दतिया क्षेत्र के सेवढ़ा निवासी भान सिह, साथी पंकज के साथ शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे युवकों की बाइक टकरा गई। जिसमें गिरजेश रोड के दूसरी ओर जा गिरा। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।सीने,हाथ में गहरी चोट के चलते डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही भान सिंह, पंकज का अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई हैं।

### नाबालिग से दुराचार के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नाबालिक लड़की को बरगला कर ले जाने और दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 13 हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 15 जनवरी 2019 को एक व्यक्ति ने बहिलपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी नाबालिक बहन को कोई व्यक्ति बरगला कर भगा ले गया था। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना शुरू की। जिसमें सेमरदहा गांव के पिपरोही पुरवा निवासी पप्पू उर्फ मुर्तजा को गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता के बयान और चिकित्सीय परीक्षण के बाद पुलिस ने इस मामले में पाक्सो एक्ट और दुराचार की धाराओं की बढोत्तरी करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सोमवार को विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी पप्पू उर्फ मुर्तजा को 10 वर्ष कठोर कारावास और 13 हजार रूपए के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

### शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर जनपद इकाई द्वारा प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। सौंपे ज्ञापन में शिक्षकों ने मांग किया कि ऑनलाइन उपस्थिति सेवा शर्तों के विपरीत है जिसे निरस्त किया जाये, अन्य कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को भी 30 अर्जित अवकाश, हाफ डे अवकाश, 13 दिवसीय विवाह संस्कार प्रदान किया जाये, पुरानी पेंशन बहाल की जाये सहित सभी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक का पद बहाल करते हुये पदोन्नति की जाये,बेतन विसंगति 17140- 18150 दूर की जाये शिक्षा मित्र अनुदेशकों को समान कार्य, समान वेतन दिया जाय, कैस लेस चिकित्सा, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति आदि मांगें शामिल हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवध बिहारी सिंह ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति में जमीनी स्तर पर क्या-क्या समस्यायें हो सकती है। इस पर शिक्षकों से कोई राय नहीं ली गई । जबकि भौगोलिक परिस्थितियां अलग हैं। हम लोगों की लम्बित समस्याओं का निराकरण किया जाये। अन्तर्जनपदीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिक्षकों को घर से 60 से 70 किमी दूर विद्यालयों में जाना पड़ता है। जहां कोई आवास सुविधा भी नहीं है। ऐसे में मानवता को ताक में रखकर मनमाना आदेश जारी किया गया है। जिसका पूरे प्रदेश के शिक्षक विरोध करेंगे। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विजय पाण्डेय ने कहा कि बेसिक शिक्षा विपरीत परिस्थितियों में शिक्षक से इतर हर विभाग के कार्यों में सहयोग करते हैं। निर्वाचन आयोग, आपदा, राशन वितरण आदि तमाम तरह के कार्य शिक्षकों से लिये जाते हैं। जिस पर रोक लगाई जाये। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि हमारी 7 सूत्रीय मांगें पूरी की जाये उसके बाद ही ऑनलाइन हाजिरी की बात की जाये। इस व्यवस्था से पूरे प्रदेश का शिक्षक आक्रोशित है। कार्यक्रम में यूटा के जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह, अटेवा के जिलाध्यक्ष राजेश यादव, विशिष्ट बीटीसी के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह, टीएससीटी के अमर बहादुर, अन्तर्जनपदीय शिक्षक संघ के मनोज सोनी, शिक्षामित्र संघ के इन्द्रसेन यादव, अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष श्यामसुन्दर यादव, परिषदीय अनुदेशक संघ के अरविन्द कुमार, परिचारक संघ के नीरज श्रीवास्तव, यूटा के कासिफ इकबाल, शैलेन्द्र सिंह, मिथलेश यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ के लवलेश कुशवाहा, मनोज सिंह, एससीएसटी बेलफेयर एसो0 के गया प्रसाद बौद्ध, संगीता सिंह चंदेल, राधेश्याम पटेल तूफानी, अनिल सिंह पटेल, मतगंजन प्रसाद, द्रोपदी अग्रवाल आदि ने भी सम्बोधित कर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया।

# पुलिस हिरासत से भागे युवक का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर थाने ले जाने के बाद युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से हंगामा मच गया। मृतक के परिजनों ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने मानिकपुर थाना प्रभारी समेत चार को इस मामले में निलम्बित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मानिकपुर का आर्य नगर निवासी अंशु सिंह (28) पुत्र नत्थू बीते रविवार की शाम घर से निकला था। इस दौरान मोहर्रम के जुलूस में नोंक झोंक होने पर पुलिस उसे थाने ले आई। यहां से कुछ देर बाद अंशु गायब हो गया। इसके बाद सोमवार को सबेरे अंशु का शव पनहाई के रेलवे ट्रैक में निर्वस्त्र अवस्था में मिलने से इलाके में हडकम्प मच गया। शव बरामद होने के बाद शिनाख्त न होने के चलते पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया, किन्तु शिनाख्त होने के साथ ही परिजन और विभिन्न राजनीति दलों के नेता एकत्रित होने लगे। नाराज परिजनों ने मानिकपुर के रेलवे पुल चैराहे में धरना दे दिया। इसकी जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, मानिकपुर एसडीएम पंकज कुमार वर्मा मौके पर पहुंच गए। डीएम और एसपी द्वारा पीड़ित परिवार द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की निष्पक्षता से जांच कराकर कार्यवाही करने पर प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया।

इस मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उत्तर प्रदेश के डीजीपी को लिखे पत्र में कहा है कि मृतक अंशु सिंह आजाद अधिकार सेना का कार्यकर्ता था। आरोप लगाया कि अंशु के साथ पुलिस ने मारपीट की जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके बाद शव का रेलवे ट्रैक में फेंककर दुर्घटना का रूप दिया गया। उन्होंने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध स्थितियों में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस अधीक्षक एके सिंह ने मानिकपुर थाना प्रभारी विनोद शुक्ला और मुख्य आरक्षी वीर सिंह को निलम्बित कर दिया है। साथ ही सिपाही प्रमोद पासवान और अंकित राजपूत को भी निलम्बित किया गया है। गौरतलब है कि प्रमोद पासवान और अंकित राजपूत ही मृतक अंशु को पकडकर थाने लाए थे।

### किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन, निस्तारण की मांग की

**जन एक्सप्रेस/सरीला (हमीरपुर)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील सरीला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी हमीरपुर को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सरीला को सौंपकर क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। भारतीय किसान यूनियन के सरीला तहसील अध्यक्ष सुदर्शन सैनी व जयनारायण सिंह, ओमप्रकाश यादव, महेंद्रपाल, धर्मेश कुमार सहित लगभग आधा दर्जन कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी हमीरपुर को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सरीला को सौंपकर क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। ज्ञापन में इंद्रपुरा गांव के प्राथमिक विद्यालय के भवन को बनवाने, खेड़ा पावर हाउस से धगवा फीडर तक जर्जर हो चुकी विद्युत लाइन को सही कराने व झबरा से जिटकिरी संपर्क मार्ग को सही करने और चंडौत, बसरिया, जिटकिरी, बेंदा, इछौरा के रास्ते के निर्माण करने और तहसील क्षेत्र की सभी सड़कों पर मार्ग अवरूद्ध का कारण बने बबूल के पेड़ों की कटाई-छटाई करवाने के संबंध में जिलाधिकारी हमीरपुर को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सरीला को सौंपा।

# नवविवाहिता गर्भवती महिला ने फांसी लगा तजे प्राण, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस | हमीरपुर**

जनपद के मुस्करा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती देर रात्रि गर्भवती नवविवाहिता ने गृहकलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु शव विच्छेदन ग्रह भेजा है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालीजनो पर गंभीर आरोप लगाए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के मुस्करा थाना क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय गर्भवती नवविवाहिता महिला विनीता पत्नी दिनेश प्रजापति ने बीती रात्रि लगभग 3 बजे जब घर पर सब लोग सोए हुए थे तो फाँसी का फंदा बना आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने विनीता को फाँसी पर लटकते हुए देखा तो कोहराम मच गया। नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या किये जाने की सूचना पाकर मुस्करा कोतवाली पुलिस, राठ क्षेत्राधिकारी व तहसीलदार मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल कर पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। सूचना मिलने पर पहुँचे मायके पक्ष के लोगो ने जमकर हंगामा काटा। मृतका के मायके पक्ष जनपद के ग्राम कुपरा से आई उनकी मां ज्योति ने ससुरालीजनो पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी पुत्री विनीता की शादी हुसैना निवासी दिनेश प्रजापति के साथ दो वर्ष पूर्व की थी। जिसमे अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था। शादी के उपरांत से ही ससुरालीजन विनीता का उत्पीड़न कर मारपीट करने लगे थे। जिसके संबंध में पंचायत भी बुलाई गई थी। जिसके उपरांत 2 महीने मायके में रहने के बाद ससुरालीजन अच्छे से रखने की बात कहकर लिवा ले गए। बताया कि जिसके उपरांत भी सास ,नंद ,पति व ससुर द्वारा उत्पीड़न कर पैसे की मांग करते रहें।

# जिले के अधिकांश डाकघरों मे नहीं मिल रहे दस रूपये के पोस्टल आर्डर

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



जिले के अधिकांश डाकघरों मे 10 रूपये का इंडियन पोस्टल आर्डर उपलब्ध नहीं हैं। कर्मचारियों का कहना है कि स्टाक खत्म हो चुका है।

समाजसेवी सचिन वन्दन ने इस मामले को लेकर पोस्ट मास्टर जनरल कानपुर से आनलाइन शिकायत की है। शिकायती पत्र मे कहा है कि जिले के ग्रामीण इलाकों के डाकघरों से लेकर जिला मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर कर्बी मे भी 10 रूपये का इंडियन पोस्टल आर्डर नहीं मिल रहा है। जिले के डाकघरों में पिछ्ले कई माह से 10 रुपये वाले पोस्टल आर्डर का टोटा है। इस वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अन्य लोगों के साथ-साथ फार्म भरने वाले छात्र-छात्राओं को दिक्कत हो रही है। वहीं आरटीआई कार्यकर्ताओं को 10 रूपये का पोस्टल आर्डर नहीं मिलने आरटीआई दाखिल नहीं कर पा रहे हैं।कर्बी,मानिकपुर,पहाडी,राजापुर, मऊ,रामनगर और बरगढ आदि डाकघरों मे महीनों से दस रुपये का पोस्टल आर्डर नहीं है। इससे आए दिन सैकड़ों लोग व फार्म भरने वाले छात्र-छात्राएं न मिलने के कारण लौट रहे हैं।

### पत्नी से झगड़ा होने पर पति ने कुआं में लगाई छलांग, मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली कोच ग्राम पनियारा निवासी सुनील बरार पुत्र (28) पुत्र शंकर ससुराल ग्राम ऐर में 12 तारीख को साले पवन बरार के शादी में शामिल होने के लिए आया था। पत्नी से कहा सुनी के बाद गांव के बाहर स्थित कुएं में जाकर कूद गया। इससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत कर सुनील के शव को कुएं से बाहर निकल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। इस संबंध में दरोगा अशोक कुमार का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान जानकारी मिली है कि वह शराब का लती था। घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डिजिटलाइजेशन के विरोध में बीएसए कार्यालय पहुंचे शिक्षक, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस | उरई**



डिजिटलाइजेशन के विरोध में शिक्षकों ने सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बीएसए कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। बीएसए चंद्र प्रकाश को सौंपे ज्ञापन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों ने कहा कि शिक्षकों की मांगों की निराकरण हेतु प्रेषित पत्र की मांगों को शासन द्वारा निराकरण किया जाए। साथ ही बेसिक शिक्षकों को भी बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार अवकाश अर्द्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाए। इसके अलावा शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका का डिजिटलाइजेशन किए जाने में आ रही कठिनाइयों का संघ की पदाधिकारी के साथ बैठक कर निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक उपरोक्त समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तब तक सभी शिक्षक उपस्थिति पंजिका के डिजिटलाइजेशन किए जाने पर असहमति व्यक्त करते हैं। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष विधासगर मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्पेंद्र सिंह सेंगर, कोषाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजपूत, संयुक्त मंत्री उपवन कुमार सिंह, मंत्री नरेश निरंजन, लालजी पाठक, महेंद्र वर्मा, शैलेन्द्र बबेले, लक्ष्मण सिंह सेंगर, ओमप्रकाश निरंजन, योगेन्द्र सिंह, संजय निरंजन, राममोहन वाजपेयी, तालिब बेग, राजेश शुक्ला, कौशलेंद्र सिंह, विपिन उपाध्याय, उदयकरण राजपूत साहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

# सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में 14 जोड़ो ने थामा एक-दूजे का हाथ

**जन एक्सप्रेस | हमीरपुर**



15 जुलाई को भगवती गेस्ट हाउस राठ में आयोजित सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह समारोह में 14 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवनसाथी चुना है। जिसमें कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य नौरंगा विमलेश कुमारी ने भगवती गेस्ट हाउस में हो रहे सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह में पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद देकर स्मृति चिन्ह व शादी प्रमाण पत्र देकर आशीर्वाद दिया। वहीं विशिष्ट अतिथियों ने वर वधु को सुखी रहने का भगवान से कामना की है। कार्यक्रम संयोजक मनोज कुशवाहा व पत्रकार दीपक साहू, महेन्द्र कुशवाहा, शिवनारायण, यादविंद्र दाऊ ने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह समारोह में कुसमा संग संजय, रानी संग भूपेंद्र, कामिनी संग ज्ञानेंद्र, ममता संग दिलीप सहित 14 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवन साथी चुना। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहकर वर-वधू को आशीर्वाद एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर मानवेंद्र दाऊ, राहुल साहू, अखिलेश यादव, मनीष सक्सेना मनोज कुमार महोबा चंगभदुर दादी, स्वयंप्रकाश, विश्वकर्मा, जितेंद्र सोनी, नरसी गुप्ता, नवल सोनी आदि कमेटी के सभी लोग मौजूद रहे।

### पति से पत्नी का हुआ झगड़ा, पत्नी ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कदौरा नगर क्षेत्र के मुहल्ला सिद्धार्थनगर निवासी आकाश की पत्नी शालिनी उम्र 25 वर्ष का अपने पति के साथ बीती रात कुछ आपसी विवाद हो गया। पत्नी ने अपने आपको कमरे में बन्द कर लिया और साड़ी का फंदा पंखे के हुक से लटक कर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी। जब तक परिजन कुछ समझ पाते तब तक उक्त महिला की मौत हो गई। पुलिस ने पहुचकर प्राथमिक जांच पड़ताल करते हुए शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही थाना प्रभारी विजय कुमार पांडेय का कहना है कि मृतका के पिता राजकुमार की तहरीर पर 6 लोगो के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व दहेज हत्या के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और स्थित स्पष्ट हो जाएगी।

# तंत्र-मंत्र व झाड़-फूंक कर लूट की घटना करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में एसओजी व थाना राजापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने तंत्र-मंत्र व झाड-फूक कर लूट की घटना करने वाले 2 आरोपियों को माल व अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि बीती 13 जुलाई को वादी दयाशंकर पुत्र रंजीत यादव ग्राम निवासी हरदौली थाना राजापुर द्वारा सूचना दी गयी कि बीती 10 जून को रियाजुल उर्फ राजू निवासी धरमपुर सातो थाना असोथर जनपद फतेहपुर द्वारा पूजा पाठ कराने के नाम पर सम्पूर्ण परिवार को पूजा पाठ में बैठाने और घर के सारे आभूषण कुल वजन करीब डेढ तोला, आधार कार्ड व बैंक की पासबुक आदि रखवाकर कहा कि ऑख बन्द कर अपने देवता का ध्यान लगाओ फिर दो घंटे बाद आंख खोलना अगर पहले आँख खोले तो सिर फट जाएगा। जब ढेड घंटे बाद आँख खोला तो सभी रखे आभूषण, अन्य सामान तथा मोटर साइकिल लेकर भाग गये थे। इस सूचना पर थाना राजापुर में रियाजुल एवं एक अज्ञात साथी के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने घटना के शीघ्र अनावरण के लिए प्रभारी निरीक्षक राजापुर एवं एसओजी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। थाना राजापुर पुलिस उप निरीक्षक सिद्धनाथ राय व एसओजी प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी तथा हमराही द्वारा रियाजुल उर्फ राजू निवासी धरमपुर सातो थाना असोथर जनपद फतेहपुर, गौरव साहू उर्फ दीपक साहू निवासी हसनपुर अकुढिया थाना खागा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी रियाजुल की जामा तलाशी से एक देशी तमंचा, कारतूस, 220 रूपये व एक मोबाइल तथा आरोपी गौरव साहू की जामा तलाशी से एक मोबाइल, 210 रूपये तथा लूट की मोटर साइकिल की डिग्गी में रखे प्लास्टिक के डिब्बे में 2 लॉकेट पीली धातु, 1 जोडी पायल, 1 जंजीर तथा 3 अंगूठी सफेद धातु बरामद की गयी।

पूंछतांछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोगों के कब्जे से जो मोटर साइकिल व जेवरात बरामद हुए है, वह तंत्र-मंत्र, झाड-फूक कर धमका कर दयाशंकर के घर से लूट ले गये थे। आज मऊ की तरफ झाड-फूक करने जा रहे थे कि रास्ते में साथी का इंतजार करते समय पुलिस ने पकड लिया।

गिरफ्तारी के दौरान राजापुर उप निरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह, उप निरीक्षक अंकित सिंह, आरक्षी लवकुश यादव, प्रकाश मिश्रा, अजय मिश्रा, एसओजी टीम के मुख्य आरक्षी जितेन्द्र, आरक्षी रोशन सिंह, गोलू भार्गव, पवन राजपूत आदि मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive



# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ । मंगलवार । 16 जुलाई 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 16 से 18 जुलाई, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर बहुत हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 37.2 (+3.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 28.8 (+1.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 81 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 55 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस का विरोध जारी, एक सैकड़ा से अधिक शिक्षकों का त्यागपत्र

जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा



**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कानपुर के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राकेश बाबू पांडे के मार्गदर्शन व कार्यवाहक वेदनारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता मे सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डिजिटाइजेशन एवं ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों द्वारा ज्ञापन दिया गया। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों ने अपनी मागे जैसे पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मचारियों की भाति कैशलेस चिकित्सा, 31 उपार्जित अवकाश, 12 द्वितीय शनिवार अवकाश सहित अन्य कई मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से राजकुमार अग्निहोत्री, नरेंद्र द्विवेदी, सत्येंद्र कुमार, अरविंद शुक्ला, अवधेश दीक्षित, प्रदीप अवस्थी, मो.परवेज आलम, जयवीर सिंह, दीपेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**133 संकुल शिक्षकों ने दिया त्यागपत्र**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कानपुर नगर के जिलाध्यक्ष राकेश बाबू पांडे ने बताया कि कल 133 संकुल शिक्षकों ने त्यागपत्र दे दिया है। जिसमें विकासखंड भीतर गांव के 46 संकुल शिक्षकों, विधनु के 46, नगर क्षेत्र के 10, घाटमपुर के 1 और पतारा के 30 संकुल शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को अपना त्याग पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि यह निर्णय शिक्षकों द्वारा शिक्षकों की मूल मांगों को पूरा किए बिना ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में लिया गया है।

# ढेंचा फसल हरी खाद विषय पर एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र,दिलीप नगर द्वारा सोमवार को ग्राम औरंगाबाद में निकरा योजना के अंतर्गत ढेंचा फसल हरी खाद विषय पर एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने वहां उपस्थित किसानों को बताया कि ढैचा की फसल को बुवाई के 40 से 45 दिनों पर खेत में पलट देना चाहिए। जिससे मिट्टी को अधिक मात्रा में जीवांश पदार्थ मिल जाता है। डॉ. खान ने बताया कि ढैचा की हरी खाद से मिट्टी में सूक्ष्म जीवाणुओं की भी संख्या बढ़ती है व आगामी फसल को सभी पोषक तत्व भी प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि ढैचा की पत्तियों का पीएच मान 4.5 होता है इसलिए ऊसर भूमियों में ढैचा की हरी खाद करने से ऊसर भूमि सामान्य भूमि में परिवर्तित होने लगती है। जिससे मिट्टी की सेहत में सुधार होता है। उन्होंने बताया कि ढैचा की जड़ों में सूक्ष्म पीली गांठे होती हैं। जिसमें राइजोबियम जीवाणु होता है जो वायुमंडलीय नाइट्रोजन को एकत्रित कर मिट्टी में मिला देता है। उन्होंने कहा कि एक शोध के अनुसार ढैचा की हरी खाद से 22 से 30 किलोग्राम नाइट्रोजन प्रति एकड़ मिट्टी को प्राप्त होता है। इससे भूमि की संरचना भी सुधरती है तथा रासायनिक उर्वरकों पर किसानों का धन व्यय भी कम होता है।इस अवसर पर एसआरएफ शुभम यादव, प्रगतिशील किसान चरण सिंह, रामबाबू सहतावनपुरवा, सुनील कुमार,शिव शंकर एवं जयकुमार सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# स्कूल ऑफ बिजिनेस मैनेजमेंट विभाग ने ओरिएटेशन कार्यक्रम का किया आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजिनेस मैनेजमेंट विभाग के छात्र/छात्राओं के लिये सोमवार को ओरिएटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल ऑफ बिजिनेस मैनेजमेट की निदेशिका प्रो. अंशू यादव, डीन प्रशासन प्रो. सुधांशु पाण्डया, प्रो.नीरज कुमार सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, सह निदेशक डॉ.सुदेश कुमार श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को नये सत्र के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। अभिषेक सिंह चौहान अमेजान डिजिटल केन्द्र के मुख्य वक्ता रहे। उन्होनें छात्र छात्राओं को उद्यमशीलता का मंत्र सिखाया । ओरिएटेशन प्रोग्राम का अयोजन स्कूल आफ बिजिनेस मैनेजमेंट के सेमीनार हाल में किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. प्रशान्त त्रिवेदी ने किया, उन्होने छात्र छात्राओं में प्लेसमेंट से सम्बन्धित जानकारी दी। डॉ. सिधांशु राय, डॉ. प्रभात द्विवेदी, डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, डॉ. मोहित अहूजा ने भी छात्र छात्राओं को जानकारी दी। उद्घाटन सत्र में वारसी सिंह, अर्पणा कटियार, सोनम गुप्ता, गौरी सिंह भदौरिया, मान्सी बाजपेयी, पल्लवी मिश्रा, प्रकाश नारायण पाण्डेय, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# सांसद रमेश अवस्थी ने सभी मतदाताओं का आभार किया व्यक्त

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




किदवई नगर और छावनी विधान सभा में सोमवार को अलग अलग मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं विधायक महेश त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलित किया। मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनवाने के लिए सांसद रमेश अवस्थी ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधानसभा के प्रबुद्ध एवं प्रभावशाली मतदाताओं को अंग वस्त्र पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यूपी में 2014, 2017, 2019 और 2022 में बड़ी सफलता प्राप्त की है। देश वासियों के प्रेम की बदौलत ही 2024 में भी भाजपा ने केंद्र में तीसरी बार सरकार बनी। विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि देश की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। मोदी की गारंटी ने हमें जिताया है। भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेतनत की दम पर लोकसभा चुनाव में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में ऐतिहासिक काम किए गए। यदि देश कि जनता को पीएम मोदी पर भरोसा ना होता तो नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री न बनाती। देश की जनता ने 2047 तक विकसित भारत बनाने के विश्वास के साथ भाजपा को तीसरी बार सत्ता सौंपी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पं बाल चंद्र मिश्र, अनीता गुप्ता,रामदेव शुक्ला, कौशल किशोर दीक्षित, राम बहादुर यादव, रघुनंदन भदौरिया , सुनील नारंग, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी,गणेश शुक्ला,वंदना गुप्ता, संजय कटियार, रीता शास्त्री,अर्जुन बेरिया, शिवपूजन, गौरव तिवारी, प्रवीण मिश्रा, अखिलेश अवस्थी,संजय पासवान आदि मौजूद रहे।

# फिर टूटी के.डी.ए.की सरकारी सील, अवैध निर्माणकर्ताओं से फिर हो रही डील



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्व्याल के निर्देश के बाद सील की गई बिल्डिंगों की सरकारी सील धीरे-धीरे तोड़कर बिल्डर अवैध रूप से फिर से निर्माण करने लगे हैं। इसके बाद लगभग दो दर्जन से अधिक सील तोड़ने वालों के खिलाफ विभिन्न थानों में प्रवर्तन प्रभारियों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई हैं। लेकिन अभी कई ऐसे अवैध निर्माण हैं जो उच्च अधिकारियों की नजर में नहीं आए हैं। वहीं दूसरी ओर प्राधिकरण द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर अवैध निर्माण कर्ताओं के लिए अमृत साबित हो रही है। ज्ञातव्य हो कि बीते माह प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्व्याल के निर्देश पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर उनके निर्माणों को सील किया गया था। जून दो में जॉली और जोन एक में कानपुर बिजनेस सेंटर के कई व्यापारियों ने सरकारी सील तोड़कर निर्माण करने महज 24 घंटे बाद चालू कर दिए थे। इसके बाद प्रथम सूचना रिपोर्ट भी संबंधित थानों में दर्ज कराई गई थी। लेकिन अब अवैध निर्माण कर्ताओं के खिलाफ़ दर्ज की गई एफआईआर अमृत्व का वरदान साबित हो रही है। वही जोन दो में एक रेडीमेड कारोबारी ने सरकारी सील तोड़कर अपना अवैध निर्माण शुरू कर दिया है।

# रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास हुसैनी लंगर का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में रविवार हुसैनी लंगर का आयोजन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य मानवता का संदेश फैलाना था। इस आयोजन का नेतृत्व वरिष्ठ पत्रकार हैदर नक़वी ने किया। कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी, कानपुर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार और संयुक्त पुलिस आयुक्त हरीश चंद्र की उपस्थिति ने इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। रमेश अवस्थी ने मानवता के संदेश को आगे बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया और हुसैनी लंगर के आयोजन की सराहना की। अखिल कुमार और हरीश चंद्र ने सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोहर्रम का महीना इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने के रूप में जाना जाता है, जो शिया मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। 8वीं मोहर्रम विशेष रूप से हज़रत अब्बास की याद में मनाई जाती है, जो पैगंबर मुहम्मद के पोते इमाम हुसैन के भाई थे। हज़रत अब्बास की वफादारी, बहादुरी और उनकी कुर्बानी को याद करने के लिए इस दिन को विशेष महत्व दिया जाता है। मोहर्रम के दिनों में कर्बला की लड़ाई और इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद किया जाता है। यह समय शोक, आत्म-निरीक्षण, और उन उच्चतम मूल्यों की याद दिलाता है जिनके लिए इमाम हुसैन और उनके साथियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों में रज़ा नक़वी, शानू आलम , मुशीर खान,इब्ने हसन ज़ैदी, और बिलाल नक़वी शामिल थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस बाजपई, विधायक अमिताभ बाजपई, अखलाक अहमद, इब्ने हसन ज़ैदी, शहनवाज़, और नजफ़ नक़वी, मुशीर खान, दानिश अहमद, तकी हैदर, हैदर अली ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# मंडी इंस्पेक्टर के बेटे का अपहरण का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**फिल्मी स्टाइल में अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छूटने की कहानी बता रहा है किशोर**

जन एक्सप्रेस। अंकित चौधरी



**कानपुर नगर।** रविवार को ग्राउंड क्रिकेट खेलने जा रहे 12 वर्षीय छात्र को वैन सवार किडनैप कर चौडगरा ले गए। जहां किडनैपर एक दुकान पर रुक कर कुछ सामान खरीदने लगे इसके बाद अपहृत छात्र किसी तरह वैन का दरवाजा खोलकर पैदल कई किलोमीटर चल अपनी बुआ के घर पहुंचा और अपनी आप बीती बुआ को बताई। बुआ ने परिजनों को बेटे के सकुशल घर पहुंचने की जानकारी दी,वहीं देर रात पुलिस के साथ परिजन चौडगरा पहुंचे और सकुशल बेटे को लेकर घर आ गए वहीं इस घटना के बाद छात्र काफी डरा हुआ है। पुलिस किडनैपर को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। रावतपुर थाना क्षेत्र के हितकारी नगर निवासी मंडी इंस्पेक्टर शिवेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि वह अपनी पत्नी और दो बेटों हिमांशु और प्रियांशु के साथ रहते हैं। दोनों बेटे हर रविवार आधा किलोमीटर दूरी पर गीता नगर स्थित गीतांजलि पार्क में क्रिकेट खेलने जाते हैं। छोटा बेटा प्रियांशु पदमपत सिंघानिया में कक्षा 6 का छात्र है रविवार को सुबह 9 बजे अकेले ही पार्क में खेलने चला गया था। घंटों बीत जाने के बाद बेटा वापस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू हुई लेकिन उसे खोज नहीं जा सका इसके बाद शाम 5 बजे के करीब रावतपुर पुलिस को बेटे के गुम होने की सूचना दी। सारा दिन किसी अनहोनी की आशंका से पूरा परिवार चिंतित रहा, वहीं मां का भी रो रो कर बुरा हाल था। रविवार रात करीब 9 बजे चौडगरा निवासी उनकी बहन रीता ने फोन कर जानकारी दी की प्रियांशु सकुशल उनके पास पहुंच गया है और डरा हुआ है। बेटे के सही सलामत होने पर उन्हें जान में जान आई और वह पुलिस को लेकर चौडगरा गए और बेटे को लेकर आए।

**मुंह दबाकर वैन में भर लिया इसके बाद मुझे होश नहीं रहा**

पिता शिवेंद्र ने बताया कि बेटे से पूछताछ की गई तो उसने अपने अपहरण होने की जानकारी दी बेटे ने उन्हें बताया कि छपेड़ा रोड क्रॉस कर गली से एक छोटी पार्क के पास पहुंचा था की तभी रास्ते में पड़े रुपए वैन सवारों ने उठा कर देने को कहा। वजह से ही पैसा उठाकर ड्राइवर को देने लगा तभी पीछे से बाहर खड़े तीन युवकों ने उसका मुंह दबाकर वैन में भर लिया इसके बाद उसे होश नहीं रहा। उसे जब होश आया तो एक दुकान पर चारो युवक उतरे और कुछ सामान खरीदने वालों जिस जगह पर उन्होंने गाड़ी रुकी वहां मोटू ढाबा लिखा हुआ था। उसने धीरे से अंदर का लॉक खोलकर वहां से भाग गया काफी दूर तक वन समझ ने उसका पीछा किया चुकी चौडगरा में उसकी बुआ रहती हैं जिस कारण वह वह बचते बचाते अपनी बुआ के घर पहुंचा। जब वह घर कई किलोमीटर पैदल कर पहुंचा। बेटा अभी भी काफी दहशत में है। पुलिस घर से पार्क तक लगे कैमरे कंगाल रही है लेकिन अभी पुलिस को कोई कामयाबी हाथ नहीं लगी है।

**सूचना**

मैं अपने पुत्र अवध बिहारी शुक्ला व पुत्र वधू रेशमा को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मेरा और मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इन दोनों के किसी भी क्रियाकलाप लेनदेन से कोई लेना–देना नहीं है। यह दोनों अगर बाहर किसी से कुछ लेन देन करते हैं तो इसकी जिम्मेदारी मेरे और मेरे परिवार के किसी सदस्य की नहीं होगी।

सूचना कर्ता
अनिल शुक्ला पुत्र स्वर्गीय राम आसरे शुक्ला निवासी भूरे पुरवा नई बस्ती केसा के सामने मकान नंबर 13 फूलपुर मछरिया कानपुर नगर

# मोहर्रम पर मेहंदी का निकला अलम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मोहर्रम की 7 तारीख को हजरत हसन हुसैन के पुत्र हजरत कासिम की याद में नई सड़क से मेहंदी का जुलूस निकाला गया। नई सड़क इमाम चौक पर अकीकतमंदो ने फतिया पढ़कर मुरादें मांगी।

आकर्षण का केंद्र रही हजरत कासिम की मेहंदी हरे रंग की नाव में हजरत कासिम की मेहंदी आकर्षण का केंद्र रही। कासिम की मेहंदी का जुलूस नई सड़क से प्रारंभ होकर रिज़्वी रोड, इफ्तिखराबाद,दलील पुरवा चौराहा,रूपम चौराहा,हलीम कॉलेज चौराहा, मोहम्मद अली पार्क होते हुए, विभिन्न मुस्लिम क्षेत्रों में गस्त करने के बाद नई सड़क पर समाप्त हुआ। जुलूस में दर्जनों हर सफेद इस्लामी परचम झंडा भी थे जुलूस में डीजे बैंड पर हजरत कासिम की याद में कव्वालियां बजाई जा रही थी ऊंट और घोड़े मोहर्रम रंगों में सजे हुए थे महिलाओं ने अपने घरों से ही मेहंदी के दर्शन किए अकड़न माडो ने स्टेज लगाकर मुहर्रम का तबर्रुक प्रसाद का वितरण करें जुलूस का इस्तकबाल किया।

# रंगोली समेत अन्य प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



राजकीय आईटीआई पाण्डुनगर, कानपुर के नोडल प्रधानाचार्य अमित कुमार पटेल के नेतृत्व में सोमवार को विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद आलोक पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि अनिल चोपड़ा और ब्रांड एंबेसडर अनिल कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, जीवन में कौशल का महत्व पर निबंध प्रतियोगिता, मैराथन दौड़ प्रतियोगिता सहित आईटीआई के विभिन्न व्यवसाय के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी अतिथियों और प्रतिभागियों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त कर नौकरी पाकर अपने जीवन में सफल हुए पूर्व छात्रों को सम्मानित करने के साथ ही प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यदेशक श्रवण कुमार शुक्ला, सुमन कटियार, अर्चना सचान, अरविन्द कुशवाहा, सुरेन्द्र प्रसाद,दीपा सचान सहित प्लेसमेंट प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

# बर्खास्त सिपाही संचालित कर रहा था वाहन चोरों का गैंग, दबोचा गया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



शहर की कानपुर पुलिस ने बर्खास्त सिपाही जो जो अंतरराज्जीय वाहन चोरों का गैंग संचालित कर रहा था उसे उसके साथी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। इन लोगों के पास से चोरी के वाहन भी बरामद हुए हैं। प्रेसवार्ता करते हुए डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि एसीपी कैंट अंजली विश्वकर्मा के नेतृत्व में जाजमऊ पुलिस ने दो शातिर वाहन चोर परवेज अहमद और समीउल्लाह खान को गिरफ्तार किया है जो कि अलग अलग राज्यों में वाहन चोरी करने का कार्य करते थे। डीसीपी ने यह भी बताया कि इसमें से एक आरोपी परवेज को 2015 में उत्तर प्रदेश पुलिस की सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था जिसके बाद से इसने यूट्यूब से देखकर चोरी की घटना को अंज़ाम देना शुरू किया। इन दोनों के पास से पुलिस ने 4 कार,कैश रूपए, मास्टर चाबी व चोरी करने के कई उपकरण भी बरामद किए हैं ।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 36°C | 28°C |
| कानपुर | 36°C | 29°C |
| देहरादून | 31°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 36°C | 29°C |

# दम तोड़ रही माटी में जान डालने के लिए बोएं ढैंचा

- बीज पर योगी सरकार दे रही है 50 फीसद अनुदान
- कम लागत में अगले फसल की उपज बढ़ेगी
- बदल जाएगी मिट्टी की भौतिक संरचना



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अगर रबी की फसल (गेंहू, आलू, तोरिया ,सरसों) के लिए आपने खेत को खाली छोड़ा हो तो मौसम देखकर आप ढैचा बो सकते है। यही नहीं जलजमाव या बाढ़ के कारण अगर किसी क्षेत्र की फसल नष्ट हो गई हो तो भी मौजूदा समय में उसमें ढैचे की खेती सबसे आसान विकल्प है। इससे न केवल रबी की फसलों का उत्पादन बेहतर होगा,बल्कि उर्वरक खासकर नेत्रजन कम लगने से खेती की लागत भी करीब 25 फीसद घट जाएगी। और उपज इसी अनुपात में बढ़ जाएगी। भूमि में कार्बनिक तत्त्वों की वृद्धि से लंबे समय में भूमि की भौतिक संरचना बदलने से होने वाला लाभ बोनस होगा। जैविक खेती के लिए ढैंचा और हरी खाद की अन्य फसलें संजीवनी साबित होगी। पूर्व उप निदेशक भूमि संरक्षण डॉक्टर अखिलानंद पांडेय के अनुसार रबी की फसलों के लिए अब भी ढैचा बोने का पर्याप्त समय है। ढैचें की खूबियों के मद्देनजर ही योगी सरकार लगातार किसानों को ढैंचा और हरी खाद की अन्य फसलों को बोने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इनके बीजों पर 50 फीसद अनुदान भी दे रही है। इस साल भी प्रति किलो दाम 90 रुपए था। इस बार अनुदान की राशि घटाकर कृषि केंद्रों पर पोओएस मशीन से विक्री हुई। पहले किसान को पूरा दाम देना पड़ता था। अनुदान की राशि संबंधित किसान के खाते में बाद में डीबीटी की जाती थी।

### सरकार के प्रयास से हरी खाद के प्रति जागरूक हुए किसान

डॉक्टर पांडेय के अनुसार सरकार और के प्रयासों की वजह से पिछले दो दशकों के दौरान किसान हरी खाद (ढैचा, सनई, उड़द एवं मूंग) की उपयोगिता को लेकर जागरूक हुए हैं। लिहाजा इनके बीजों की मांग भी बढ़ी है। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार भी भूमि में कार्बनिक तत्वों को बढ़ाने के लिए हरी खाद को प्रोत्साहित कर रही है। इन सबमें हरी खाद के लिहाज से सबसे उपयोगी ढैचा ही है।

### उर्वरता के साथ भूमि की जलधारणा, वायुसंचरण व लाभकारी जीवाणुओं में होती है वृद्धि

ढैचा की फसल की जड़ों में ऐसे जीवाणु होते हैं जो हवा से नाइट्रोजन लेकर मिट्टी में स्थिर कर देते हैं। इसका लाभ अगली फसल को मिलता है। उनके मुताबिक कार्बनिक तत्व मिट्टी की आत्मा होते हैं। भूमि में ऑर्गेनिक रूप से इसे बढ़ाने का सबसे आसान एवं असरदार तरीका है हरी खाद। कार्बनिक तत्वों की उपलब्धता खुद में सभी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक होती है। साथ ही यह रासायनिक खादों के लिए भी उत्प्रेरक का काम कर उसकी क्षमता को बढ़ाती है। खेत खाली न रहने से अगली फसल में खर-पतवारों का प्रकोप भी कम हो जाता है। इससे उर्वरता के अलावा संबंधित भूमि में जलधारणा, वायुसंचरण व लाभकारी जीवाणुओं में वृद्धि होती है। लगातार फसल चक्र में इसे स्थान देने से क्रमशः भूमि की भौतिक संरचना बदल जाती है।

### बोआई के 6 से 8 हफ्ते बाद पलट दें फसल

इफको के मुख्य क्षेत्र प्रबंधक डा. डीके सिंह के अनुसार अगर हरी खाद के लिए ढैचा बोया गया है तो फसल की पलटाई बोआई के लगभग 6-8 हफ्ते बाद फूल आने से पहले कर लें। इसके बाद खेत में पानी में लगा दें। फसल का ठीक तरीके से और जल्दी डीकंपोजिशन (सड़न) हो, इसके लिए फसल पलटने के बाद और सिंचाई के पहले प्रति एकड़ 5 किलोग्राम यूरिया का बुरकाव भी कर सकते हैं। फसल के अवशेष करीब 3-4 हफ्ते में सड़ जाते हैं। इसके बाद अगली फसल की बोआई करें। प्रति हेक्टेअर खेत में 60-80 किग्रा बीज लगता है।

### सनई ,मूंग, उर्द भी हरी खाद के कारगर विकल्प

ढैचा के अलावा सनई ,मूंग, उर्द भी हरी खाद के कारगर विकल्प हैं। बोआई का समय,मौसम, बीज की उपलब्धता व जरूरत के अनुसार इनमें से किसी का भी चयन कर सकते हैं। इसमें से ढैचा एवं सनई हरी खाद के लिहाज से सर्वाधिक उपयुक्त हैं। मूंग एवं उड़द की बोआई से हरी खाद के साथ प्रोटीन से भरपूर दलहन की अतिरिक्त फसल भी संबंधित किसान को मिल जाती है। अलबत्ता इनके लिए खुद का सिंचाई का संसाधन होना जरूरी है। प्रति हेक्टेअर 15-20 किग्रा बीज की जरूरत होती है।

# कुंभ में लिये संकल्प को महाकुंभ तक पूरा करने में जुटे योगी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- 120 किमी प्रतिघंटे की डिजाइन स्पीड वाला होगा देश का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे
- एक्सप्रेस-वे पर दो मुख्य, जबकि 15 रैम्प टोल प्लाजा किये जाएंगे स्थापित

2019 के कुंभ में अपने मंत्रिमंडल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लिये गये संकल्प की सिद्धि का समय नजदीक आ रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे के रूप में सीएम योगी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट किसी एक प्रदेश में बनने वाला अबतक का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे होगा, जिसके निर्माण का कार्य तेज गति से जारी है। यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की दिशा में गंगा एक्सप्रेस-वे मील का पत्थर साबित होने जा रहा है, जिसके मुख्य कैरिज वे का काम महाकुंभ 2025 को देखते हुए दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा। इसे महाकुंभ 2025 से पहले पूरा करने का संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत पहले ही ले लिया था। मेरठ के बिजौली से प्रयागराज के जूडापुर दांदू तक 594 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे से पश्चिमी यूपी और पूर्वी यूपी के बीच की दूरी और सफर की देरी दोनों घट जाएगी।

### 518 गांवों से होकर गुजरेगा गंगा एक्सप्रेस-वे

उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से होकर गुजरने वाला यह एक्सप्रेस-वे 36,230 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन है। लगभग 7453.15 हेक्टेयर भूमि पर बन रहा गंगा एक्सप्रेस-वे प्रदेश के 518 गांवों से होकर गुजरेगा। शुरुआत में इसे 6 लेन का बनाया जा रहा है, जिसे आगे चलकर 8 लेन का किया जाना है। इसके राइट ऑफ वे की चौड़ाई 120 मीटर होगी, जो 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की डिजाइन स्पीड देगी। इनमें मेरठ-बदायूं (129.70 किमी) का कार्य मेसर्स आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर, जबकि बाकि के तीन ग्रुप बदायूं-हरदोई (151.70 किमी), हरदोई-उन्नाव (155.70 किमी) और उन्नाव-प्रयागराज (156.85 किमी) का निर्माण मेसर्स अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर कर रही है।

### होंगे 14 मेजर ब्रिज, 7 आरोबी और 32 फ्लाईओवर

गंगा एक्सप्रेस-वे के मुख्य कैरिज वे को पूरा करने का लक्ष्य 31 दिसंबर 2024 रखा गया है, जबकि अन्य कार्यों को पूरा करने के लिए नवंबर 2025 तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जून 2024 तक मुख्य कैरिज वे में मिट्टी का काम चारों ग्रुप में औसतन 82 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है, जोकि 3 लाख 85 हजार घन मीटर प्रतिदिन है। गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कितना जटिल है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसपर मेरठ-बदायूं के बीच गंगा नदी पर 960 मीटर और बदायूं-हरदोई के बीच रामगंगा पर 720 मीटर लंबा पुल भी निर्माणाधीन है। यह एक्सप्रेस-वे 14 मेजर ब्रिज, 7 आरओबी और 32 फ्लाईओवर से होकर गुजरेगा। यही नहीं इसपर शाहजहांपुर के जलालाबाद के पास साढ़े तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी भी होगी, जिसपर किसी भी आपात स्थिति में बड़े बोइंग विमान उतर सकते हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे पर मेरठ और प्रयागराज में दो मुख्य जबकि अन्य स्थानों पर 15 रैम्प टोल प्लाजा होंगे। इसपर 9 जन सुविधा परिसरों की भी स्थापना होगा।

# उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने 'पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ' जन अभियान-2024 की तैयारियों की समीक्षा

- उच्च शिक्षा विभाग 22.54 लाख पौधे लगायेगा
- सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करते पौधों के संरक्षण भी ध्यान दिया जाए



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने मंत्री कार्यालय में पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 के तहत आगामी वृक्षारोपण लक्ष्य की प्राप्ति के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने वर्ष 2024-25 में जनसहभागिता से 36.50 करोड़ पौध रोपण का लक्ष्य रखा है। इसमें से उच्च शिक्षा विभाग को 22.54 लाख पौधे इस वर्ष लगाए जाने हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित कर ली जाएं और अभियान के तहत लगाए जा रहे पौधों का संरक्षण का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के लिए विश्वविद्यालयों एवं कालेजों के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधरोपण पर कार्य किया जाय। उच्च शिक्षा मंत्री ने इस अभियान की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनजागृति के अभियान चलाये जाए और जनता को वृक्षारोपण के लाभों के बारे में जागरूक किया जाए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने इस संबंध में अपनी तैयारियों और योजनाओं की जानकारी दी और अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की। मंत्री ने अभियान की निगरानी और नियमित समीक्षा के निर्देश भी दिए ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किए जा सकें। बैठक में मंत्री कार्यालय में प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी तथा अन्य विभागीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# जरूरतमंदो की सेवा और पौधा रोपण करके सादगी के साथ मनाया अजीज सिद्दीकी ने अपना जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ छायाकार अब्दुल अजीज़ सिद्दीकी के जन्मदिन के अवसर पर 15 जुलाई को कई जगहों पर पौधा रोपण करके तथा जरूरतमंदो को भोजन कराकर मनाया गया।अजीज़ सिद्दीकी के जन्मदिन पर प्रातः 10.30 बजे दारुलशफा स्थित पार्क में एमएलसी डॉक्टर बाबू लाल तिवारी,तथा व्यवस्था अधिकारी किरण सिंह, द्वारा पौधा रोपण करके शुरूआत की गई। प्रातः 11.00 बजे पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान जू अधिकारियों द्वारा पौधा रोपण किया गया। दोपहर 1.00 बजे केजीएमयू स्थित प्रसादम में फूड मैन विशाल सिंह के सहयोग से तीमारदारों को भोजन कराया गया। दोपहर 1.30 पर केजीएमयू में ही डॉक्टर मोहम्मद परवेज़ व केजीएमयू की वीसी नित्यानंद के सहयोग से पौधा रोपण किया गया। दोपहर 2.00 बजे टीले वाली मस्जिद के प्रांगण में टीले वाली मस्जिद के मुतवल्ली इमाम फजलुर्रहमान साहब के सहयोग से पौधा रोपण किया गया। शाम 4.00 बजे हज़रत गंज स्थित हिन्दी संस्थान में उप लोकायुक्त दिनेश सिंह, डॉक्टर सुलतान शाकिर हाशमी, अज़ीज सिद्दिकी, अब्दुल वहीद, तथा अमृत बिसारिया व रीमा सिन्हा द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया।इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान,साहित्यकार डॉक्टर सुलतान शाकिर हाशमी,डॉक्टर रीमा सिन्हा,समाजसेवी अब्दुल वहीद,कवि मुकुल महान के द्वारा अमृत बिसारिया की लिखी पुस्तक (धूप का बादल) का विमोचन भी किया गया।सम्पूर्ण कार्यक्रम में शहर की कई हस्तियां शामिल हुईं।जिनमे डॉक्टर उमंग खन्ना,पत्रकार आलोक राजा,जुबेर अहमद,अनवर आलम,मुश्ताक बेग सहित दर्जनों पत्रकार व समाजसेवी, तथा गिन्नी सहगल, शायर और कवित्री मौजूद रहीं।इस आयोजन का सफल संचालन आसिम ककोरवी ने किया।इस अवसर पर प्रदेश भर से आए हुए कई कवि कवित्री तथा शायरा ने भी अपने बेहतरीन अंदाज़ में पुस्तक के विमोचन पर दुबई की साहित्यकार अमृत बिसारिया को बधाइयां दीं और प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की मुबारकबाद पेश की।

### मॉडल उचित दर दुकानों के निर्माण के लिए 5650 स्थानों का चिन्हांकन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारन्टी अधिनियम के तहत अन्नपूर्णा या मॉडल उचित दर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत प्रदेश में प्रस्तावित मॉडल उचित दर दुकानों के निर्माण के लिए 5650 से अधिक स्थानों का चिन्हांकन किया गया है, जिनमें से 4100 से अधिक दुकानों का निर्माण कार्य प्रगतिमान है। 2072 मॉडल उचित दर दुकानें निर्मित, जिनके माध्यम से कार्डधारकों आम जनमानस को सीएससी सेवाएं, रोजमर्रा की जनोपयोगी वस्तुएं और 05 किग्रा के छोटे घरेलू सिलेण्डर प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है।खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 450 उचित दर दुकानों में वितरण कार्य प्रारम्भ भी किया जा चुका है।

# मौन हैं उपजिलाधिकारी, कन्नी काट रहे राजस्व निरीक्षक मोहनलालगंज क्षेत्र में तालाब पर प्रॉपर्टी डीलर का कब्जा



अवैध सड़क निर्माण के समय की तस्वीर

- वर्ष 2021 में बना डाली कच्ची सड़क, तालाब के संरक्षण में नहीं किए गए प्रयास

**जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय**

**लखनऊ।** राजधानी की मोहनलालगंज तहसील में तैनात राजस्व अधिकारियों और कुछ लेखपालों का आलम यह है कि अपने काम को लेकर इतने उदासीन हो गए हैं कि तालाब सहित सरकारी जमीनों पर प्रॉपर्टी डीलर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग का कारोबार कर रहे हैं लेकिन उनकी जांच के नाम पर राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार लीपापोती की गई। मामला मोहनलालगंज नगर पंचायत के ग्राम डेहवा व अतरौली का है, जहां राजस्व विभाग आज तक तालाब की जमीन खाली करने में लाचार दिख रहा है। पूर्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट के अनुसार अतरौली की गाटा संख्या 175 रकबा 0.077 हे. तालाब के नाम दर्ज है इसके बावजूद आज तक उसके संरक्षण के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। मामले की शिकायत लगातार पीड़ितों द्वारा की जाती रही है। फिलहाल मामले की जानकारी के लिए उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज से उनके सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन नहीं उठा। अतरौली की तत्कालीन लेखपाल पद्मजा श्रीवास्तव द्वारा 01/02/2021 को प्राप्त शिकायत की जांच रिपोर्ट के अनुसार अतरौली की गाटा संख्या 175 रकबा 0.077 हे. तालाब दर्ज है जिसका सीमांकन भी किया गया था। लेकिन वर्तमान स्थिति बिल्कुल उलट देखी जा सकती है।

### तालाब की जमीन पर एसएस बिल्डर का अवैध कब्जा

जानकारों की मानें तो जिस नगर पंचायत मोहनलालगंज के ग्राम अतरौली गाटा संख्या 175 रकबा 0.0770 हे. (तालाब) व ग्राम डेहवा 864 रकबा 0.1140 हे. तालाब पर एसएस बिल्डर द्वारा कच्ची सड़क बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। जबकि मौजूदा अभिलेखीय साक्ष्यों में उक्त भूमि तालाब के नाम दर्ज है। अपनी साइड चमकाने के उद्देश्य से एसएस बिल्डर द्वारा कच्ची सड़क बनाकर व साइड का मुख्य मार्ग दर्शा कर अवैध रूप से सैकड़ों लोगों को आवासीय भूखंड की बिक्री की है।

*जन एक्सप्रेस की पड़ताल जारी...*


*शेष अगले अंक में....*


# बाढ़ का पानी पड़ रहा कम, लेकिन लोगों को राहत नहीं

- बीकेटी विधायक ने बाढ़ क्षेत्र गांवों का किया निरीक्षण, प्रधानों से की मुलाकात
- सुल्तानपुर, अकड़रिया कलां, खुर्द, लासा, दुघरा ये गांव पिछले कई सालों से बाढ़ सें है पीड़ित

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**



**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र इटौंजा थाना अंतर्गत सुल्तानपुर, बहादुरपुर, अकडरियां कलां, अकडरियां खुर्द, लासा,हरदा कॉलोनी, हीरापुरवा,दुघरा इन गांवों में गोमती नदी में आई बाढ़ से धान की बेंड, भिन्डी,तुराई, लौकी,बजरा, मक्का अन्य फसलें बर्बाद हो गई है और गांव के लोगों में बाढ़ की आशंका को लेकर दहशत पिछले कई दिनों से दिखाईं दें रही थी। बता दें कि बीते कई दिनों से हो रही बरसात व नेपाल से छोड़ा गया पानी से गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने इन गांवों के खेतों और गांव के बगल में पानी भर गया था लेकिन अब धीरे-धीरे पानी कम पड़ता दिखाई दे रहा है। पिछले दिनों जल स्तर ज्यादा बढ़ गया था जिससे ग्रामीण परेशान थें और पिछले कई सालों से आ रही बाढ़ से नदी के किनारों पर बसे गांवों के लोगों को परेशान कर दिया है।इन गांवों के स्कूली बच्चों एवं रोज प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों को पानी में होकर अपने काम पर जाना पड़ता है। जैसें, लासा गांव की रोड पर पानी भर गया तथा बहादुरपुर को जोड़ने वाली सड़क पर पानी भर जाने से लोगों को पानी में होकर अपने काम करना पड़ रहा है। वहीं अब पानी धीरे-धीरे घट एवं कम पड़ रहा है। जिससे किसानों की मुसीबत कम पड़ रही है। वहीं इस पूरे मामले पर बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पानी कम पढ़ने के बाद बाढ़ के पानी में डुबी फसलों का आंकलन करके उनको आर्थिक राहत दी जायेगी और बाढ रहित गांवों पर प्रशासन की पूरी नजर बनीं हुईं हैं। वहीं बीकेटी स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ जेपी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य टीमें बाढ़ क्षेत्र गांवों का लगातार निरीक्षण कर जरूरतमंद लोगों का इलाज व दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं ग्राम प्रधान से संपर्क कर ग्रामीणों से मिलकर उनके स्वास्थ्य के लिए कार्य किया जा रहा हैं। वहीं हरदा कॉलोनी गांव में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लोगों को दवाईयां व स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो रही है।

### बीकेटी विधायक ने कई गांवों का किया निरीक्षण, लोगों से की मुलाकात

सोमवार दोपहर बीकेटी विधानसभा भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने बाढ़ से प्रभावित गांवों जैसे, लासा, सुल्तानपुर, बहादुरपुर , अकडरियां कलां,अकड़रिया खुर्द, दुघरा, गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा इन गांवों के ग्राम प्रधानों से मुलाकात कर हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया तथा किसानों को यथा सम्भव सहायता दिलाने के लिए अधिकारियों से बात की। वहीं विधायक योगेश शुक्ला ने बताया कि बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी व? अन्य अधिकारियों द्वारा पहले ही जाँच की जा चुकी हैं और बाढ़ का पानी उतरने के बाद खेत में कौन फसल थी उसके आधार पर उसका आकलन कर मुवावजा किसानों को दिया जायेगा। इस मौके विधायक योगेश शुक्ला पीतांबर नगर पंचायत अध्यक्ष कमल अवधेश अवस्थी कमल इटौंजा मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप अनुराग अवस्थी दुखड़ा ग्राम प्रधान गोकुल राजपूत प्रधान प्रतिनिधि श्री नारायण द्विवेदी सुल्तानपुर ग्राम प्रधान रामकुमार अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारीयों ने बाढ़ क्षेत्र का किया दौरा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- बहादुरपुर में ग्रामीणों से स्वास्थ्य टीम के काम की ली जानकारी, स्वास्थ्य केन्द्र हरदा का निरीक्षण
- विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी की चेक, कहा कि लापरवाही होने पर होगी कार्यवाहीं

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत इटौंजा क्षेत्र सुल्तानपुर, बहादुरपुर, अकडरियां कलां, अकडरियां खुर्द, लासा,हरदा कॉलोनी, हीरापुरवा,दुघरा इन गांवों में गोमती नदी में आई बाढ़ कों लेकर लखनऊ जिले की स्वास्थ्य अधिकारियों ने गांवों के ग्रामीणों एवं स्वास्थ्य केंद्रों के कोमियो से जायजा लिया। बता दें कि सोमवार को दोपहर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल व डिप्टी सीएमओ डॉ एपी सिंह एवं अधीक्षक डॉ जेपी सिंह, सीएचओ शिवम कुमार, रवि मित्रा, उत्तम कुमार, एचएस बीसीपीएम अजीत तथा सभी एएनएम आशा और बी एच डब्लू के द्वारा बाढ़ क्षेत्र चौंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों ने संबंधित सभी कर्मचारी व अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रकार के मेडिसिन और ब्लेचिंग पाउडर और क्लोरीन टैबलेट और एंटीलार्वा छिड़काव की उपलब्धता सुनिश्चित करें। तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया और सभी सुविधाए महुया करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान अर्जुनपुर के गांव में दस्तक संचारी, डायरिया को लेकर लोगो से बात की और प्रोग्राम के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ जेपी सिंह अन्य स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# समानता के बगैर लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं

**यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्र के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा से पीछे हटना भी देश के लोग देख रहे हैं। यह आरोप विपक्ष पर सत्ता पक्ष और सत्ता पक्ष पर विपक्ष लगा रहा है। संविधान विशेषज्ञों द्वारा इस पर चिंता व्यक्त की जा रही है। देश की जनता जिन महानुभावों को अपने जनप्रतिनिधि बनाकर लोकसभा में भेजा है। वह भारत का स्व नहीं देख पा रहे हैं। जो समाज राष्ट्र अपना स्व भूल जाता है, वहां खतरनाक स्थिति हो जाती है। वह मात्र चुनाव में सफल होने को ही बड़ा अधिकार और कर्तव्य मान रहे हैं जबकि संविधान में अधिकारों के साथ कर्तव्य भी साथ-साथ अधिष्ठापित हैं।**

*भारतीय राजनीतिक चिंतन की परंपरा पाश्चात्य राजनीतिक चिंतन से अधिक पुरानी है। भारत में राजतंत्र और गणतंत्र शासन व्यवस्था प्राचीन हैं। कौटिल्य ने राज्य को अपने आप में साध्य मानते हुए समाज में सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने राजा के कार्य क्षेत्र को अत्यंत विस्तृत बताया है। कौटिल्य ने राज्य की संपूर्ण संस्थाओं को मनुष्य के आध्यात्मिक सांस्कृतिक और आर्थिक कल्याण का साधन बताया है। सुझाव दिया है कि राजा को आग, बाढ़, महामारी, अकाल और भूकंप जैसी दैवीय विपत्तियों का निवारण करना चाहिए। राजा को चाहिए कि प्रजा के प्रति पुत्रवत आचरण करे। राज्य में अपराधियों के लिए दंड, बाहरी शत्रुओं से रक्षा, राज्य की आंतरिक व्यवस्था एवं न्याय की रक्षा प्रमुख बताया है। 18वीं लोकसभा का गठन कुछ दिन पूर्व हुआ है। भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिकगठबंधन तीसरी बार केंद्र की सत्ता में आया है। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पिछले दिनों पूरे देश के लोगों ने संचार माध्यमों के जरिए देखी। संसद के भीतर के दृश्य काफी निराशाजनक रहे। प्रत्येक लोकसभा और राज्यसभा सदस्य का यह कर्तव्य है कि वह भारतीय संविधान की उद्देशिका में वर्णित तथ्यों के अनुसार आचरण करे। उद्देशिका में कहा गया है कि हम भारत के लोग भारत को (एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों की ,सामाजिक,आर्थिक ,राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास,धर्म और स्वतंत्रता प्रतिष्ठा के अवसर की समता राष्ट्र की एकता और अखंडता बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अधिनियमित आत्मार्पित करते हैं। भारत के संविधान के अनुसार सदन के सदस्यों का आचरण होना ही मर्यादा है। बीते कुछ समय से ऐसा नहीं हो रहा है। भारी भरकम धनराशि खर्च कर चलने वाले लोकसभा सदन में हंगामा है । शोर शराबा की स्थिति बढ़ी है। यहां तक की शपथ ग्रहण के अवसर पर विभिन्न सांसदों ने शपथ की निर्धारित शब्दावली के अतिरिक्त विशेष विचार धारा से जुड़े हुए नारे लगाए। जो संविधान सम्मत नहीं कहे जा सकते। इस पर सदन को विचार करना होगा। संसद का सदन सुचारु रूप से चले, इसकी जिम्मेदारी सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की बराबर होती है। मगर सत्ता पक्ष और विपक्ष में सकारात्मक चर्चा का अभाव देखा जा रहा है। लोकतंत्र में सशक्त विपक्ष का होना शुभ माना जाता है। होना यह चाहिए कि पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर राष्ट्र के लोगों को समता समृद्धि के अवसर बगैर दलीय,जातीय,पंथिक पूर्वाग्रह के उपलब्ध कराने की कार्रवाई करें। राष्ट्र को शक्तिशाली समृद्धशाली बनाने में कोताही न बरतें। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को लेकर की गई टिप्पणी से संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। अब यह कहा जा रहा है कि उन्होंने भाजपा के लोगों को लक्ष्य कर ऐसी टिप्पणी की है।संपूर्ण हिंदुओं पर नहीं की। लोकसभा भारत का हृदय स्थल है। किसी भी दल के लोकसभा व राज्यसभा के सदस्यों द्वारा भारत को आहत करने वाली टिप्पणियों को क्या जायज ठहराया जा सकता है ? उत्तर होगा नहीं। मगर ऐसा प्राय- होता आ रहा है। इतना ही नहीं, आंध्र प्रदेश के लोकसभा सदस्य असदुद्दीन ओवैसी द्वारा एक अन्य देश का नाम लेकर लोकसभा सदन में जिंदाबाद कहा गया। यह और शर्मनाक घटना है और सीधे-सीधे भारत की संप्रभुता पर हमला है। लोकसभा के भीतर और बाहर कुछ भी बोलने के विरुद्ध आचार संहिता को कठोर बनाया जाना चाहिए।*

### एक्सप्रेस आलेख

**विरोधियों को खलनायक की तरह पेश करना और उन्हें तानाशाह कहना भी संयोग नहीं है। वास्तव में, खतरनाक विचार वालों की टोली ने पहली बार लोकतांत्रिक रूप से चुने गए विश्व के शक्तिशाली नेताओं का वर्णन करने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया, जिन्हें वह नियंत्रित करने में विफल रहे (राजनीतिक रूप से)। राहुल गांधी ने भारत के चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप की मांग की थी। इसी प्रकार की अनेक झूठी बातें प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ इंडी गठबंधन ने गढ़ी हैं। कहना होगा कि वर्तमान की वास्तविकता यही है कि भारतीय लोकतंत्र वैश्विक वाम दलों के हमले से बच गया और मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए वापस आ गए, लेकिन चिंताएं अभी कम नहीं हुई हैं।**



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**आज राहुल गांधी जिस तरह से देश की जनता को झूठ बोलकर गुमराह कर रहे हैं और उनकी देखादेखी अन्य नेता भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर देश भर में भ्रम, झूठ और नफरत का माहौल खड़ा कर रहे हैं, यदि भविष्य में कुछ अनहोनी अमेरिका की तरह होती है तो उसके लिए आखिर जिम्मेदार किसे माना जाएगा।**

# ट्रंप पर हमला और मोदी-राहुल कनेक्शन

अमेरिका में सर्वोच्च पद पर बैठे लोगों को निशाना बनाकर राजनीतिक हिंसा का इतिहास पुराना है। अब तक चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों की हत्या हो चुकी है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप जब पेसिंलवेनिया में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे, तभी कम से कम पांच राउंड गोलियां चलीं। भीड़ के शोर के बीच ट्रंप अपना दाहिना कान ढंकते हुए जमीन पर लेट गए। फिर कुछ मिनट बाद सुरक्षाकर्मियों की घेराबंदी में ट्रंप खड़े हुए तो उनके दाहिने गाल पर खून की धार बहती दिख रही थी। ट्रंप खुशकिस्मत हैं जो बच गए।लोकतांत्रिक देश अमेरिका की तरह ही भारत में भी राजनीतिक हिंसा का इतिहास पुराना है। भारत ने भी समय-समय पर राजनीतिक हिंसा के शिकार हुए अनेक श्रेष्ठ, योग्य और अनुभवी लोगों को खोया है। भारत को स्वाधीन हुए अभी छह महीने भी पूरे नहीं हुए थे कि महात्मा गांधी की हत्या ने दुनिया को हिला दिया था। इस एक हत्या के बाद जैसे भारत में भूचाल आ गया, उसके बाद कई लोग राजनीतिक रूप से शिकार बनाए गए। जिसकी की सूची बहुत लम्बी है। फिर भारत जब पाकिस्तान को युद्ध के मैदान में करारी शिकस्त देकर दुनिया के सामने अपनी ताकत का लोहा मनवा रहा था, तभी वह घटना घटी जिसने एक बार संपूर्ण देश में शोक की लहर दौड़ा दी थी। दरअसल, पाकिस्तान सेना ने भारत के चंबा सेक्टर पर हमला बोला, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भारतीय सेना को पंजाब से मोर्चा खोलने का आदेश दे दिया। परिणाम यह हुआ कि भारतीय सेना ने सितंबर 1965 में लौहार तक के क्षेत्र को अपने आधीन कर लिया था, ऐसे में पाकिस्तान यूनाइटेड नेशंस के पास गुहार लगाने पहुंचा, जिसके बाद 23 सितंबर 1965 को यूएन के हस्तक्षेप के परिणाम स्वरूप भारत ने युद्धविराम की घोषणा कर दी थी और यहीं से एक नई कहानी ताशकंद की शुरुआत होती है। सोवियत संघ के तत्कालीन प्रधानमंत्री एलेक्सेई कोजिगिन ने दोनों देशों के बीच समझौते की पेशकश की थी। उन्हीं के कहने पर 10 जनवरी 1966 का दिन ताशकंद में समझौते के लिए तय किया गया और इस समझौते पर हस्ताक्षर के बाद प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 11 जनवरी की रात में रहस्यमयी परिस्थितियों में निधन हो गया। उजबेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में हुई उनकी मौत को लेकर कहा जाता है कि हार्ट अटैक से नहीं उन्हें जहर दिया गया था। उनकी मौत का रहस्य अभी भी बना हुआ है। किंतु शास्त्री की मौत ने भारत को अंदर तक हिला दिया था। इस मौत के बाद वस्तुतः स्वाधीन भारत में हुई राजनीतिक हत्याओं में तीसरा सबसे बड़ा नाम इंदिरा गांधी का है। उन्होंने पंजाब में आतंकवाद खत्म करने के लिए ऑपरेशन ब्लूस्टार चलाया, जिसमें कि आतंक का नेतृत्व कर रहा भिंडरावाला मारा गया, लेकिन उसकी परिणति यह रही कि इंदिरा प्रियदर्शनी गांधी, भारत की तीसरी प्रधानमंत्री को 31 अक्टूबर 1984 को प्रधानमंत्री निवास में उन्हीं के सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां से छलनी कर दिया। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री बने राजीव गांधी भी हत्या के शिकार हुए, उनकी हत्या के पीछे लिट्टे का हाथ होना सामने आया। इन अहम हत्याओं के साथ ही देश में कई चर्चित राजनीतिक हत्याएं होना समय-समय पर सामने आता रहा है, किंतु बात यहां जो शुरू हुई है, ट्रंप पर हुए हमले के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी- नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कनेक्शन की, तो इस बात की गंभीरता ऊपर वर्णित राजनीतिक हत्याओं और उसके लिए उकसानेवाले कारणों में खोजा जाना वर्तमान में अति आवश्यक हो गया है। वस्तुतः यह खोज हर उस स्तर पर आवश्यक है आखिर कैसे देश के सर्वोच्च पद पर बैठे किसी व्यक्ति की सुरक्षा में चूक की जा सकती है। सभी को वह दृश्य याद आता है, जिसके कि फुटेज तक मीडिया ने दिखाए कि किस तरह से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा को पंजाब में हल्के में लिया गया था । आखिर क्यों राहुल गांधी जो स्वयं आज एक जिम्मेदार पद पर बैठे हैं, वे प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आम जनता को हिंसा करने के लिए बार-बार उकसा रहे हैं। ऐसे में उनसे यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि यदि कोई अनहोनी होती है, तो क्या वे इसकी जिम्मेदारी स्वयं लेंगे वस्तुतः भारतीय जनता पार्टी के सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्रंप पर हमले की गांधी द्वारा निंदा किए जाने के बाद एक्स पर एक पोस्ट करते हुए आज सभी का ध्यान इस ओर दिलाया है, यह अच्छी बात है कि मालवीय ने इस मामले में सभी को पहले से ही आगाह किया है, यहां इनके कहे शब्दों की गंभीरता अब हम सभी को समझनी होगी। उन्होंने कहा, तीसरी बार फेल हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसा को अक्सर प्रोत्साहित किया है और उन्हें जायज ठहराया है। भारत कैसे भूल सकता है कि कांग्रेस के नेतृत्व में पंजाब पुलिस ने जानबूझकर प्रधानमंत्री की सुरक्षा से समझौता किया था, जब उनका काफिला एक फ्लाईओवर पर फंसा हुआ था। अमित मालवीय ने राहुल गांधी के पूर्व के कुछ बयानों को जोड़कर तैयार किए गए एक वीडियो को साझा करते हुए यह भी बताया है कि राहुल गांधी ने मोदी के खिलाफ तानाशाह जैसी बयानबाजी की है और ट्रंप के आलोचक डेमोक्रेट नेता और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी यही करते हैं। तो उसकी परिणति इसी प्रकार ट्रंप पर हुए हमले के रूप में होती है या भारत समेत दुनिया के किसी भी हिस्से में हुई राजनीतिक हत्या और हिंसा के रूप में सामने आती है। अमेरिका में भी आज यही सामने आ रहा है कि हत्या के प्रयास के बाद ट्रंप के कई समर्थकों ने यह महसूस किया है और वे यह खुलकर बोल भी रहे हैं कि उन (ट्रंप) के प्रतिद्वंद्वियों द्वारा उन्हें (ट्रम्प को) बदनाम किए जाने से उनके खिलाफ नफरत का माहौल पैदा हो गया है और यह नफरती माहौल पैदा किया जा रहा है।




**ट्रंप के विरोधियों ने तर्क दिया है कि लोकतंत्र (ट्रंप की वजह से) खतरे में है। यही भारत में आज प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ होता हुआ दिखाई देता है, यहां भी विपक्ष मोदी के खिलाफ संविधान खतरे में है का नारा लगाकर एक झूठा नैरेटिव गढ़ने में लगा है। जिसके कि राहुल गांधी अगुवा हैं।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 20:34 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 26:13 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | साध्य, 07:18 |
| सूर्योदयः | 05:35 |
| सूर्यास्तः | 19:18 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 15:32-17:35 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:03-12:51 |

## जन एक्सप्रेस

### है हमने ये ठाना !

*हर बात पर राजनीति ।
होकर रहने वाली ।।
चलता तेज़ दिमाग है ।
नहीं है रखना खाली ।।
काम पड़ा है ज्यादा ।
ना करना आराम ।
घटनाएं कुछ हो रहीं ।
ज्यादा अब तमाम ।।
हर पल अब कुछ नया ।
लेकर के ही आना ।।
पेश है करना वह कुछ ।
चाहे जो ज़माना ।।
होंगे कामयाब हम ।
है हमने ये ठाना ।।
लेकिन होगा बंद ना ।
रहेगा बजता गाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*जरा विचार कीजिए आपके पसंद करने न करने से मैं आदमी न रहकर छोटा जीव जंतु या चौपाया हो जाऊंगा और आपकी पसंदगी से मैं आदमी से ईश्वर हो जाऊंगा या मेरी काया महामानव में रूपांतरित हो जाएगी। ईश्वर ने मानव बना कर भेजा है मानव बन कर संसार में आए हैं तो अपनी बुद्धि और आत्मा को शुद्ध और ताजी हवा और विचारों के झोंकों से थोड़ा शुद्ध कर लो। मानव की मानव सेवा से ही परमार्थ होता है, किसी की पसंदगी या नापसंदगी से मानवीय स्वरूप बदला नहीं करता, हां ना पसंदगी, विरोध और घृणा से मस्तिष्क में मनोरोग की व्याधि जरूर पैदा हो सकती है और व्यक्तित्व स्खलित भी हो सकता है, यदि आप ऐसा सोचते हैं कि आपकी नापसंदगी से ईश्वर का दिया हुआ मेरा स्वरूप क्षणभंगुर हो वाष्पित हो जाएगा।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*लोहे के गर्म होने तक चोट करने का इंतज़ार मत करो, बल्कि चोट करके उसे गर्म करो*

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं 5 तरह के कैंसर का संकेत, लक्षणों को न करें नजरअंदाज



**आज** के समय पर लोगों की लाइफस्टाइल में बदलाव देखने को मिलता है। दरअसल, लाइफस्टाइल की वजह से ही लोगों के खानपान की आदतों में भी बदलाव आया है। काम की टेंशन के चलते लोग सही समय पर खाना नहीं खा पाते हैं, जिसका असर उनको लंबे समय के बाद देखने को मिलता है। खानपान की अनियमित आदतें और जंक फूड ज्यादा खाने की वजह से लोगों को पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आपको बता दें कि पाचन से जुड़ी कई समस्याएं कैंसर की ओर संकेत करती हैं। डाइटिशियन बताती हैं कि पाचन से जुड़ी समस्याओं के हल्के लक्षणों को आसानी से ठीक किया जा सकता है। लेकिन, यदि किसी व्यक्ति को लंबे समय से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट (पाचन तंत्र) से जुड़ी समस्याएं हैं, तो यह कैंसर का एक संकेत हो सकता है।

**आहार नली का कैंसरः** इस तरह का कैंसर आहार नली में होता है। यह नली गले से पेट तक भोजन ले जाने का काम करती है। यह महत्वपूर्ण पाचन समस्याओं का कारण बन सकता है। इस स्थिति में व्यक्ति को निगलने में परेशानी हो सकती है। रोगी को भोजन या एसिड मुंह में आने की समस्या होती है।

**पेट का कैंसरः** पेट का कैंसर, जिसे गैस्ट्रिक कैंसर भी कहा जाता है, पेट की परत में विकसित होता है। पेट के कैंसर से जुड़ी पाचन संबंधी समस्याओं में अपच, हार्टबर्न, मतली, उल्टी, भूखन न लगना और वजन का तेजी से कम होना शामिल है। यह अनुवांशिक, हेलिकोबैक्टर पाइलरी इंफेक्शन, क्रोनिक गैस्ट्राइटिस आदि कारण से हो सकती है।

**अग्नाशय कैंसरः** पैंक्रियाटिक कैंसर सीधे तौर पर पैंकियाज को प्रभावित करता है, जो पाचन और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने का काम करता है। इस प्रकार के कैंसर में व्यक्ति को पीलिया, पेट में दर्द, चिकना व पीला मल त्यागना, वजन तेजी से कम होने की समस्या हो सकती है।

**कोलोरेक्टल कैंसरः** कोलोरेक्टल कैंसर में कोलन और मलाशय के कैंसर शामिल हैं। इसमें व्यक्ति को दस्त, कब्ज, पेट में लगातार ऐंठन, गैस बनाना, मल में ब्लड का आना, आदि लक्षण देखने को मिल सकते हैं।

**लिवर कैंसरः** यह कैंसर लिवर की कोशिकाओं में शुरू होता है। इसके कई कारण हो सकते हैं। इस दौरान मरीज को पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द महसूस होता है। साथ ही, सूजन, उल्टी, आंखे पीली होना, भूख न लगना और वजन तेजी से कम होने की समस्या हो सकती है।

### एक्सप्रेस विशेष



प्रहलाद सबनानी

**जो भारतीय अर्थव्यवस्था कभी विश्व की अर्थव्यवस्था का 33 प्रतिशत हिस्सा थी वह बहुत नीचे जा चुकी थी। पर्यावरण बिखरने लगा। नालंदा जैसे विश्वविद्यालय को नुकसान पहुंचाया गया। उसकी लाइब्रेरी को जला दिया गया। इस सब के पीछे भारत को ज्ञान के स्तर पर समाप्त करने की साजिश काम कर रही थी।**

# भारतीय परम्पराओं के अनुपालन से देश बढ़ रहा आगे

**दक्षिण ने अपने आपको इस मुस्लिम आक्रमण से बहुत बचाया और इसीलिए भारत के दक्षिण भाग में आज भी समृद्ध मंदिर हैं,जो उस कालखंड के गौरव की प्रस्तुति के रूप में हमारे सामने खड़े हुए हैं। इसी कालखंड में भारत का भक्ति काल जरूर समृद्ध हुआ और उसने भारत के निवासियों को मानसिक ताकत प्रदान की। तुलसीदास की भक्ति के सामने अकबर जैसा आदमी डर गया और झुक गया।**

**भारत** जो किसी वक्त में सोने की चिड़िया रहा है जिसका किसी वक्त में वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान रहा है, उस भारत के गुलाम होने के बाद उसकी अर्थव्यवस्था को मुगलों ने एवं अंग्रेजों ने तहस-नहस किया है। भारत का सनातन चिंतन जितना अधिक शक्तिशाली था गुलामी के उस दौर में उस पर किए गए आक्रमण उसे कमजोर बनाने में कामयाब रहे। परंतु, अब समय आ गया है कि भारत के प्राचीन आर्थिक चिंतन को गंभीरता के साथ देखते हुए वर्तमान आर्थिक विकास की दृष्टि को उसके साथ सामंजस्य स्थापित करना चाहिए तभी जाकर आर्थिक विकास की दृष्टि से भारत के वैभवकाल को पुनः प्राप्त किया जा सकेगा। भारत में प्राचीन ऋषियों और मनीषियों की परंपरा एक गृहस्थ परंपरा रही है और उस गृहस्थ परंपरा में आध्यात्म के साथ-साथ सामाजिक,राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन भी जुड़ा रहा है। अपने राज्य के ऋषियों के जीवन यापन की चिंता जहां राजा की प्राथमिकता में रहता था वहीं राजा को राज्य चलाने के लिए उचित मार्गदर्शन देने का सांस्कृतिक कार्य उन ऋषि-मुनियों द्वारा किया जाता था। इसलिए उन मनीषियों का चिंतन आर्थिक दिशा में भी सदैव बना रहता था। राजा अपने राज्य का विस्तार करने के साथ-साथ उसे आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध कैसे बनाएं इसके बारे में ऋषि-मुनियों के साथ बैठकर ही राज दरबार में चिंतन होता था और राज्य आर्थिक रूप से सशक्त बन जाते थे। इसलिए भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों एवं धार्मिक पर्यटन का भारत के आर्थिक विकास पर पूर्ण प्रभाव रहा है। प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों से अर्थव्यवस्था को बल मिलता रहा है इसलिए उस कालखंड में धार्मिक आयोजन निरंतर होते रहे हैं। भारत की ऋषि परंपरा ने जन सामान्य को उन सबके साथ जोड़ कर रखा था। त्यौहारों की निरंतरता और उन्हें मनाए जाने का उत्साह भारत की तत्कालीन अर्थव्यवस्था को गति देता रहा है। आज के वक्त में भी धार्मिक पर्यटन के चलते भारतीय पर्यटन उद्योग में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा भी पिछले 10 वर्षों में भारत में विभिन्न तीर्थस्थलों को विकसित किया जा रहा है। अभी तक जो तीर्थस्थल विकसित हो चुके हैं,वहां का पर्यटन एकदम से कई गुना बढ़ गया है। वहां की आर्थिक समृद्धि बढ़ गई है। वहां के लोगों का जीवन स्तर बढ़ गया है। वहां संपत्तियों के दाम बढ़ गए हैं। इसलिए इस दिशा में सरकार अब आगे और कार्य करने जा रही है तथा कई नवीन धार्मिक कारीडोर बनाने जा रही है,क्योंकि इससे रोजगार के लाखों नए अवसर उत्पन्न होंगे। भारत की कुटुंब व्यवस्था अपने आप में एक अनूठी कुटुंब व्यवस्था है। भारत के संयुक्त परिवार विश्व के लिए आश्चर्य का विषय रहे हैं। इन दिनों संयुक्त परिवार विघटित अवश्य होते जा रहे हैं,लेकिन बावजूद उसके आपातकाल में एक दूसरे के लिए सबके एकत्र होने की जो जिजीविषा उन सबके भीतर है वह भारत में कुटुंब व्यवस्था का अनूठा स्वरूप है, तथा यह स्वरूप देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाने का काम करता है। एक परिवार में दो हाथ कमाने जाते हों और वहीं दस हाथ कमाने जाते हों, दोनों बातों का फर्क होता है। इसलिए कुटुंब व्यवस्था में एक दूसरे के लिए आपस में खड़े होने का जो व्यवहार होता है,वह व्यवहार आर्थिक चिंतन के साथ भी जुड़ कर परिवार को आगे बढ़ाने का काम करता है। भारत में प्राचीन काल से पर्यावरण को पर्याप्त महत्व दिया जाता रहा है। देश में नदियां शुद्ध रहती थी वृक्ष घने जंगलों के रूप में रहते थे और पूरा पर्यावरण शुद्ध रहता था। पूरे विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पर नदियों को,वृक्षों को,धरती को पूजा जाता है। पूरे पर्यावरण से परिवार का जुड़ाव धार्मिक रूप से रहता है। बहुत सारे व्रत और त्यौहार पर्यावरण से जुड़े हुए रहते हैं। इसलिए सनातन काल से भारत में पर्यावरण की चिंता रही है। जैविक विविधता ने भी भारत के सनातन काल को समृद्ध किया। पर्यावरण संरक्षण को उस समय में नैतिक कर्तव्य माना गया है। बाद में जब मुगलों ने भारत में शासन किया और हिंदुओं का धर्मांतरण किया तो बहुत सारी परंपराएं भी खंडित होने लगी। सनातन काल में जिस गौ माता को पूजा जाता था मुस्लिम उस गौ माता को खाने लगे। मुस्लिम शासन काल भारत के पतन और विखंडन का समय था। उनके बाद जब इस देश में अंग्रेज आ गए तो उनकी निगाह में भारतीय अपरिपक्व और मूर्ख रहे इन दोनों के समय में, मुगलों ने और अंग्रेजों न भारत को दोनों हाथों से लूटकर खाली कर दिया।

# दो लुटेरे गिरफ्तार,बैंकों के बाहर करते थे चोरी-लूट की वारदाताओ को अंजाम

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी




मोहम्मदी थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों से दो लाख 15 हजार रुपये,बाइक और तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।आरोपियों में मनोज कुमार उर्फ राहुल बस्ती और किशोर बिहार के कटिहार जिले का रहने वाला है।दोनों वर्तमान में भटपुरवा कॉलोनी थाना गोला (लखीमपुर खीरी) में रहते थे।पुलिस ने सोमवार सुबह गोमती पुल के पास से दोनों को गिरफ्तार किया। लूट की घटना के अनावरण के लिए 40 सीसीटीवी फुटेज बैंक से लेकर और आने जाने वाले रास्ते तक के खंगाले गए, जिसमें कई स्थानों से इनके फुटेज प्राप्त हुए। टीम ने विभिन्न स्थानों पर जाकर जानकारी जुटाई।दोनों आरोपी बैंकों में जाकर वृद्ध/कमजोर व्यक्ति को चिन्हित करते थे, जो पैसे निकाल रहे हों।बैंक में घुसते समय हमेशा इनमें से एक के पास कोई न कोई एक थैला रहता था, जिसमें पासबुक रहती थी, ताकि जरूरत पड़ने पर यह बता सके कि हम पैसा निकालने आए हैं। हिस्ट्रीशीटर है मनोज बैंक के ग्राहक रकम को बाइक या स्कूटी की डिग्गी में रखते थे।आरोपी मौका मिलते ही डिग्गी तोड़कर रकम निकाल लेते थे।अगर चिन्हित व्यक्ति नहीं रुका तो उससे छीन लेते थे।आरोपी मनोज बाइक चलाता था।किशोर पीछे बैठकर रकम छीनने का काम करता है।शातिर मनोज कभी भी अपने साथ मोबाइल नहीं रखता है।उसके विरुद्ध प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बहराइच, कुशीनगर, बस्ती,अयोध्या,बनारस, मऊ, बरेली आदि में लगभग 31 मुकदमे दर्ज हैं। मनोज थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती का हिस्ट्रीशीटर भी है। इसकी मां के खिलाफ भी गैंगस्टर आदि के मुकदमे हैं।आरोपी किशोर भी शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध बिहार के कटिहार व बेतिया जिले में कई मुकदमे पंजीकृत हैं और यह सजायाफ्ता भी है।एसपी गणेश प्रसाद साहा ने आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25000 रुपये से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।इन घटनाओं का हुआ खुलासा - सीतापुर के कोतवाली इलाके में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सीतापुर से दो लाख रुपये चोरी किए।- सीतापुर के कोतवाली इलाके में पक्का पुल पर मीट की दुकान के सामने से 20 हजार रुपये लूटे।- सीतापुर के कोतवाली इलाके में एसडीएम ऑफिस के पास से 20 हजार रुपये लूटे।खीरी के थाना मोहम्मदी इलाके में एचडीएफसी बैंक के बाहर ठेले के पास गोला मोहम्मदी रोड से तीन लाख रुपये से भरा थैला चोरी किया था।- खीरी के थाना मोहम्मदी इलाके में गुरुद्वारा गेट के पास से एक लाख 60 हजार रुपये छीने थे।खीरी के मितौली इलाके में कस्बा कस्ता मितौली में प्रमोद मेडिकल स्टोर के सामने 50 हजार रुपये का बैग चोरी किया।

# भू माफिया प्रकरण में अनदेखी कर रहा है सीतापुर जिला प्रशासन: किसान मंच

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



किसान मंच द्वारा भू माफियाओं के विरुद्ध पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर जिला प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई बस खानापूर्ति के लिए रश्म अदायगी की जा रही है। यह बात किसान मंच राष्ट्रीय सचिव,प्रदेश प्रभारी ने इकठ्ठा संगठन पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपने के बाद कही। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि यह कैसी विडम्बना है साक्ष्य एवं प्रमाण सहित लोनियन पुरवा कैंची पुल के आगे लोक निर्माण विभाग सहित अन्य सरकारी जमीन पर पच्चीस अवैध मकान दुकान होटल आदि निर्मित है और जिला प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता।अब अगर इस प्रकरण में जिला प्रशासन अनदेखी करेगा फिर किसान मंच सड़कों पर संघर्ष के लिए बाध्य होगा। महिला प्रकोष्ठ मंडल उपाध्यक्ष मुन्नी चौधरी ने कहा कि हमारे ससुर रामदुलारे पी डब्लू डी विभाग में चपरासी के पद पर कार्यरत थे।उन्नीस सौ बहत्तर में परिवार नियोजन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा नसबंदी प्रक्रिया में शामिल होने पर विभाग द्वारा उन्हें रहने के लिए विभागीय भूमि उपलब्ध कराई गई थी। तभी से समूचा परिवार वहीं जीवन यापन कर रहा है और जीवकोपार्जन हेतु सूखी लकड़ी का छोटा व्यवसाय चला रहा है। जिला प्रशासन अगर निर्मित भवनों को गिराकर सरकारी जमीन खाली करवाता है फिर मुझे स्वतः उस जमीन से सूखी लकड़ी हटाने में कोई आपत्ति नहीं है।मंडल उपाध्यक्ष संतोष भारती ने कहा मुझे आत्मिक कष्ट इस बात का है कि पी डब्लू डी जमीन पर निर्मित इमारतों पर कोई कार्रवाई नहीं होती और संगठन पदाधिकारी मुन्नी चौधरी की सूखी लकड़ियों हेतु बुल्डोजर का इस्तेमाल किया जाता है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष राकेश बाजपेई, डा0इस्लामुद्दीन अंसारी, शिवम् सिंह, आलोक तिवारी,कमला देवी, चमेली देवी,आरती देवी, गायत्री, विजय कुमार चौधरी, पुष्पा देवी, आशा देवी,रीता चौधरी,शील रत्न,मोहित बौद्ध,राम कुमार आर्य,उत्तम मौर्या,नीलम,विट्टो देवी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मुक्तिधाम रोड पर बनीं पुलिया बनी जी का जंजाल लोगों के घरो में भरा पानी बुरा हाल





- रोड पर बने नाले से लोगों के घरों का पानी निकलता नहीं बल्कि उल्टे आता है जिससे उत्पन्न होती है जलभराव की समस्या
- नगर पालिका परिषद व लखीमपुर देहात की ग्राम प्रधान क्षेत्र वासियों की समस्या से अंजान

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

शहर से सटा ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात की स्थिति दयनीय है कौन प्रधान है और कौन प्रधानी चला रहा क्या विकास कार्य कुछ पता नहीं बजबजाती नालियां जलभराव भीषण गंदगी पहचान बन गई है ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात की बताते चलें ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात में होते हुए एक रोड इमली चौराहे से महेवा गंज होती हुई गुजरती है।इस रोड़ के नगर पालिका परिषद के क्षेत्र में एक पुलिया का निर्माण कराया गया जो काफी समय बाद रूक रूक कर बनी जिसके नीचे सफ़ाई न होने से पानी की निकासी नहीं हो रही है और रोड पर बने नाले जिनका पानी उल नदी में पहुंचता है खास बात यह है की इन नालो का उल्टे पानी आस पास के घरो में आता है। आस पास के खाली जगह में भरता है अगर नगर पालिका परिषद अपने क्षेत्र में बारिश से पहले नालियां साफ सफाई करा दे तो जलभराव व पानी निकासी की समस्या उत्पन्न नहीं होगी और ग्राम प्रधान अपने क्षेत्र की नालियां साफ करवा दें तो जलभराव पानी निकासी की समस्या उत्पन्न नहीं होती लेकिन नगर पालिका अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहा और प्रधान सूचना के अधिकार का जवाब नहीं देती और ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण कर अपने भ्रष्टाचार का प्रमाण दे रहा लेकिन राजस्व विभाग की संलिप्तता के चक्कर में सब मौज काट रहे हैं।चाहे पंचायत भवन का मानकों विपरीत निर्माण जो अपनी बदहाली खुद बयान कर रहा है।न खुली बैठक न कोई विकास कार्य बस राम भरोसे चल रही है ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात।

# इंसानियत के लिये बेहतरीन मिसाल है इमाम हुसैन की शहादत: अली शाहबाज

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



बरवर शहादत-ए-इमाम हुसैन (अलै.) से हमें सब्र, वफा, हक और सच्चाई के रास्ते पर चलने का सबक़ मिलता है।इमाम हुसैन ने शहादत देकर इंसानियत और इस्लाम को बचाया। 61हिजरी में सुन्नते रसूल शरीयत-ए-मोहम्मदी को यजीद ने बदलने की कोशिश की।तब नवासे रसूल हजरत इमाम हुसैन ने अपने घरवालों और साथियों के साथ कर्बला में शहीद हो कर दीन-ए-इस्लाम को बचाया। इमाम हुसैन के सबसे छोटे बेटे 6 महीने के अली असग़र भी कर्बला की शहादत में शामिल थे। इमाम हुसैन ने जुल्म-सितम को सह लिया लेकिन यज़ीद के आगे सर नहीं झुकाया और यह समझाया की इस्लाम सिर्फ हुकूमत करने का नाम नहीं है, वक्त पड़ने पर कुर्बानी भी देनी होती है।शहादत-ए-हुसैन से इस्लाम भी बचा और इंसानियत भी।यही वजह है की हर कौम और मिल्लत के लोग इमाम हुसैन से मोहब्बत करते है।कुछ रवायत से यह भी मिलता है की इमाम हुसैन ने हिंदुस्तान आने की ख्वाहिश की थी शायद जिसकी वजह यह भी है की उनके चाहने वाले यहा सिर्फ़ मुस्लिम नहीं बल्कि हर धर्म के लोग है। जिसमे जोश मलीहाबादी ने एक बहुत ही शानदार शायरी कही जो आज तक बहुत पसंद की जाती है कि÷क्या सिर्फ मुसलमानों के प्यारे हैं हुसैन,चर्खे नौए बशर के तारे हैं हुसैन, इंसान को बेदार तो हो लेने दो, हर कौम पुकारेगी हमारे है हुसैन÷तमाम बातो से यह साबित होता है की इमाम हुसैन किसी एक विशेष धर्म के नहीं बल्कि हर दौर में पूरी इंसानियत के रहबर है । इस लिये यह बहुत जरूरी है की इंसानियत को बचाने के लिए कर्बला वालों का पैगाम आम किया जाये ताकी हर दौर के यज़ीद को पहचाना जा सके और ज़ुल्म के ख़िलाफ़ बुलंदी से आवाज़ उठाई जा सके।




# जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

आज जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने फरियादियों की सुनवाई गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागाध्यक्ष को दूरभाष से निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित करें। जिलाधिकारी महोदय ने विभिन्न अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि आईजीआरएस को प्राथमिकता पर निस्तारित करें, निस्तारण में देरी व लापरवाही क्षम्य नही होगी, आईजीआरएस डिफाल्टर होने पर संबंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए वेतन अवरुद्ध करने का हिदायती फरमान जारी किया। जिलाधिकारी महोदय ने भूमि विवाद, नाली विवाद आदि से संबंधित शिकायतों का राजस्व व पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग, महिला व पिछड़ा कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि पेंशन व लाभार्थीपरक योजनाओं को लाभार्थियों को बिना विलंब के पहुंचाई जाय। पेंशन आदि से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय ने विवाद से संबंधित शिकायतों को पुलिस विभाग को अंतरित कर निस्तारित करने के सख्त निर्देश प्रदान किये। जिलाधिकारी महोदय ने निस्तारित शिकायतों का फीडबैक भी समय से देने के निर्देश प्रदान किये।



# एसपी बंगला चर्च के सामने गिरा विशालकाय पेड़,10 घंटे तक रहा आवागमन बाधित

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सोमवार को शहर में सुबह तड़के आंधी आने से हिदायतनगर चौराहे के पास पुराना एसपी बंगला चर्च के सामने विशालकाय पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन रास्ता बंद हो गया। इसके साथ बिजली का खंभा भी गिर गया। इससे उस क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद हो गई। गनीमत रही कि खंभा गिरने के दौरान कोई व्यक्ति वहां मौजूद नहीं था। वहीं, तड़के करीब चार बजे से इस मार्ग से निकलने वाले लोगों के सामने संकट पैदा हो गया।बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे और सड़क पर पेड़ गिरा देख लौट गए। सोमवार दोपहर 12 बजे तक रास्ता बंद रहा। शहर का मुख्य मार्ग है। इससे पीडब्ल्यूडी के अफसरों को भी आने-जाने में दिक्कतें हो रही थीं। राहगीरों ने गंतव्य तक पहुंचने के लिए गलियों का सहारा लिया। विशालकाय पेड़ को काटकर हटाया गया। इसके बाद रास्ता खुला।

# नवनिर्मित पुलिस चौकी छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ का पुलिस अधीक्षक खीरी ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी



सोमवार को पुलिस अधीक्षक खीरी,गणेश प्रसाद साहा द्वारा गोला गोकर्णनाथ में नवनिर्मित पुलिस चौकी छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ का उद्घाटन विधिविधान से पूजा पाठ कर बच्चों से फीता कटवाकर किया गया।पुलिस चौकी छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ मंदिर परिसर के नीलकंठ मैदान पर बनी इस पुलिस चौकी पर उप निरीक्षक पद के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं तथा आगामी सावन माह व श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत पुरुष व महिला आरक्षी के साथ साथ होमगार्ड की नियुक्ति भी की गई है पुलिस चौकी को आम नागरिकों व श्रृद्धालुओं की सुरक्षा हेतु विकसित किया गया है। पुलिस चौकी के माध्यम से सावन के मेले में श्रद्धालु की निरंतर मदद की जा सकेगी,? मंदिर व मेला परिसर में सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लगातार सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जाएगी, पुलिस चौकी पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया जाएगा,
पुलिस चौकी के उद्घाटन के उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा स्थानीय पत्रकार बंधुओ से प्रेस वार्ता की गई तथा भविष्य में छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की संभावना को देखते हुए पुलिस चौकी की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा वर्ष-2023 के पिछले सावन माह मेला को सकुशल सम्पन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भूतपूर्व सैनिक,एनसीसी कैडेट एवं पुलिस वालेन्टियर (30 महिला व 70 पुरुष) को सम्मिलित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विजय शुक्ल (रिकूं),चेयरमैन नगरपालिका परिषद, -अजेन्द्र यादव,क्षेत्राधिकारी गोला, रमेश चन्द्र पाण्डेय,प्रभारी निरीक्षक गोला,सामाजिक संगठन,श्रृद्धालु आदि मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर का आयोजन किया गया



जन एक्सप्रेस । अमीरनगर खीरी

अमीरनगर क्षेत्र के ग्राम हरीनगर बाजार में संदीप वर्मा जिला पंचायत सदस्य के द्वारा एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।सीतापुर आंख अस्पताल के चिकित्सकों ने आंखों की जांच की नेत्र शिविर का शुभारंभ हरीनगर के पूर्व प्रधान मेजर सिंह वा श्याम बिहारी गौतम पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने फीता काटकर शुभ आरंभ किया इस मौके पर संदीप वर्मा जिला पंचायत सदस्य सर्वेश वर्मा (रानी लक्ष्मी बाई इंटर कॉलेज) डॉक्टर अमर सिंह सुशील कुमार संजीव कुमार नरवीर आरिफ रजा अमीरनगर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## रेलकर्मी के पुत्र ने चलती ट्रेन से कूदकर दी जान

**कछौना।** संडीला-हरदोई रेल लाइन पर एक युवक ने चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। इससे युवक की मौत हो गई। परिजनों ने युवक को मानसिक बीमार बताया है। बघौली थाना क्षेत्र के गोपार गांव निवासी रेलकर्मी गौरीशंकर मौर्य ने बताया कि 19 वर्षीय पुत्र सुधांशु मौर्य दो दिन पहले रिश्ते के साले राजीव के साथ गया काम करने गया था। सोमवार सुबह राजीव के साथ ही वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस से हरदोई आ रहा था। इससे मौत हो गई। उसका दो माह से दिमागी संतुलन ठीक नहीं था।

# मृत कोटेदार के नाम से राशन उठवाने में पूर्ति निरीक्षक निलंबित

जन एक्सप्रेस । हरदोई

संडीला तहसील के पूर्ति निरीक्षक को मृत कोटेदार के नाम से राशन उठवाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही विभागीय जांच शुरू की गई है। खाद्य आयुक्त की ओर से संडीला पूर्ति निरीक्षक सुमित कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है। आयुक्त की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि तहसील की ग्राम सभा जनसरा के राशन कोटेदार की जनवरी में मौत हो गई। उसके कार्ड को पड़ोस की ग्राम सभा कनौरा में राशन दुकान से संबद्ध कर दिया गया था। इसके बावजूद पूर्ति निरीक्षक फरवरी से जून तक जनसरा के कोटेदार के पुत्र के यहां पर राशन उतरवाते रहें। उसका वितरण भी उसके पुत्र के माध्यम से किया जाता रहा। इसकी शिकायत आवंटित कोटेदार और ग्रामीणों ने की थी। इसकी विभागीय जांच कराई गई।

# 80 घंटें बाद कस्बा और सौ गांवों में आई बिजली

जन एक्सप्रेस । हरदोई



**पाली।** बाधित बिजली आपूर्ति 80 घंटें बाद बहाल हो सकी। इससे कस्बा सहित 100 से अधिक गांवों के 22 हजार उपभोक्ताओं ने राहत मिली। आपूर्ति शुरू होते ही थाने के पास रखे ट्रांसफार्मर के तार में आग लग गई। जिस पर तत्काल काबू पाया गया। आगमपुर स्थित 132 केवीए पावर हाउस से पाली बिजली उपकेंद्र को बिजली सप्लाई होती है। गर्रा नदी में आई बाढ़ का पानी आगमपुर उपकेंद्र में शुक्रवार को घुस गया था। इसके कारण रात दो बजे से बिजली सप्लाई ठप हो गई थी। लोग भीषण गर्मी से बेहाल थे। पेयजल की भी समस्या खड़ी हो गई थी। रविवार को गर्रा नदी के जलस्तर में आई गिरावट के बाद बिजली उपकेंद्र में घुसे पानी को बाहर निकाला गया। सोमवार की दोपहर 12 बजे बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई। हालांकि दस मिनट आपूर्ति होने के बाद सवा 12 बजे से 1 बजकर 45 बजे तक डेढ़ घंटे की रोस्टिंग हो गई। दो बजे आपूर्ति सुचारू रूप से चालू हुई।

## सुबह छह से नौ कटौती बंद करने की मांग

भाजपा नेता लोकेश सैनी ने ऊर्जामंत्री को भेजे पत्र में बताया कि कस्बा को सुबह छह से नौ बजे तक बिजली कटौती से मुक्त रखा जाए। इस समय बिजली कटौती से सुबह ऑफिस व स्कूल जाने वाले छात्रों को समस्याओं का सामान करना पड़ता है।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध मे शिक्षकों का सामुहिक त्यागपत्र देने का सिलसिला हुआ शुरू

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

- विभाग ने जब से ऑनलाइन अटेंडेंस का तुगलकी फरमान जारी किया
- अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप छोड़ दिए

बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक बिना समस्याओं का समाधान किये ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में आर-पार की लड़ाई पर आमादा हो गए हैं।कल रात से अब तक अधिकांश शिक्षक, शिक्षिकाएं विभागीय व्हाट्सएप ग्रुपों से लेफ्ट हो चुके हैं।विभाग पर दबाव बढाने के लिए ब्लॉक में कार्यरत शिक्षक संकुलों ने सामूहिक रूप से अपना त्यागपत्र बी.आर.सी. कार्यालय में रिसीव करा दिया है। महमूदाबाद विकास खण्ड में कुल साठ शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक संकुल की जिम्मेदारी दी गयी थी।सभी लोग अपनी-अपनी न्याय पंचायत के प्राथमिक,उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने में अपना भरपूर सहयोग देते रहे हैं। विभाग ने जब से ऑनलाइन अटेंडेंस का तुगलकी फरमान जारी किया है तब से शिक्षक-शिक्षिकाओं में भारी रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि हम लोग ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में नहीं हैं किंतु व्यवस्था को लागू करने से पूर्व शंकाओं का समाधान आवश्यक है। शिक्षकों की मांग है कि हाफ डे लीव और तीस ई.एल. दिए बगैर यह व्यवस्था पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।अटेंडेंस विंडो विद्यालय खुलने के समय से एक घण्टे बाद तक खुली रहनी चाहिए। व्यावहारिक कठिनाइयों का होने होने तक ऑनलाइन अटेंडेंस देने से असहमति जताते हुए कुल 60 में से 52 शिक्षक संकुलों ने इस्तीफा दे दिया और अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप छोड़ दिए। त्यागपत्र देने वालों में मोहम्मद कमाल, प्रदीप कुमार, वहीदुज्जमा, मनोज कुमार, सुदिशा वर्मा, सुषमा यादव, रश्मि भट्ट,चित्रा पंवार, नरेंद्र सिंह, सतीश सोनी,ओम प्रकाश, शैलेन्द्र कुमार, हिमांशु पोरवाल, मोहम्मद हारून,जाहिदा खातून, सत्कार अवस्थी,अर्चना वर्मा, तबस्सुम जहाँ, सपना तिवारी,आशीष वर्मा, फहीम अख्तर आदि शामिल रहे।

# शारदा नदी का पानी सुरक्षित तरीके से जनपद से आगे बढ़ा, नदियों का जलस्तर हो रहा सामान्य

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



अधिशासी अभियंता शारदा प्रखण्ड सीतापुर विशाल पोरवाल ने बताया कि 01.07.2024 से 05.07.2024 तक नेपाल राष्ट्र एवं उत्तराखण्ड में हुई लगातार बारिश के कारण 08.07.2024 को शारदा नदी में बनबसा बैराज से 4 लाख क्यूसेक पानी पास हुआ था। जिसके कारण जनपद सीतापुर एवं इसके समीप के जनपदों में शारदा नदी एवं घाघरा नदी का जल स्तर अत्याधिक एवं खतरे के निशान से ऊपर चला गया था। वर्तमान में यह पानी जनपद से सुरक्षित तरीके से पास होकर आगे बढ़ गया है। नदियों का जल स्तर सामान्य हो गया है। शारदा एवं घाघरा नदी से पानी बाहर निकलना बंद हो गया है। घाघरा नदी मे नदी का बहाव दायें किनारे पर अत्याधिक होने के कारण तहसील बिसवॉ के ग्राम पंचायत गोलोक कोडर के मजरा दुर्गापुरवा में स्थित बाढ़ बचाव कार्य को दिनांक 13.07.2014 को घाघरा नदी द्वारा नुकसान पहुंचाया गया था, जिसे कल सुबह सूचना मिलते ही तत्काल कार्य शुरू करा दिया गया है। गेबियन रोप में बालू की बोरिया भरकर एवं बम्बू क्रेट में बालू की बोरियां भरकर स्ट्ड को मजबूत किया जा रहा है। सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर मोके पर उपस्थित है, उनकी उपस्थित में आवश्यक कार्य कराये जा रहें है, वर्तमान में स्थिति नियन्त्रण में है। स्थल की सतत निगरानी की जा रही है।

# गोरखपुर में बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण, पलायन को मजबूर

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जनपद में पिछले दो दिनों से बाढ़ ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। राप्ती, गोर्रा, आमी, रोहीन, और कुआनो नदियों में जलस्तर बढ़ने से ये नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं और बाढ़ से प्रभावित परिवार अपने घर-बार छोड़ शिविरों या सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। शहरी इलाकों में भी पानी घुसना शुरू हो गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

**✻ बोले ग्रामीण- हर साल होता करोड़ों रुपए खर्च पर नहीं किया जाता स्थाई समाधान**





## बाढ़ से निपटने का समुचित प्रबंध है, विभाग सतर्क

आपदा प्रबंधन विभाग के मनोज गुप्ता ने कहा कि राप्ती सहित सभी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राप्ती का जलस्तर खतरे के निशान से 1 मीटर ऊपर था। आगामी दिनों में नेपाल से छोड़ा जाने वाला पानी नदियों के जलस्तर को और बढ़ा देगा। फिलहाल, राहत शिविरों में शरणार्थियों के रहने की समुचित व्यवस्था की गई है। बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए नाव लगाई गई है। एनडीआरएफ की टीम हर जगह तैनात है और डीएम के आदेश पर अधिकारियों द्वारा राहत सामग्री बांटी जा रही है। इसके साथ ही जगह-जगह चिकित्सा शिविर भी लगाए गए हैं, ताकि आपात स्थिति से निपटा जा सके।

## प्रशासन के दावे पर बोले ग्रामीण, हो स्थाई समाधान

वहीं प्रशासन का कहना है कि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं और स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है जबकि गोरखपुर और इसके आस-पास के 27 गांव बाढ़ प्रभावित हो गए हैं, जिनमें नौसढ़ के पास के मंझरिया और तकिया जैसे दर्जनों गांव शामिल हैं जहां घरों में पानी घुसने के कारण ज्यादातर लोग पलायन कर चुके हैं। नौसढ़ के ग्रामीणों का कहना है कि यह हर साल की कहानी है। बरसात शुरू होते ही नेपाल से पानी छोड़ा जाता है, जिससे राप्ती नदी में उफान आ जाता है और गांवों में बाढ़ का असर दिखाई देता है। पानी घुसने की वजह से लोग सुरक्षित स्थानों पर चले जाते हैं। प्रशासन की ओर से राहत सामग्री मिल जाती है और सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन हो जाता है। गांव के युवक ने कहा कि अब तो बाढ़ की आदत सी हो गई है और हमारे मकान जर्जर होते जा रहे हैं। वहीं, तकिया की महिलाओं ने कहा कि बाढ़ से सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, छोटे बच्चों और जानवरों को होती है। पानी के कारण सांप और जहरीले कीड़ों का डर बना रहता है और चारा न मिलने से जानवरों को भी दिक्कतें होती है।, घरों में पानी घुस चुका है और सरकार द्वारा बनाए गए राहत शिविरों में रह रहे हैं। प्रशासन की ओर से राहत सामग्री मिली है, लेकिन इससे स्थाई समाधान नहीं होता। महिलाओं ने कहा कि सरकार हर साल करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा करती है, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण उन्हें हर साल बाढ़ का सामना करना पड़ता है।

# निवर्तमान डीएम अखण्ड प्रताप सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

जन एक्सप्रेस। देवरिया



जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह के स्थानांतरण होने पर सोमवार को विकास भवन के गांधी सभागार में राजस्व व विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा निवर्तमान डीएम अखण्ड प्रताप सिंह को माला पहनाकर, बुके देकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर किया। उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा नवागत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के संयुक्त संयोजन में विदाई समारोह आयोजित कर निवर्तमान जिलाधिकारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि स्थानांतरण सर्विस का एक अभिन्न अंग है। अपने लगभग एक वर्ष से अधिक कार्यकाल के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताया। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनकी कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेरी जगह आईं नवागत डीएम दिव्या मित्तल कर्मठ, अनुभवी एवं व्यापक दृष्टिकोण की अधिकारी है। इनकी कर्मठता से जनपद में विकास के कार्य को और गति मिलेगी।

## नवागत डीएम ने निवर्तमान डीएम को दी शुभकामनाएं

नवागत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि इस सम्मारोह में सभी अधिकारियों के द्वारा निवर्तमान जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह के बारे में किए गए कार्यों को बताया गया है और आगे भी सभी कार्यों से मुझे अवगत कराते रहे, जिससे कोई भी काम अधूरा न रहे। अक्सर देखा जाता है कि किसी भी जिलाधिकारी का स्थानांतरण हो जाने से वहां का कार्य बाधित होता है। इनके द्वारा किए गए कार्यों के अनुरूप उसी दिशा में हम लोग आगे भी कार्य करेंगे। जिलाधिकारी श्री सिंह से भी अपेक्षा है कि देवरिया का भी ध्यान रखेंगे तथा मार्गदर्शन देते रहेंगे। उन्होंने निवर्तमान जिलाधिकारी को नयी जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाए दी।

## एसपी, सीडीओ ने कसे निवर्तमान डीएम के सम्मान में कसीदे

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने जिलाधिकारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में पुलिस और प्रशासन का बढ़िया सामंजस्य रहा और जनपद में लोक सभा चुनाव कुशल और शांतिपूर्ण ढंग संपन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सीडीओ के पद पर पहली पोस्टिंग में यहां जिलाधिकारी के पॉजिटिव आइडिया और नए-नए सजेशन से बहुत कुछ सीखने को मिला। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि हर समस्याओं के निवारण में जिलाधिकारी मार्गदर्शन देते रहे है। लोकसभा का चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप इनके कार्यकल में संपन्न हुआ कोई दिक्कत नहीं हुई।

# शेरगढ़ गांव में बाढ़ राहत सामग्री का तहसीलदार सदर ने किया वितरण

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



बाढ़ प्रभावित शेरगढ़ गांव में सदर तहसीलदार द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्राम वासियों में बाढ़ राहत सामग्री वितरित किया गया। बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त ना होने पाए ग्राम वासियों को राहत सामग्री समय-समय पर मिलता रहे। उन्हें खाने पीने की वस्तु प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं ।सोमवर को सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह शेरगढ़ में पहुंचकर राहत सामग्री वितरण किए। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने समस्त एसडीएम व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि अपने-अपने तहसील अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत सामग्री के साथ-साथ ग्राम वासियों को आने-जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में नाव उपलब्ध रहे। ताकि ग्राम वासियों को आने-जाने के लिए किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए जिसके अनुपालन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के निर्देश पर सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह शेरगढ़ में कैंप लगाकर ग्राम वासियों को खाने की वस्तुएं दाल, आटा ,चावल ,नमक, माचिस तेल ,आलू ,प्याज ,लाई ,लाइफ जैकेट उपलब्ध कराई गई। बाढ़ आने पर सुरझित स्थान पर लाइफ जैकेट पहन कर जा सके तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह ने अपने समस्त लेखपाल और कानूनगों को निर्देशित किया है कि बराबर गांव में कैंप करें अगर बाढ़ की स्थिति विकराल होने की संभावना होती है तो तत्काल सूचित करें जिससे ग्राम वासियों को राहत शिविर में पहुंचाया जा सके कोटेदारों और ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित गांवों में राशन की उपलब्धता निरंतर बनी रहे।

# नेपाल के पानी से घोंघी नदी में उफान दर्जनों गांवों की सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद




जन एक्सप्रेस। महराजगंज-कोल्हुई/बृजमनगंज

अधर में लटके राजपुर दौलतपुर बांध के पूर्ण न हो पाने से विकास खण्ड बृजमनगंज के दर्जनों गांव में सैलाब की स्थिति हो गई है। जबकि महराजगंज-सिद्धार्थनगर को बांटने वाली घोंघी नदी अब उफान पर हो गई है।

फलस्वरूप महुआ नाला से बाढ़ का पानी सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद कर चुका है। जबकि बारिश का पानी दर्जनों गांवों में भर जाने से खेत में रोपाई किए हुए धान के पौधे डूबे हुए हैं। निरंतर तेज बारिश से सीमा वर्ती क्षेत्र के मंगलपुर, लबदहा, जिगिनिहा, केशौली, सेमरहना, सेमरहनी धरैचा, धरैची, खड़खोड़ा, खड़खोड़ी, सहजनवा बाबू और उसके टोले गुजरौलिया समेत एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी भर गया गया है। राजपुर दौलतपुर बांध के गैप छोड़े गए स्थानों से बाढ़ का पानी क्षेत्र में भरता जा रहा है। जिस से किसानों की सैकड़ों एकड़ खेती प्रभावित हो सकती है।

किसानों का बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, परंतु जिला प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा है।

# बुआ घर आई नाबालिग को भगा ले गया सरफिरा युवक

जन एक्सप्रेस। महराजगंज




जनपद के फरेंदा थाना क्षेत्र के एक गांव मे बुआ के घर आई नाबालिग लड़की को एक शातिर युवक भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है जिसके बाद पीड़ित मां ने अपनी लड़की की बरामदगी को लेकर थाने में गुहार लगाई है।

मिली जानकारी अनुसार संतकबीर नगर निवासी एक नाबालिक लड़की फरेंदा थाना क्षेत्र निवासी अपने बुआ के यहां रिश्तेदारी मे आई थी, अचानक बुआ ने एक दिन किसी लड़के से बात करते हुए पकड़ लिया, और अपने भाई से शिकायत कर दी। बीते मंगलवार को लड़की जब घर पर अकेली थी तो लड़की के ही गांव संतकबीरनगर निवासी शातिर आकाश कन्नौजिया आया और नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित मां ने स्थानीय थाने मे तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। फरेंदा पुलिस मामले मे मुक़दमा दर्ज कर आरोपित की तलाश मे जुटी है।

## टेंपो पलटने से पांच महिलाओं सहित छह घायल

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी।** खामपार थाना के भिनगारी बाजार के पास रविवार की दोपहर एक टेंपो पलटने से पांच महिलाओं सहित छह लोग घायल हो गए। सभी का उपचार भाटपाररानी पीएचसी में कराया गया। इलाज के बाद वे घर चले गए। एक धार्मिक कार्यक्रम से टेंपो से कुछ लोग लौट रहे थे। भिंगारी बाजार के पास टेंपो पलटने से छह लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला तथा भाटपार रानी पीएचसी पहुंचाया। उधर चालक टेंपो को कुछ लोगों से सीधा कराने के बाद फरार हो गया। घायलों में पूनम (22) पुत्री अपरबल निवासी ग्राम रनीहवा थाना गौरी बाजार, किशन (12) पुत्र विनोद, रानी (15) व कविता (19) पुत्री विनोद एवं सुमन देवी (50) पत्नी महंत निवासीगण बांसी थाना गौरी बाजार तथा किरण देवी (35) पत्नी प्रभु निवासी बैतालपुर देवरिया शामिल हैं। थाना अध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि उन्हें इस घटना की कोई सूचना नहीं है। पता कराते हैं।

## पुलिस को बिसरा रिपोर्ट का इंतजार, मेडिकल रिपोर्ट की जांच कर रही पुलिस

**जन एक्सप्रेस/देवरिया/बैतालपुर।** देवरिया में सभासद के पति की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों ने शव रखकर प्रदर्शन किया। परिजनों के प्रदर्शन पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। पुलिस को बिसरा रिपोर्ट का इंतजार है। इधर पुलिस सभासद पति के मेडिकल रिपोर्ट आदि की जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। बता दें कि नगर पंचायत बैतालपुर के गांधीनगर वार्ड संख्या-13 की सभासद संगीता देवी के पति उपेंद्र सिंह की तबीयत दो जुलाई की रात बिगड़ने पर देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

# स्कूली बच्चों ने निकाली स्कूल चलो जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। चौरी चौरा




ब्रह्मपुर ब्लॉक के ग्राम सभा मठिया में उच्च प्राथमिक विद्यालय मठिया के छात्रों ने स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग से बचाव के तहत एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली को तहसीलदार निशा श्रीवास्तव और प्रधानाध्यापक बैजनाथ गोंड ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय पर समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्रों ने ग्राम वासियों को स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया। तहसीलदार निशा श्रीवास्तव ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। उन्होंने कहा, **पेड़ काटने में घंटे का समय लगता है जबकि पौधा रोपण चंद सेकंड का काम है। हमें पेड़ों की घटती संख्या को बढ़ाकर पर्यावरण को बचाना है।**

## पौधरोपण का बच्चों को दिलाया जाता है संकल्प

प्रधानाध्यापक बैजनाथ गोंड ने बताया कि विद्यालय कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता के प्रति अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा, विद्यार्थियों को जन्मदिन पर पौधरोपण का संकल्प दिलाया जाता है। वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है, और हमें वृक्षों की संख्या बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक आसनारायण गोंड, सहायक अध्यापिका गरिमा गौतम, रसोईया शांति देवी, सरस्वती देवी, आंचल, नैना देवी, रामप्रीत और अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर अभियान की सफलता में योगदान दिया।

# फरेन्दा के शिक्षकों ने संकुल पद से दिया सामूहिक इस्तीफा

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज



ऑन-लाइन हाजिरी के विरोध में फरेन्दा क्षेत्र के शिक्षक संकुल ने सोमवार को सामूहिक त्यागपत्र देकर , अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अड़ गए हैं। संकुल शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश उन पर जबर्दस्ती थोपा जा रहा है।

जहां ऑनलाइन हाजिरी का आदेश कर शासन द्वारा शिक्षक संकुल से अन्य गैर विभागीय कार्य भी लिया जा रहा है। शिक्षकों ने कहा कि बिना किसी शिक्षक से सहमति लिये जबर्दस्ती उनको संकुल का प्रभार दिया गया और विद्यालय समय के बाद उनको अन्य गैर शैक्षणिक कार्यो में विभाग द्वारा लगा दिया जाता हैं। जिससे शिक्षक संकुल को प्रतिवर्ष दिये जाने वाले मोबिलिटी भत्ता भी सभी को समय से नही मिल पा रहा है। इस दौरान शिक्षक संगठनों के आह्वान पर सभी शिक्षक संकुल ने एक स्वर में कहा कि हम ऑनलाइन हाजिरी का समर्थन तब तक नही करेंगे जब तक हमारी मांगे शासन द्वारा पूरी न हो जाए। मांगो में 15 हाफ आकस्मिक अवकाश, 30 ई एल, कैशलेस चिकित्सा एवं राज्यकर्मियों को प्रदान किये जाने वाली समस्त सुविधाएं शिक्षकों को भी दिया जाए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विजय प्रताप पांडेय, तहसील प्रभारी प्रद्युम्न सिंह, यूपीपीएसएस अध्यक्ष गौस आजम, अनुदेशक संघ के जिला संरक्षक नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी एवं शिक्षक संकुल अरविन्द कुमार गौड़, अजय कुशवाहा, रितेश राय, बेचू विश्वकर्मा, दुर्गेश पांडेय, राजन गुप्ता, उमेश चन्द, अनिल कुमार, अवधेश सिंह, रामकिशोर, आशालता, संगीता, आशा देवी, सुनीता देवी आदि शिक्षक संकुल मौजूद रहे।

# गोरखपुर से देवघर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 20 से 20 तक होगी संचालित



जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा श्रावणी मेला के मेला यात्रियों की सुविधा हेतु 05028 गोरखपुर-देवघर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का संचलन 20 जुलाई से 20 अगस्त, 2024 तक तथा 05027 देवघर-गोरखपुर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का संचलन 21 जुलाई से 21 अगस्त, 2024 तक 32 फेरों के लिये किया जायेगा। 05028 गोरखपुर-देवघर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 20 जुलाई से 20 अगस्त, 2024 तक प्रतिदिन गोरखपुर से 20.00 बजे प्रस्थान कर चौरी-चौरा से 20.27 बजे, देवरिया सदर से 21.13 बजे, भटनी से 21.40 बजे, मैरवा से 22.10 बजे, सीवान से 22.40 बजे, एकमा से 23.22 बजे, दूसरे दिन छपरा से 00.15 बजे, दिघवारा से 00.47 बजे, सोनपुर से 01.10 बजे, हाजीपुर से 01.25 बजे, देसरी से 01.55 बजे, शाहपुर पटोरी से 02.17 बजे, बछवारा से 02.40 बजे, बरौनी से 03.20 बजे, बेगूसराय से 03.42 बजे, साहिबपुर कमाल से 04.22 बजे, मुंगेर से 05.20 बजे, सुल्तानगंज से 07.20 बजे, भागलपुर से 09.33 बजे, बरहट जं0 से 10.50 बजे तथा बांका से 12.08 बजे छूटकर देवघर 13.10 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05027 देवघर-गोरखपुर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 21 जुलाई से 21 अगस्त, 2024 तक प्रतिदिन देवघर से 14.00 बजे प्रस्थान कर बांका से 14.57 बजे, बरहट से 15.18 बजे, भागलपुर से 16.05 बजे, सुल्तानगंज से 16.30 बजे, मुंगेर से 17.20 बजे, साहिबपुर कमाल से 17.52 बजे, बेगूसराय से 18.20 बजे, बरौनी से 19.25 बजे, बछवारा से 19.37 बजे, शाहपुर पटोरी से 20.17 बजे, देसरी से 20.40 बजे, हाजीपुर से 21.20 बजे, सोनपुर से 21.32 बजे, दिघवारा से 22.02 बजे, छपरा से 23.10 बजे, एकमा से 23.34 बजे, दूसरे दिन सीवान से 00.10 बजे, मैरवा से 00.30 बजे, भटनी से 01.10 बजे, देवरिया सदर से 01.35 बजे तथा चौरी-चौरा से 02.20 बजे छूटकर गोरखपुर 03.00 बजे पहुंचेगी। उक्त गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 8, साधारण द्वितीय श्रेणी के 8 तथा एसएलआर के 2 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## नगर निवासी हो जाएं सावधान, 24 घंटे बिजली रहेगी बाधित

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** नगर पंचायत आनन्दनगर के निवासियों के लिए आने वाला 24 घंटा थोड़ा कष्टदायक होगा क्योंकि 24 घंटे के लिए नगर पंचायत आनन्दनगर के लोग बिजली से वंचित रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत आनन्दनगर में स्थित उपकेंद्र आनन्दनगर तहसील पर 5एमवीए पावर का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जिससे बिजली सप्लाई आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं हो पा रही थी ऐसे में ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि होना है। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-11 आनन्दनगर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि ग्रीष्मकालीन दृष्टिगत आनन्दनगर तहसील उपकेंद्र एवं जुड़े नगर पंचायत क्षेत्र आनन्दनगर में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र आनन्दनगर तहसील पर स्थापित 5एमवीए पावर ट्रांसफार्मर का क्षमता वृद्धि कर 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर स्थापित करने का कार्य 16 अगस्त दिन मंगलवार को समय सुबह 9 बजे से 17 अगस्त बुधवार सुबह 9 बजे तक 24 घंटे तक आनन्दनगर तहसील विद्युत उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों आनन्दनगर टाउन, कोल्ड स्टोरेज, नगर पंचायत क्षेत्र आनन्दनगर से जुड़े क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# एक साथ हुआ मां-बेटे का दाह संस्कार, पुलिस की पहरेदारी रही सख्त

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर, महराजगंज



पुलिस की निगरानी में हुई मां और बेटे के शव का अंतिम संस्कार। फरेंदा सर्किल के बृजमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा कानापार उर्फ रामनगर धानी बाजार में शनिवार की बीती रात मां बेटे की हत्या हो गई थी। इस जघन्य कुकृत्य से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है जिससे पूरा धानी बाजार का माहौल गर्म है। कोई अनहोनी घटना न घटे इसको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशों पर फरेंदा सर्किल के पुलिस की पहरेदारी में बेटा शौर्य मां विजय लक्ष्मी उर्फ रिंकी का दाह संस्कार धानी के राप्ती नदी पर किया गया। इस हृदय विदारक दृश्य को देखकर कातिल का पिता चिता में आग लगाते समय फफक पड़ा जिससे पूरा माहौल गमगीन हो गया है।जिसको लेकर धानी बाजार की गलियों में कातिल पति के दुस्साहस की चर्चा जोरों पर है। मां बेटे के हुए निर्मम हत्या को लेकर पूरे क्षेत्र में मातरम पसरा हुआ है। बहरहाल पुलिस मां और बेटे के हत्यारे को पड़ने के लिए अगल अलग जगहों पर तलाशने में जुटी हुई हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वृजमनगंज श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से दोनों शव का अंतिम संस्कार किया गया। आरोपी को पकड़ने में पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार तलाश कर रही है।

# केंद्र व राज्य कर्मचारी संघ आज सौंपेगा 10-10 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर




प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा ने सोमवार को डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ भवन पर एक गेट मीटिंग कर सरकार से अपनी मांगे पूरी करने का अनुरोध किया, बैठक की अध्यक्षता डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजीनियर राम समुझ और संचालन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव और विशिष्ठ अतिथि पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय उपस्थित रहे।

कर्मचारी नेताओं ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर दस -दस सूत्रीय केंद्र व राज्य सरकार से मांगो को लेकर कल 16 जुलाई को जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं वित्त मंत्री भारत सरकार तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को ज्ञापन दिया जायेगा उसी को सफल बनाने के लिए हम सब गेट मीटिंग कर रहे हैं और मांगे पूरी होने तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

विशिष्ठ अतिथि पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने बताया कि सोमवार को वित्त मंत्रालय में अपरान्ह 3 बजे नेशनल काउंसिल स्टाफ साइड के लीडर डॉक्टर एम राघवैया और कामरेड शिव गोपाल मिश्र की अध्यक्षता में बैठक थी, जिसमे सभी विभागों के सीनियर लीडर मौजूद रहे। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि हम सभी निम्न मांगो का ज्ञापन प्रधानमंत्री, व वित मंत्री भारत सरकार को तथा मुख्यमंत्री उप्र को भेजेंगे ।

इस दौरान रूपेश कुमार श्रीवास्तव मदन मुरारी शुक्ल ई0 राम समुझ राजेश सिंह ई0 राम किशुन वरूण वर्मा बैरागी पण्डित श्याम नारायण शुक्ल अशोक पांडेय कृष्ण मोहन गुप्ता अनूप कुमार इजहार अली रामधनी पासवान जामवंत पटेल फुलई पासवान ओंकार नाथ राय प्रभु दयाल सिन्हा सुभाष पांडेय सौरभ श्रीवास्तव इंदजीत दूबे रामदेव बिकाऊ छोटेलाल और पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ से विनोद राय दीपक चौधरी देवेश सिंह ईश्वर चन्द विद्यासागर अभय तिवारी सहित तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### श्रेष्ठा छात्रवृति परीक्षा में चयनित छात्रों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** सीकरी ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय नाजिर पुरा में इस वर्ष श्रेष्ठा छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित विद्यालय के चारों छात्रों जिनमें विश्वेंद्र पुत्र रघुवीर, सुनील पुत्र संजय, कुमकुम पुत्री अशोक, दीपक पुत्र तारा चंद का स्वागत करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। उनको उपहार भेंट किए गए। बाकी छात्रों को भी ऐसी उपलब्धियों के लिए प्रेरित किया गया। प्राथमिक विद्यालय पंचक्की द्वारा भी छात्रों को उपहार दिए गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भरत सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय नाजिरपुरा से नित्य किशोर उपाध्याय , रोजी अरोड़ा और योगेंद्र सिंह वर्मा प्राथमिक विद्यालय पंचक्की से लक्ष्मी, पिंकी और भगवान सिंह के साथ अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे।

### खेरागढ़ कस्बे में बस स्टैंड निर्माण को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कस्बे में सरकारी बस स्टैंड न होने की पुरानी समस्या है। बस स्टैंड न होने से आम जन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कस्बे में बस स्टैंड के निर्माण की मांग को लेकर समाजसेवियों ने जिलाधिकारी आगरा के नाम एसडीएम खेरागढ़ संदीप यादव को ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी हरीश त्यागी ने बताया कि वर्तमान समय में अस्थाई रूप से बस स्टैंड कस्बे के पुराने हॉस्पिटल में संचालित हो रहा है। पुराने हॉस्पिटल की जमीन को परिवहन विभाग को हस्तांतरित करके इसमें ही बस स्टैंड का निर्माण किए जाने की मांग ज्ञापन में की है क्योंकि बस स्टैंड कस्बे में ही रहता है तो व्यापारी, आगरा आने जाने वाले छात्र छात्राओ, आगरा काम करने वाले लोगों को सुरक्षा और सहूलियत रहेगी। बस स्टैंड निर्माण की मांग को लेकर बार एसोसिएशन, समस्त सभासद, व्यापारी, छात्र छात्राएं, मजदूर वर्ग सभी एक साथ हैं।

### दो बाइकों की आमने-सामने की भिंडत में एक की मौत, दो घायल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** सोमवार सुबह जगनेर क्षेत्र के तांतपुर मार्ग पर किवाड़ नदी के पुल के पास आमने सामने की भिड़ंत में दो बाइके आपस में भिड़ गई। भिड़ंत में एक व्यक्ति करीब 45 वर्षीय अशोक पुत्र मोती निवासी ग्राम जोगीपुरा की मृत्यु हो गई और उसकी करीब 18 वर्षीय पुत्री कृष्णा और दूसरा बाइक सवार करीब 35 वर्षीय मुरारी पुत्र ओमवीर निवासी बामानीपुरा अलवर राजस्थान घायल हो गए। मौके पर थाना पुलिस पहुंच गई और घायलों को सीएचसी जगनेर भेजा जहां से घायलों आगरा रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी मदन सिंह ने बताया कि एसएन हॉस्पिटल में घायल अशोक की मृत्यु हो गई। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने डिजिटल अटेंडेस के विरोध में की सभा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की कार्य समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ देवी सिंह नरवार व जिला संघर्ष समिति के जिला संयोजक मनोज कुमार व शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने डिजीटल अटेंडेंस के विरोध में जवाहर इंटर कॉलेज रामनगर खंदौली में एक सभा की साथ ही राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बरहन, जनता इंटर कॉलेज एत्मादपुर, विमला देवी इंटर कॉलेज, कुबेरपुर में समर्थन जुटाया संगठन ने डिजीटल अटेंडेंस से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया।

# 109 शिक्षकों ने दिया इस्तीफा

## डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में 7 दिन से आंदोलन कर रहे, खंड शिक्षाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का ऑनलाइन अटेंडेंस का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। अभी तक काली पट्टी और ज्ञापन देकर शिक्षक विरोध जता रहे थे। मगर, अब शिक्षकों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की पेशकश कर दी है। एत्मादपुर, बाह और फतेहाबाद संकुल के 109 शिक्षकों ने खंड शिक्षाधिकारी को पुरानी मांग और ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में सामूहिक इस्तीफा सौंपा। डिजिटल उपस्थिति के विरोध में सातवें दिन भी शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन व बहिष्कार जारी रहा। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन व प्राथमिक शिक्षक संघ के द्वारा प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जा रहा है। विरोध के चलते शिक्षक लगातार विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप से लेफ्ट हो रहे हैं। जनपद के करीब 2 हजार शिक्षकों ने अपने आपको विभागीय व्हाट्सएप्प ग्रुप से बाहर कर लिया है इसी क्रम में प्रतिनियुक्ति के पदों से त्यागपत्र का भी सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को ब्लॉक एत्मादपुर के 40, फतेहाबाद के 44 व बाह के 25 संकुल शिक्षकों ने अपने पद से इस्तीफा खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंप दिया। यूटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के द्वारा की गई विभागीय असहयोग की अपील से अवगत कराते हुए उनसे प्रतिनियुक्ति के पद यथा- ए.आर.पी. व शिक्षक संकुल के पद से तत्काल त्यागपत्र देने का अनुरोध किया। जिला महामंत्री राजीव वर्मा ने बताया है कि पदाधिकारियों की ब्लॉकवार टीम गठित कर दी गयी हैं। आगामी तीन दिन में टीम के सदस्य जनपद भर के सभी संकुल शिक्षक से त्यागपत्र दिलवाने का प्रयास करेंगे। वहीं संगठन के जिलाध्यक्ष केशव दीक्षित के नेतृत्व में आगामी तीन दिनों में जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि जब तक शिक्षकों को 30 ईएल, हाफ सीएल, प्रतिकर अवकाश इत्यादि आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती तबतक शिक्षक डिजिटल उपस्थिति कदापि नहीं देंगे।

उन्होंने शिक्षाधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि यदि शिक्षकों को विभागीय कार्यवाही का भय दिखाकर मानसिक दबाव डालकर ऑनलाइन उपस्थिति के लिए टॉर्चर किया तो परिणाम ठीक नहीं होंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश दीक्षित ने बताया कि शिक्षकों ने संगठन के आवाह्न पर काली पट्टी बांधकर लगातार विरोध प्रदर्शन जारी रखा है और कहा कि तब तक केवल शिक्षकों उपस्थिति की दोहरी व्यवस्था खत्म नहीं होगी, डिजिटल उपस्थिति बहिष्कार जारी रहेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ की पहल पर विकास खंड फतेहाबाद में, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ फतेहाबाद के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा एवं ब्लॉक कोषाध्यक्ष बिंदु यादव के नेतृत्व में फतेहबाद के 44 संकुल शिक्षकों ने अपने संकुल प्रभारी पद से इस्तीफा दिया। अभी अन्य संकुल शिक्षकों द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तीफा दिए जाने का मन बना लिया है।

## आगरा में कांग्रेसियों ने निकाला पैदल मार्च

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने पैदल मार्च निकालकर नगर निगम में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस का आरोप था कि लोगों से मनमाना हाउस टैक्स वसूला जा रहा है। जलभराव से पूरा शहर तालाब बना है। पार्किंग के नाम पर गुंडई की जा रही है। नगर निगम में लोगों की समस्याओं की सुनवाई न होने को लेकर सोमवार दोपहर को कांग्रेस कार्यकताओं ने हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एमजी रोड से पैदल मार्च निकाला। नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। सभी कार्यकर्ता नगर निगम परिसर में पहुंचे। यहां पर धरने पर बैठ गए। शहर अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि जनता नगर निगम से परेशान हैं। लोगों पर मनमाने तरीके से हाउस टैक्स लगा दिया गया है। किसी को 10 हजार तो किसी को 20 हजार का बिल भेज दिया है। हाउस टैक्स का कोई मानक नहीं है। इसके अलावा दूसरी बड़ी समस्या संजय प्लेस में पार्किंग की है। पार्किंग वसूली के नाम पर गुंडागर्दी हो रही है। लोगों की बाइकों को जबरन उठाया जा रहा है।

## नवागत मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने संभाला कार्यभार

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**



जनपद की नवागत मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने सोमवार को विकास भवन पहुंचकर अपने कार्यभार का निर्वहन शुरु कर दिया। हालांकि उन्होंने पदभार बीते शुक्रवार को ही ग्रहण कर लिया था। लेकिन छुट्टी पड़ जाने के कारण वह पूर्ण रूप से विकास भवन कार्यालय में नहीं बैठ सकीं। आपको बता दें कि सोमवार को ज़ब वह विकास भवन पहुंचीं तो नवागत सीडीओ से मिलने के लिए विकास भवन के अधिकारी से लेकर अन्य विभाग के अधिकारी भी उनके स्वागत में पहुंचे।

कुछ अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान आईएस प्रणता ऐश्वर्या बारी -बारी से अधिकारियो से मुलाक़ात कर उनसे परिचय ली।वही सीडीओ ने बताया की वह 2019 बैच की आईएस अधिकारी है। अम्बेडकर नगर में उनकी सीडीओ के पद पर दूसरी पोस्टिंग है।

उन्होंने कहा की इसके पहले उनकी पोस्टिंग इटावा जिले में सीडीओ के पद पोस्टिंग हुई थी।वहाँ करीब उनका कार्यकाल डेढ़ साल का रहा। उसके बाद अपर प्रबंधक निदेशक यूपीएसआरटीसी के पद पर अपनी सेवा दी है। वहाँ से अब अम्बेडकर नगर की सीडीओ बनाई गई हूँ। उन्होंने अपनी शिक्षा के बारे में ज़ानकरी साझा करते हुए बताया कि पटना से लेकर केरल व अन्य जगहों से पढ़ाई की है। उन्होंने अपना मूल निवास पटना बताया है। सीडीओ ने कहा कि शासन की योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने की पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही कार्यालय दिवस में आए सभी फरियादियों कि फरियाद सुनी जाएगी।

## कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने को हैं मजबूर स्कूली बच्चे, जिम्मेदार जानकर बने अनजान

**जन एक्सप्रेस। लंभुआ/सुलतानपुर**



जहां एक तरफ सरकार गड्ढा मुक्त सड़क को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है वहीं विकास खण्ड लंभुआ क्षेत्र अंतर्गत शिवगढ़ बाजार से ग्राम मलाक तुलापुर जाने वाला मुख्य संपर्क मार्ग बहुत दिनों से खराब पड़ा हुआ है तथा इस समय बरसात के मौसम में रास्ते मे कीचड़ व पानी भर जाने से लोगों को आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है।विशेष रूप से स्कूल के अध्यापकों एवं बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रास्ते में कीचड़ व पानी फैले होने के डर से छोटे-छोटे बच्चे बिना जूता-मोजा पहने ही विद्यालय आने-जाने के लिए मजबूर हैं,अक्सर बच्चे फिसल कर गिर भी जाया करते हैं इससे उनके कपड़े और बस्ते खराब हो जाते हैं और घायल भी हो जा रहे हैं।इस मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी के बच्चे व कई गाँव के हजारों लोगों का 24 घंटे आना जाना लगा रहता है। स्थानीय गांव के लोगों का कहना है कि कई बार प्रधान और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है फिर भी सड़क को दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है।

## सवा करोड़ की लागत से बने डिप्टी एसपी दफ्तर का हुआ 'लोकार्पण', नहीं पूछे गए सत्ताधारी विधायक-जनप्रतिनिधि

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



जिले के लंभुआ तहसील में सवा करोड़ की लागत से पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय का लोकार्पण किया गया। बगैर उच्चाधिकारियों अथवा जिले व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की सूचना या आमंत्रण दिए बगैर खुद सीओ और कोतवाल ने लोकार्पण किया। क्षेत्रीय भाजपा विधायक सीताराम वर्मा, क्षेत्रीय सभासद व नगर पंचायत अध्यक्ष तक को सूचना नहीं दी गई। 1997 में तहसील का दर्जा मिलने के बाद से लंभुआ में स्थाई सीओ कार्यालय की दरकार थी। वैकल्पिक तौर पर पूर्व में लंभुआ सीओ कार्यालय जिला मुख्यालय के एसपी ऑफिस में से ही वर्षों तक संचालित किया जाता रहा। कुछ वर्ष पूर्व सीओ का अस्थाई आवास व कार्यालय लंभुआ ब्लॉक परिसर के आवासीय कालोनी में कर दिया गया। शासन ने पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय व आवास के निर्माण के लिए करीब सवा करोड़ रुपये बजट आवंटित कर कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को निर्माण का ठेका दे दिया।

कोतवाली के सामने सीओ ऑफिस व आवास के लिए चिन्हित भूमि पर निर्माण शुरू हो गया। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले यह निर्माण पूरा हो गया। अभिलेख व सामग्री इस नवनिर्मित भवन में पहुंचाया गया। तीन पुरोहितों के पूजन के बाद सीओ अब्दुस सलाम खान ने कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। परिसर में पौधरोपण भी किया गया। यह फोटो सोशल साइट्स पर प्रसारित हुई तो लोगों को इसकी जानकारी हुई।

स्थानीय भाजपा विधायक सीताराम वर्मा ने बताया कि उन्हें सीओ कार्यालय या आवास के उद्घाटन की कोई जानकारी नहीं दी गई। यदि ऐसा हुआ है कि वह उच्च अधिकारियों से इसके लिए जरूर बात करेंगे।

**सिर्फ डिपार्टमेंटल कार्यक्रम था- सीओ**

सीओ अब्दुस सलाम खान ने कहा कि यह कोई पब्लिक कार्यक्रम नहीं था। सिर्फ डिपार्टमेंटल कार्यक्रम था। इसलिए, इसकी जानकारी किसी को नहीं दी गई।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा नेता कृष्णा सिंह ने किया पौध वितरण



**जन एक्सप्रेस। लंभुआ/सुलतानपुर**

विधानसभा लंभुआ क्षेत्र के अन्तर्गत युवा भाजपा नेता कृष्ण सिंह जमखुरी ने अपने आवास पर पौध वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जिसमें सैकड़ों लोगों को आम, पीपल, बरगद, महोगनी, सागवन, सफेदा, अर्जुन, नींबू, नीम जैसे पौधों को वितरित करते हुए लोगों से आह्वान किया कि प्रकृति को मज़बूत बनाने के लिए वृक्ष लगाना बहुत ज़रूरी है जिससे पृथ्वी मां का भी संवर्धन हो सके और यह संभव तब ही है जब हम और आप एक एक पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करेंगें, वहीं मौके पर उपस्थित शिवशम्भू जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कुलदीप दूबे जी ने बताया कि हमें और आपको मिलकर इस समाज को मज़बूत बनाना है और यह संभव तब ही है जब हमारा समाज स्वस्थ होगा और इसके लिए पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करना बहुत ज़रूरी है इस मौक़े पर रवी पांडेय, हरेंद्र दूबे, अभिषेक सिंह, आदर्श चौधरी समेत भारी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रहे।

## आठ मोहर्रम पर वक्फ़ इमामबाड़ा हयातनगर मे निकाला गया जुलूसे फातेह फोरत

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

वक्.फ़ इमामबाड़ा हयातनगर मे डॉ रज़ी की जानिब से जुलूस ए फातेह फोरत निकला गया। जुलूस अपने क़दीमी रास्ते से होता हुआ इमामबाड़ा लाया गया। जुलूस मे मौलाना बाकर सज्जाद ज़ैदी ने खेताब करते हुये कहा कि क़र्बला मे हुसैनी फौज के हज़रत अब्बास अलमदार सेनापति थे। हज़रत अब्बास बेहद बहादुर और शुज़ा थे इतिहास मे दर्ज़ है कि यज़ीदी फौज ने नहर पर पानी भरने गये हज़रत अब्बास के धोखे से बाजू कलम कर दिए थे। मौलाना ने बताया कि अगर हज़रत अब्बास को जंग करने की इजाज़त मिल जाती तो मैदाने क़र्बला का नक्शा कुछ और होता। जुलूस मे ज़ुलजनह, अलम के साथ अंजुमन असगिया ने नौहा,मातम करते हुये इमामबाड़े मे लाकर अलबेदाई नौहा पढ़ा जुलूस मे जगह-जगह इमाम हुसैन के नाम की सबीले लगाई गई। यह जानकारी कायम मेहदी चाँद ने दीं।

## मनियारपुर में निकला शाही मेंहदी का जुलूस

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



**सुल्तानपुर।** कुड़वार क्षेत्र के मनियारपुर गांव में हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम सहित बहत्तर शहीदों की शहादत का ग़म पूरी अकीदत के साथ गमगीन माहौल में मनाया जा रहा है। इस बीच सातवीं मोहर्रम की देर रात छोटे इमामबाड़े से शाही मेहदी का जुलूस अपनी पुरानी परंपरा और शान शौकत के साथ निकाला गया। जिसमें मौलाना बशारत हुसैन ने कहा कि इमाम हसन (अ)के सुपुत्र जनाबे कासिम घायल हो के घोड़े से गिरते है तब वो अपने चचा इमाम हुसैन को मदद के लिए पुकारते है कासिम की आवाज सुन कर इमाम हुसैन (अ) और मौला अब्बास मदद के लिए मैदाने कर्बला में जाते है इमाम को आते देख यजीदी फौज भागने लगती है इस दौरान घोड़े की टापों से जनाबे कासिम का बदन कुचल जाता है जिसके उपरान्त जनाबे कासिम की शहादत हो जाती है कर्बला का ये वाहिद शहीद है जिन की मदद को इमाम उन की शहादत के बाद पहुचे हैं इसी याद में मेहदी का जलूस निकाला जाता है। जुलूस के दौरान अंजुमन हैदरिया मनियारपुर ने नौहा मातम के साथ जंजीर का मातम किया अंजुमन ने जनाबे क़ासिम की शहादत को नौहो में बयान किया जिसे सुनकर अज़ादारो की आंखों से अश्कों का सैलाब उमड़ पड़ा। जुलूस में शाही मेहदी अलम ताबूत जुलजुना शामिल था। यह जुलूस गंगा जमुनी तहज़ीब की एक मिसाल भी हमेशा ही बना रहा और उनकी शहादत हमें सब्र और भाईचारे का संदेश देता है। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम थे। जिसकी बड़ी संख्या में लोगों ने जियारत किया। जुलूस में प्रमुख रूप से आबिद हुसैन अनसर रिज़वी मोहम्मद आमिल गजनफर हैदर अली लकाउल हसन गुलाम अब्बास परवेज़ हैदर शोएब अब्बास वफादार युसुफ रजा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। यह जानकारी हुसैनी आर्मी के अध्यक्ष फज़ल रिज़वी फैज़ ने दी।

### बैठक कर लौट रहे व्यक्ति को दबंगों ने लाठी डंडे से पीटा, पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/लम्भुआ/सुल्तानपुर।** बीते रविवार को सैतापुर सराय मे मुहर्रम को लेकर चौकदारो और ग्रामवासियों की बैठक रखी गयी थी, बैठक से लौट रहे अहमद हुसैन आदि पर पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने हमला कर दिया। लंभुआ कोतवाली अंतर्गत हथौड़ा निवासी अहमद हुसैन ने बताया कि सहवास अली, सलामत, अफरोज, सादाब व तस्लीम, सद्दाम लाठी डंडे से पीटने लगे। हमले से अहमद हुसैन का सर फट गया और हासिम अली, अरमान अली को काफी चोटे लगी। वही दबंगों ने दोपहिया वाहन यूपी44-6423 को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। और फोन भी तोड़ दिया और जाते-जाते गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। घटना की जानकारी अहमद हुसैन ने स्थानीय कोतवाली में दी,जहां पर तहरीर देकर अहमद हुसैन ने जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक्सएटी ने अकादमिक वर्ष 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किए-टॉप मैनेजमेन्ट संस्थानों के लिए गेटवे

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

XAT Xavier Aptitude Test

भारत की सबसे प्रख्यात राष्ट्रीय स्तर की एमबीए प्रवेश परीक्षाओं में से एक ज़ेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (एक्सएटी) ने एक्सएटी 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने की घोषणा की है। 15 जुलाई 2024 से छात्र इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए रजिस्टर कर सकते हैं और बिज़नेस की डायनामिक दुनिया में उत्कृष्टता की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। वे उम्मीदवार जो इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं या अधिक जानकारी पाना चाहते हैं, वे एक्सएटी की आधिकारिक वेबसाईट पर विज़िट करें।

ज़ेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (एक्सएटी) 2024 संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले छात्रों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी थी। 2024 में 135000 छात्रों ने इस परीक्षा के आवेदन किया, जो पिछले वर्षों की तुलना में काफी अधिक था। ये आंकड़े प्रमुख एमबीए प्रवेश परीक्षा के रूप में एक्सएटी की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं। इसके ज़रिए छात्र टॉप बिज़नेस स्कूलों में प्रवेश का अवसर पा सकते हैं।

इसके अलावा एक्सएटी की व्यापक पहुंच, 100 से अधिक टेस्ट सेंटर सुनिश्चित करते हैं कि यह देश भर के छात्रों के लिए सुलभ हो। यही कारण है कि यह परीक्षा छात्रों एवं संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण विकल्प बन गई है।

डॉ राहुल शुक्ला, कन्वेनर एडमिशन्स, एक्सएटी ने कहा कि हम उम्मीदवारों को मैनेजमेन्ट में करियर बनाने के लिए ज़रूरी कौशल एवं ज्ञान प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना चाहते हैं। 250 से अधिक कॉलेज एक्सएएमआई और एक्सएटी से जुड़े हैं और एक्सएटी का स्कोर स्वीकार करते हैं, ऐसे में यह परीक्षा छात्रों को मैनेजमेन्ट शिक्षा के लिए ढेरों अवसर प्रदान करती है।

एक्सएटी छात्रों को एप्टीट्यूट, लॉजिकल रीज़निंग, लैंगवेज दक्षता एवं निर्णय निर्धारण क्षमता के प्रदर्शन का मौका देती है। यह छात्रों के कौशल का मूल्यांकन कर मैनेजमेन्ट शिक्षा की संभावनाओं के लिए उनकी पहचान करती है।

## बच्चों को पौधा वितरित कर पौधों की बारात को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**



जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में डीएफओ डॉ उमेश तिवारी की उपस्थिति में तहसील अकबरपुर अन्तर्गत राजकीय इंटर कालेज याकूबपुर कटरिया परिसर में वृक्षारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।राजकीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के उपरांत राजकीय विद्यालय परिसर में जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। साथ ही साथ डीएफओ, जिला विकास अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा लोगों से अपील किया गया कि अधिक से अधिक पौधे लगाए तथा लगाए गए पौधे को बचाएं।

**एक पेड़ मां के नाम, हर खेत पर मेड़, हर मेड़ पर पेड़, सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगाएं हम।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने इस वर्ष वन महोत्सव के दौरान हरित आवरण की मात्रा बढ़ाने के लिए 36.50 करोड़ पौधे लगाने का निर्णय लिया है। पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 20 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण हेतु संबंधित विभागो को निर्देशित किया गया।

गृह विभाग/पुलिस विभाग - 8600
उद्यान विभाग -166374
स्वास्थ्य -12775
श्रम विभाग -2880
उच्च शिक्षा विभाग - 19452
प्राविधिक शिक्षा- 6372
बेसिक शिक्षा विभाग -14896
माध्यमिक शिक्षा विभाग- 12194
ऊर्जा विभाग -3583
उद्योग विभाग -13026
सहकारिता विभाग -7600
पशुपालन विभाग -4266
कृषि विभाग -350000
जल शक्ति विभाग -11732
लोक निर्माण विभाग- 12701
नगर विकास विभाग -24433
पंचायती विभाग -137579
ग्राम विकास विभाग- 1348671
पर्यावरण विभाग -80676
वन विभाग -1224700 का लक्ष्य दिया गया है। विभाग को जो लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है संबंधित विभाग लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वृक्षारोपण कराए। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के छात्र/छात्राओं को घर पर वृक्षारोपण करने हेतु पौधे वितरित किया गया। कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी द्वारा डीएफओ, जिला विकास अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर विद्यालय के बच्चों द्वारा पौधों की बारात को रवाना किया गया।

पौधे की बारात बैंड बाजे के साथ निकाली गई, जिससे लोग वृक्षारोपण के प्रति जागरूक हो और अपने घरों पर अधिक से अधिक पौधे लगाए। इस वर्ष वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रियंका तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, वन विभाग के अधिकारी, प्रधानाचार्य, अध्यापक गण, एनसीसी के बच्चे तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# पर्यावरण के संतुलन के लिए पौधरोपण बेहद जरुरी : संजय सिंह गंगवार

जन एक्सप्रेस । बब्लू सक्सेना

**पीलीभीत।** सोमवार को राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल संजय सिंह गंगवार ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की अंतर्गत स्पर्श बड़े स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया और उन्होंने पौधा रोपण किया।

इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण का संतुलन दिनों दिन बिगड़ रहा हैं। जिससे हमारी दैनिक जीवन में असंतुलन पैदा हो रहा हैं। इसलिए अधिक से अधिक पौधा रोपण कर हम पर्यावरण और अपने जीवन को संतुलित बनाएं रख सकते हैं। उन्होंने पौधरोपण के साथ ही पौधों की सुरक्षा की भी व्यवस्था किया जाने पर बल दिया। राज्य मंत्री श्री गंगवार ने पौधा रोपण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचने पर स्कूली विद्यार्थियों ने उनका उसको फूल का गुच्छा देकर स्वागत किया और उनके साथ फोटो भी लिए इस अवसर पर अधिकारी एवं स्कूल प्रबंधन्क अधिकारी गण के साथ समाजसेवी मौजूद रहें।





# बाढ़ राहत के संबंध में जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

सोमवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने जनपद पीलीभीत में बाढ़ की अद्यतन स्थिति व बाढ़ राहत के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया ने अवगत कराया कि आज बनबसा बैराज पर शारदा नदी का जल स्तर 218.45एम एवं 45070 क्यूसेक डिस्चार्ज जनपद से पास हो रहा है। शारदा नदी पर निर्मित तटबंध/कटान निरोधक परियोजनाएं प्रभावी रूप से कार्य कर रही हैं। जिनकी सतत निगरानी की जा रही है। दूनी बैराज से आज जलस्तर 189.92एम एवं डिस्चार्ज 1440 क्यूसेक पास हो रहा है। खण्ड के अन्तर्गत सभी तटबंध/कटाव निरोधक परियोजनाएं सुरक्षित एवं क्रियाशील है। सभी तटबंधों/परियोजनाओं की सघन एवं सतत निगरानी की जा रही है। जनपद में बाढ़ प्रभावित हुई कृषि के सर्वे का कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में 211 किसानों की प्रविष्टियं राहत की साईट पर तहसील स्तर से कर दी गई है, जिसका क्षेत्रफल 68.9078 हे0 है। लगातार सर्वे एवं फीडिंग का कार्य चल रहा है जिसको जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। जनपद पीलीभीत में 7844 बाढ़ पीडित परिवारों को राहत सामग्री वितरण किया गया है, जिसमें लगभग 50986 लोग शामिल है। लगातार राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है एवं सभी चिन्हित परिवारों को राहत सामग्री दी जा रही है। जनपद में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुई संरचनाओं को सही कराने का कार्य प्रगति पर है लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक 08 एवं सिंचाई विभाग 01 संरचना को सही करा लिया गया है शेष संरचनाओं को जल्द ही ठीक करा लिया जायेगा। जनपद में 11 जुलाई 2024 से घर घर दस्तक अभियान एवं संचारी रोग अभियान गतिमान है। जिसमें लोगो को जागरूक किया जा रहा है एवं उपचार एवं दवायें उपलब्ध करायी जा रही है।

# पड़ोस में रह रहे दबंगों ने किया हमला 6 लोग हुए गंभीर रूप से घायल, पुलिस ने की एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पिता राम बहादुर की गैर मौजूदगी में पड़ोस में रह रहे दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट जिसमें 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

राशन लेने गए व्यक्ति के घर महिलाओं को अकेला पाकर घुसे दबंगों ने एक बच्ची दुर्गा का सर फूटा गया जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और महिला लक्ष्मी भी घायल हो गई बचाने आए युवक सोनू और बंटी पर भी दबंगों ने हथियारों से बार किया जिससे वह लोग भी घायल हो गए साथ ही परिवार पर ईट और नुकीली? सरिया से हमला किया। बताते चलें कि राम बहादुर राशन लेने गया हुआ था उसकी गैर मौजूदगी में पड़ोस में ही रहने वाले वीरपाल अपने चारों पुत्र अमित, विमल, लव कुश ,अंकुर और दामाद रजनीश प्रार्थी के घर घुस आए और प्रार्थी के परिवार पर ईट और लोहे की सरिया से हमला कर दिया जिससे राम बहादुर की बेटी पूरा लहू लोहान हो गई उसका सर फट गया राम बहादुर की पत्नी लक्ष्मी की आंख में गहरी चोट आई लड़के को भी गंभीर चोटे आई प्रार्थी के घर वालों को बुरी तरह मारा पीटा जिसमें बेटी दुर्गा ,पत्नी लक्ष्मी, काजल ,माला ,सोनू और बंटी घायल है। जिसकी सूचना थाना सुनगढ़ी को दी गई पिता राम बहादुर की शिकायत पर पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर ली है।







# बाढ़ एवं जल भराव की परिस्थितियों में स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याओं से सावधानी पूर्वक बचे

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद पीलीभीत में कुछ दिनों से हो रही भारी वर्षा एवं बाधों से छोडे गये पानी से कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, बाढ़ एवं उससे उत्पन्न जल भराव की परिस्थितियों में स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक समस्याऐं जैसे-डेगू, मलेरिया, स्क्रबटाइपस, लोप्टोस्पाइरेसिस, उल्टी दस्त, पेचिस पेट के रोग एवं फंगल इन्फेक्शन न हो इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत द्वारा आम जनमानस को गंदे पानी के सेवन, गन्दे पानी के सम्पर्क में आने तथा जहरीले जीवों से काटने से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान हेतु निम्नवत सलाह दी गई है-कोई भी व्यक्ति गीले कपड़े व जूते चप्पल न पहने। प्रतिदिन सुबह शाम ताजा भोजन बनवाकर खायें तथा सुबह का बना भोजन शाम को व शाम का बना भोजन सुबह न खायें। ज्याद तैलीय भोज्य पदार्थो का प्रयोग न करें, बाजार में बिकने वाले फास्ट फूड एवं जंक फूड का प्रयोग न करें। बाजार में बिकने वाले कटे एवं गले फलों एवं सब्जियों का प्रयोग न करें। फल एवं सब्जियों को घर लाने के उपरान्त नल के पानी से अच्छी तरह धोने के बाद ही प्रयोग करें। बाजार के भोजन का प्रयोग न करें। शादियों में भोजन को एक घंटा पूर्व बनवायें एवं प्रयोग करें। घर में पीने का पानी उबालकर ठंडा कर छानकर प्रयोग करें एवं उसको ढ़ककर रखे। बाजार में बिकने वाली बर्ष, गन्ने के जूस का प्रयोग न करें एवं अन्य जूसों में बर्ष का प्रयोग न करें। दस्त होने तत्काल जिल एवं ओआरएस का प्रयोग करें। बुखार होने पर आरोग्य मंदिर सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल में जांच करायें, चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार दवाईयां लें। घरों में व आसपास पानी इकट्ठा न होने, पात्रों को उलटर कर रखें तथा ठहरे हुये पानी में मोबिऑयल डालें। कूलर का पानी दूसरे दिन बदल दें, रेफ्रीजीरेटर के पीछे लगी टेऊको नियमित साफ करें। फुल आस्तीन के कपड़े पहने तथा मच्छरदानी का प्रयोग करें। जहरीले कीटों एवं सांप के काटने की घटनायें होने पर तत्काल निकटतम चिकित्सालय ले जायें एवं पूर्ण उपचार करायें सर्पदंश आदि की दशा में झाड फूॅक एवं झोलाछाप से उपचार न करायें। अधिक जानकारी के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

# नशे में धुत दरोगा की पिटाई का मामला बना चर्चा का विषय

* घटना को लेकर बाजार में खूब चर्चा हो रही है

> उक्त दरोगा की शराब पीने की शिकायत है कल कुछ लोगों को नशे में गाली गलौज देने की शिकायत थी मारपीट जैसी कोई बात सामने नहीं आई थी बहरहाल मामले की जांच कराकर बिधिक कार्रवाई की जाएगी।
> –अजीत सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरपतहा थाना क्षेत्र के रुधौली बाजार में रविवार देर रात नशे में धुत दारोगा द्वारा आम लोगों को अपशब्द कहने पर कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस फोर्स आरोपितों में से एक व्यक्ति को पकड़कर थाने ले गई किंतु बाद में सुलह-समझौता कराकर छोड़ दिया। कथित तौर पर स्थानीय थाने पर तैनात एक उपनिरीक्षक रात दस बजे के आसपास पूरी तरह नशे में धुत होकर बाजार में पहुंचे और एक दुकानदार से गुटखे का पाउच मांगने लगे। उसने देने में आनाकानी की तो गाली-गलौज पर उतर आए। बताया जाता है कि उन्होंने दुकानदार ही नहीं बल्कि वहां जो अन्य लोग मौजूद थे उन्हें भी गाली देते हुए कहा कि यहां तमाशा हो रहा जो खड़े हो। उनके इस व्यवहार का वहां मौजूद कुछ लोगों ने जो स्वयं भी नशे में थे, विरोध किया और इसी बात को लेकर दरोगा व उनके बीच कहासुनी व हाथापाई शुरू हो गई। फिर क्या था देखते ही देखते दरोगा जी को भूमि पर गिराकर लोगों ने पिटाई कर दी। घटना को लेकर बाजार में खूब चर्चा हो रही है।

### बीसलपुर में व्यापारी से 30 लाख की ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

**बीसलपुर।** सर्राफा व्यापारी के साथ 30 लाख की ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीसलपुर के बाजार कटरा निवासी विवेक अग्रवाल सर्राफा व्यापारी हैं। कुछ माह पूर्व उनकी दुकान पर लोग आये और सोने के सिक्के व अन्य आभूषण होने की बात कहकर सर्राफा व्यापारी के हाथ 30 लाख रुपये में बेच दिये। सर्राफा व्यापारी को भी यह अहसास नहीं हुआ कि सिक्का नकली हैं। जब सिक्कों की जांच की गयी तो वह नकली पाये गये।

# बीसलपुर बरेली हाइबे पर शव मिलने से मचा हड़कंप

* मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** बीसलपुर बरेली मार्ग पर युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मामले की सूचना बीसलपुर कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। पीलीभीत के गांव आलियापुर निबासी महिपाल राना पुत्र नेमचंद्र राना का मंडरा सुमन के सुरेश चंद्र राना के यहा काफी दिनों से आना जाना लगा रहता है। रिश्ते में महिपाल सुरेश का साला लगता था। बीते दिन महिपाल सुरेश के घर किसी काम से आया था और थोड़ी देर बाद वहां से बापस चला गया। जिसका आज सुबह गांव के बहार बरेली रोड स्थित एक पुलिया के निकट उसका शव पड़ा मिला। शव की सूचना बीसलपुर कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। परिजनों के मुताबिक महिपाल की हत्या की गयी है। उधर कोतवाल अशोक पाल का कहना है कि युवक का शव मिला है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि उसकी कैसे मौत हुई है। फिलहाल अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# सीडीओ ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का आकस्मिक किया निरीक्षण मचा हड़कंप

* जिला विद्यालय निरीक्षक समेत कार्यालय में तैनात 6 बाबू भी अनुपस्थित
* सभी का एक दिन का वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक उपस्थित नही थे। निरीक्षण के समय 03 मृतक आश्रितो की पत्रावली माह फरवरी, 2024 के बाद बिना किसी कार्यवाही के रखी हुई पायी गयी। सम्बन्धित पटल सहायक राजेश गुप्ता का पत्रावली के नियमानुसार निस्तारण होने तक इनका वेतन अवरूद्ध करने का निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया गया तथा उन्हे यह भी सचेत किया गया कि वे स्वयं समस्त पटलों का निरीक्षण कर सेवा सम्बन्धी अन्य लम्बित प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करे एवं निरीक्षण आख्या प्रेषित करें। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में लेखाकार आरिफ हसन, वरिष्ठ सहायक सुरेन्द्र कुमार मौर्या, वरिष्ठ सहायक श्रीमती निर्मला, कनिष्ठ सहायक श्रुति श्रीवास्तव एवं परिचारक नरेन्द्र कुमार, अनुपस्थित पाये गये, जिनका 15 जूलाई 2024 का वेतन अवरूद्ध कर स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ सहायक संजय कुमार उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त कार्यालय से गायब रहे। इनका पूरे माह का वेतन बाधित करते हुए स्पष्टीकरण देने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर एवं कार्यालय के अन्दर कमरों में पर्याप्त गन्दगी दिवालों पर पान थूका हुआ पाया गया। कार्यालय कक्ष में फाईले बतरतीब ढंग से कपडे में बांध कर आलमारियों के ऊपर एवं अगल-बगल में अव्यस्थित रूप से रखी गयी थी, जिस पर काफी गन्दगी व धूल जमा थी। कार्यालय के महिला शौचालय में गन्दगी थी तथा उसी में पत्रावलियॉ भी रखी पायी गयी, जिसके लिए सम्बन्धित पटल सहायक को एवं उपस्थित लेखाधिकारी को पत्रावलियॉ स्टोर में संरक्षित करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय शिक्षक संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित थे, जिनसे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संवाद करके शिक्षको के लम्बित प्रकरण एवं समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। वार्ता के उपरान्त जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि शिक्षक संघ के पदाधिकारियो के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निदान करते हुए अपनी आख्या प्रेषित करें। मुख्यमंत्री जी के निर्देश के अनुपालन में उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जायेगा तथा कमियॉ परिलक्षित पाये जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# जिलाधिकारी ने बहुउद्देशीय सचल वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



राष्ट्रीय पशु रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत खुरपका- मुँहपका टीकाकरण (चतुर्थ चरण) अभियान का उद्घाटन जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी साँई तेजा सीलम के द्वारा बहुउद्देशीय सचल वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि खुरपका-मुँहपका टीकाकरण अभियान 15 जूलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक चलाया जायेगा। जनपद को कुल 1009250 वैक्सीन प्राप्त हुई है। जिसे गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में लगाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 21 विकास खण्डों में कुल 63 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में 01 पशुचिकित्साधिकारी, 01 पशुधन प्रसार अधिकारी, 01 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा 02 पशुमित्र रखे गयें हैं। डा0 श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि 08 माह के ऊपर गर्भित पशु एवं 04 माह के नीचे के बच्चों को (बछिया/बछड़ा, पड़िया/पड़वा) को टीका नही लगाया जाना है। शेष समस्त पशुओं को लगाया जाना है। खुरपका-मुँहपका रोग एक विषाणु जनित/संक्रामक बीमारी है। जिसमें पशुओं के खुर एवं मुँह में घाँव हो जाता है तथा पशु को खाने एवं चलने फिरने में दिक्कत होती है। इसमें मृत्यु दर कम है, परन्तु दुग्ध उत्पादन क्षमता काफी प्रभावित हो जाती है। रोग के रोकथाम हेतु टीकाकरण ही एक मात्र बचाव है। कार्यक्रम के दौरान डा0 सुनील कुमार, डा0 धर्मेन्द्र सिंह, डा0 संजय कुमार पाण्डेय, डा0 पवन कुमार, डा0 अल्का मनीषा, डा0 बृजेश कुमार, डा0 स्वतंत्र कुमार एवं पशु प्रसार अधिकारी-विजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, अजय चर्तुवेदी, हनुमान प्रसाद शुक्ला, नरेन्द्र सिंह, मानवेन्द्र सिंह, राजकुमार, सुजान, सर्वेश मौर्य, महिमा श्रीवास्तव, मनीष कुमार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

# अग्निकांड से पीड़ित किसानों को विधायक ने सौंपा चेक



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

गर्मी के महीने में बिजली के शार्ट सर्किट अथवा किन्हीं अन्य कारणों से हुई आगलगी की घटना में गेहूं की फसल का नुकसान उठाने वाले किसानों को सोमवार को क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह ने मंडी परिषद शाहगंज के सभागार में मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड दुर्घटना योजना के तहत सहायता राशि का चेक सौंपा। लाभार्थी किसानों में एकडला, शेखाहीं, बासूपुर, इटौरी, मीरापुर, भदैला, चकपट्टी, पोटरिया, गौसपुर व डकहा के कुल 41 किसान सम्मिलित रहे। इस दौरान पीड़ित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश व केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की पहली ऐसी सरकार है जिसने किसानो के हित में व्यापक कदम उठाए। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता बेचन सिंह ने किया। इस दौरान मंडी सचिव गुलाब सिंह, खुशीराम मिश्र, प्रदीप वर्मा सहित अभयराज, अमर बहादुर, अनिल कुमार वर्मा, अंसार अहमद, अरुण प्रकाश तिवारी आदि किसान उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रोडवेज बस मे लगी भीषण आग

* ड्राईवरों की कड़ी मशक्कत के बाद किया आग को काबू

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के शाहगंज तहशील स्थित रामलीला मैदान मे रविवार की रात्रि करीब 8.30 बजे मैदान मे खड़ी रोडवेज की सरकारी बस जिसका नंबर ह्वश्च 50 क्क्ष 4572 आजमगढ डिपो मेआग लग गई और अचानक धु धु कर जलने लगी अगल बगल बहुत सारी बसे खड़ी थी । वहा मौजूद ड्राईवरों ने आग जलता देख आग बुझाने में लग गए सभी बसों मे बाल्टी रहती है और आग पर काबू करने वालीं गैस भी रहती है जिसके द्वारा बस का शीशा तोड़कर गैस और पानी के माध्यम से आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबु कर लिया गया । बताते चलें कि इस समय शाहगंज रोडवेज परिसर में निर्माण कार्य चल रहा है सारी बसे जिनको रात्री मे रुकना होता है वो बसे रामलीला मैदान में खड़ी कर दी जाती है अगल बगल बहुत बसे खड़ी थी ड्राईवरों व नगर वासियों की मदद से बड़ी घटना होने से बच गयी आग लगने का कारण का पता नही चल पाया है संपर्क करने पर किसी रोडवेज के अधिकारी से मुलाकात नहीं हो सकीं है।

# निपुण लक्ष्य के करोड़ों का प्रिंट रीच मटेरियल बेसिक विद्यालयों की कक्षाओं से गायब

* शिक्षा विभाग 2026 तक निपुण लक्ष्य की प्राप्ति धरातल पर या कागजों तक ही सीमित रहेगी

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित




**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा व्यवस्था के सुधार हेतु निपुण लक्ष्य के तहत प्रदेश के सभी बेसिक स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के अंतिम पंक्ति में बैठे कमजोर छात्र छात्राओं को वर्ष 2026 तक प्रथम श्रेणी में लाने के लिए सरकार ने हजारों करोड़ का बजट खर्च कर बच्चों को सरल से सरल भाषा में समझाने के लिए सभी विद्यालयों की कक्षाओं में प्रिंट रिच मटेरियल के माध्यम से शिक्षा देने की पहल किया लेकिन शायद प्रदेश के अन्य जिलों में भले ही इसका पालन हो रहा हो लेकिन जौनपुर जिले के परिषदीय विद्यालयों में तो कक्षा 4 से 8 तक की कक्षाओं में ऐसा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि अधिकारियों की माने तो जिले के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक प्रिंट रिच मटेरियल सहायक सामग्री उपलब्ध कराई गई। जिसे सभी कक्षाओं में लगाना था जिसके लिए शासन से वकायदा निपुण लक्ष्य नमक ऐप की भी शुरूआत किया वहीं विद्यालयों में कक्षा 1 से 3 तक की कक्षाओं में प्रिंट रिच मटेरियल तो लगा है लेकिन कक्षा 4 से 8 तक की कक्षाओं में प्राप्त की गई प्रिंट रिच मटेरियल कक्षाओं के बजाय विद्यालय के कूड़ेदान की शोभा बढ़ा रही है जबकि महानिदेशक स्कूल ने पूरे प्रदेश में एक साथ करोड़ों का टेंडर कराकर सभी विद्यालयों के कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के लिए प्रिंट रिच मटेरियल विद्यालय के प्रधानाचार्य को रिसीव कर दिया गया परंतु कक्षा 4 से 8 तक किसी भी कक्षा में प्रिंट रीच मटेरियल का उपयोग नहीं किया जा रहा है यदि इसका उपयोग नहीं करना था तो सरकार द्वारा करोड़ों रुपए क्यों खर्च किया गया और यदि करना था तो इसका जिम्मेदार कौन है वहीं विभागीय सूत्रों की माने तो निपुण लक्ष्य ऐप पर सिर्फ कक्षा 1 से 3 तक ही सक्रिय है कक्षा 4 से 8 तक निष्क्रिय है विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा दो वर्षों से बताया जा रहा है की ऐप में संशोधन कर 1से 8 तक कर दिया जाएगा परंतु आज तक नहीं हो पाया जिससे सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा व्यवस्था में निपुण लक्ष्य की प्राप्ति कैसे होगी यह एक बेसिक शिक्षा व्यवस्था में सुधार हेतु लाया गया निपुण लक्ष्य जैसी योजना पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है।

### आखिरकार क्या है प्रिंट रिच मटेरियल

प्रदेश सरकार सभी परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1से कक्षा 8 के सबसे कमजोर छात्र छात्राओं को सरल भाषा में समझाने हेतु विभिन्न चार्ट उपलब्ध कराया हैं जैसे गणित चार्ट, हिंदी चार्ट, कहानी चार्ट, अंग्रेजी चार्ट समेत विभिन्न प्रकार के सामन जिसके माध्यम से अध्यापक बच्चों को सरल से सरल भाषा में शिक्षा दे।

> निपुण लक्ष्य के तहत शासन द्वारा प्राप्त सभी प्रिंट रिच मटेरियल सभी विद्यालयो को कक्षा 1 से 8 तक प्राप्त करा दी गई है अभी तक कक्षा 1 से 3 तक फोकस अधिक था यदि कक्षा 4 से 8 तक की कक्षाओं में उक्त मटेरियल का उपयोग नहीं हो रहा है तो जांच करा कर कार्वाई की जाएगी।
> –डॉ. गोरखनाथ पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर

# ईओ ने सुबह नगर भ्रमण कर सफाई कर रहे कर्मचारियों को फटकारा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर






बिल्हौर नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी सुश्री. अंजनी मिश्राने सोमवार अचानक सुबह लगभग प्रातः 8 बजे नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। जिन बालों में उन्होंने निरीक्षण किया वहां के सभासदों को भी फोन कर बुलाया लेकिन सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी सिर्फ मौके पर पहुंचे। जिसमें वार्ड नं0 2 महात्मा गॉधी नगर ओपेन जिम पार्क, वार्ड नं0 4 बाल्मीक नगर, वॉड नं0 6 जयप्रकाश नगर में नेहरू पार्क रोड नं0 8 बहादुर शाह जफर नगर, वार्ड नं0 9 चन्द्रशेखर आजाद नगर, वार्ड नं0 13 जवाहर नगर, वार्ड नं0 17 अब्दुल कलाम आजाद नगर ,वार्ड नं0 18 महाराणा प्रताप नगर, वार्ड नं0 21 राजीव नगर, वार्ड नं0 24 सुभाष नगर तथा वार्ड नं0 25 इन्द्रा नगर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शनग सड़कों व नालियों की सफाई देखी गयी साथ ही निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी द्वारा नगर की जनता से स्वचछता के प्रति फीडबैक लिया गया कि क्या वार्डों में सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई करने एवं कूड़ा उठाने हेतु कूड़ा गाड़ी सहित आते हैं या नही ? साथ ही सफाई इंचार्ज को सफाई व्यवस्था बेहतर करने हेतु दिशानिर्देश दिए वार्ड नं0 9 में सम्बद्ध सफाईकर्मी दीपक कुमार अनुपस्थित पाये गये जिनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने हेतु अधिशाषी अधिकारी द्वारा कहा गया। साथ ही लोगों से यह भी अपील की गई कि वह सफाई होने के उपरान्त कूड़ा न फेंके एवं न जलायें तथा पॉलीथीन व थर्माकोल से बनी वस्तुओं का प्रयोग न करें।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने नगर पालिका ईओ, अध्यक्ष से मिलकर विद्यालयों के सुंदरीकरण की रखी मांग

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर नगर पालिका क्षेत्र में चार सरकारी स्कूल है उनमें सरकार की मनसा के अनुरूप बच्चों के लिए शौचालय फर्नीचर और फर्श का काम अभी तक नहीं हुआ है कई बार प्रार्थना पत्र और फोन से अवगत कराने के बाद भी अधिकारी नहीं सुन रहे हैं इन समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा और अध्यक्ष एकलाख से मिलकर निम्न काम कराए जाने के संबंध में अवगत कराया । प्राथमिक विद्यालय बिल्हौर फर्स्ट में कक्षा कक्ष सुंदरीकरण के अंतर्गत कमरों में पत्थर लगवाना बच्चों का बाथरूम व फर्नीचर अनुपलब्ध है । उच्च प्राथमिक विद्यालय बिल्हौर फर्स्ट दिव्यांग शौचालय कक्षा कक्ष व शौचालय नहीं है सुंदरीकरण के अंतर्गत कमरों में पत्थर लगवाना। कन्या कंपोजिट बिल्हौर दिव्यांग शौचालय कक्षा कक्ष सुंदरीकरण के अंतर्गत कमरों में पत्थर लगवाना। फर्नीचर व बॉयज यूरिनल उपलब्ध नहीं है । प्राथमिक विद्यालय उर्दू मीडियम में केवल फर्नीचर अनुपलब्ध है। सभी विद्यालय में समय से प्रतिदिन ना हो सके तो दूसरे दिन सफाई सुनिश्चित कराई जाए क्योंकि बरसात के मौसम में गंदगी के चलते बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। अभी सप्ताह में एक बार ही सफाई होती है। बिल्हौर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि बजट आने पर जल्द सारे कार्य गुणवत्तापूर्ण कराए जाएंगे।

## ककवन कस्बे में दो नशेड़ी आपस भिड़े, एक मरणासन्न

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन कस्बे में सोमवार दोपहर शराब ठेके के समीप अंबेडकर मोहल्ले में बैठकर दो शराबी शराब पी रहे थे किसी बात को लेकर दोनों में विवाद बढा एक ने थप्पड़ चलाई तो दूसरे ने पत्थर चला दिए डंडे पत्थर के मार से सुनील पुत्र सूबेदार गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं पर हमला करने वाला रविंद्र पुत्र गुलाबचंद मौके से फरार हो गया मोहल्ले वालों की सूचना पर घायल के पुत्र राहुल ने पहुंचकर पिता सुनील को गंभीर हालत में थाने पहुंचकर प्रार्थना पद दिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर ने गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित की तलाश तेज कर दी है लेकिन अभी तक वह पकड़ में नहीं आया है मुहल्ले वाले लोगों ने बताया कि वह भी घायल है लेकिन वह नशे की हालत में खेतों की तरफ चला गया था अभी तक उसका पता नहीं लग पाया है ककवन थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपित की तलाश की जा रही है घायल को कानपुर रिफर कर दिया गया है।

## वृक्ष से ही पर्यावरण बचेगा: प्रो. अवधेश कुमार

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



इलाहाबाद विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित ÷एक वृक्ष माँ के नाम अभियान÷ में किये गये वृक्षारोपण के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रो. अवधेश कुमार ने कहा कि वृक्ष से ही पर्यावरण बचेगा। वृक्ष माँ की तरह मनुष्य का भरण पोषण करते हैं। हम प्रकृति से जितना लेते हैं हमें उसे उससे अधिक वापस भी करना चाहिए और इसके लिए लक्ष्यबद्ध नियोजन ज़रूरी है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के ही डॉ. राम कृपाल ने कहा कि हर युवा को एक एक वृक्ष लगाना चाहिए। हमारी परंपरा पर्यावरण संरक्षण की परंपरा है। नदी आदि अगर परोपकार के लिए अपना जीवन अर्पित करते हैं तो मनुष्य को भी प्रकृति रक्षण के लिए प्रयत्नशील रहना होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिव कुमार यादव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तेज प्रकाश ने किया। इस अवसर पर आयोजित वृक्षारोपण के दौरान हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. लालसा यादव, प्रो. चंदा देवी, प्रो. प्रणय कृष्ण, प्रो. शिव प्रसाद शुक्ल, डॉ. अमित ओझा के साथ साथ छात्रों ने भी वृक्षारोपण किया।

## प्री राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में आदित्य और महिमा का चयन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**दिल्ली में 47वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है**

आदित्य और महिमा ने दिल्ली में आयोजित राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्री राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। उन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। इससे उनका चयन राज्य स्तर के लिए हुआ था। दिल्ली में 47वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है। इसमें शुक्लागंज के आदर्श नगर निवासी आदित्य कुमार और गांधी नगर की महिमा गौतम का भी चयन हुआ था। यहां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इससे दोनों का चयन प्री राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किया गया है। यह प्रतियोगिता 19 से 24 अगस्त तक गोवा में होगी। कोच शैलेश कुमार ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। उम्मीद है कि प्री राष्ट्रीय और राष्ट्रीय ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में भी दोनों खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। जिला एथलेटिक्स संघ के सोनू सिंह, खेलो इंडिया से कुशमेश कुमार, सिद्धार्थ कृष्णा, रणविजय सिंह आदि ने बधाई दी।

## दुकान से घर जा रहे सराफा व्यापारी से एक लाख की लूट

**चकलवंशी।** दुकान बंद कर घर जा रहे सराफा व्यापारी से एक बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने लूटपाट की। कनपटी पर तमंचा लगाकर बैग छीनकर भाग निकले। बैग में 50 हजार रुपये और इतनी ही कीमत के जेवर थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। माखी गांव निवासी रामकिशोर की रुपऊ गांव के बाहर सराफा की दुकान है। रामकिशोर के अनुसार, रविवार रात करीब आठ बजे वह बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में शारदा नहर पुरवा ब्रांच पर पवई गांव के सामने पहुंचा था तभी पीछे से आए एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश लुटेरों ने ओवरटेक करके उसे रोक लिया। रुकते ही एक बदमाश ने कनपटी पर तमंचा लगा दिया और दूसरे ने मारपीट कर बैग छीन लिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सातवीं मोहर्रम को अकीदत के साथ निकला अलम का जुलूस

**जन एक्सप्रेस/फफूंद।** मोहर्रम पर्व की सात तारीख को कस्बा में अलम का जुलूस बड़े ही अकीदत व गमगीन माहौल में निकाला गया। जुलूस के दौरान जगह जगह लोगों को शर्बत पिलाकर व लंगर तकसीम कर स्वागत किया गया। देर शाम अलम का जुलूस अपने अपने मुकामों पर रवाना होकर समाप्त हुआ। सबसे पहले अलम के जुलूस की शुरुआत मोहल्ला भराव से हुई। जहां से अलम मोहल्ला ऊंचाटीला होता हुआ तिराहा चमनगंज पहुंचा। जुलूस में इन मोहल्लों के भी अलम शामिल होते गए। इसके बाद 10 से अधिक जुलूस चमनगंज तिराहे पहुंचे। जहां जुलूस में शामिल लोगों को शर्बत वितरित किया। इसके बाद जुलूस मोहल्ला मेवातियान पहुंचा। जहां पर मोहल्ला ज़ुबैरी, मुहल्ला केशरवानी तथा मोहल्ला मेवातियान के अलम भी जुलूस में शामिल हुए। इसके बाद सभी अलम अपने तय रास्ते से होते हुए मोहल्ला सैयदबाड़ा पहुंचे जहां सारे अलमों का सैदबाड़ा स्थित मैदान में मिलाप हुआ। अलम में शामिल जुल्फिकार पर लोगों ने चांदी के मन्नती नीबू बांधकर मन्नत मानी। इमामबाड़े पर शिया समुदाय के लोग गमगीन माहौल में मातम करते रहे। इसके बाद अलम का जुलूस अपने अपने स्थानों पर पहुंचकर मुकम्मल हुआ।

### कमरे में फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस/अयाना।** थाना क्षेत्र के कोठीदासपुर गांव में रविवार दोपहर को एक युवक का शव घर के कमरे में फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। कोठीदासपुर निवासी अतुल कुमार (19) कर्नाटक में एक होटल पर काम करता था। उसकी मां पुष्पा की मौत 15 साल पहले हो गई थी। तीन साल बाद पिता की भी मौत हो गई थी। तीन माह पहले वह अपने चाचा अशोक बाबू की बेटी की शादी में आया था। रविवार दोपहर को खाना के लिए बुलाने पहुंचे चचेरे भाई शीलू ने उसका शव कमरे की खिड़की से फंदे से लटकते देखा। चीख सुनकर पहुंचे परिजन ने जीवित होने की आशंका पर शव को फंदे से उतार लिया। ग्राम प्रधान अखिलेश कुमार की सूचना पर पहुंचे सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल कर फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। जांच में पुलिस को मृतक की पैंट की जेब में भांग की गोलियां मिलीं हैं। मृतक के चचेरे भाई शीलू ने बताया कि अतुल शनिवार को नौकरी पर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद देर रात को वह घर लौट आया था। सीओ राममोहन शर्मा ने बताया कि परिजन के अनुसार मृतक नशे का आदि था। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### दूसरे दिन भी जारी रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** दिबियापुर में बिलराया पनवाड़ी राजमार्ग स्थित नहर बाजार में रविवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। 12 बुलडोजर और दो पोकलैंड मशीनों की मदद से सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मुख्य मार्ग के पूर्व की ओर बने 45 मकानों व दुकानों को पूरी तरह से ढहा दिया। इस बीच कुछ प्रभावित लोगों ने विरोध करने की कोशिश की। लेकिन पुलिस की सख्ती से उन्हें कोई सफलता हाथ नहीं लगी। सुबह नौ बजे के बाद सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता पीएस पटेल ने अधीनस्थों के साथ अतिक्रमण हटवाना शुरू किया जो देर शाम तक जारी रहा। नहर पुल के दक्षिणी ओर हार्डवेयर व्यवसायी बंटी गुप्ता की गोदाम है। जिस पर नोटिस चस्पा न होने के बावजूद इसे गिराने की कोशिश हो रही है। जिस पर पीड़ित ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से आपत्ति जताते हुए कहा कि यह उसके साथ अन्याय है।

### शिक्षणेतर कर्मचारियों ने गिनाई समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** शिक्षणेतर कर्मचारी महासंघ की बैठक रविवार को शहर के मोहल्ला बनारसीदास स्थित नेहरू इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए उनका निराकरण कराए जाने की मांग पदाधिकारियों से की। रविवार सुबह 11 बजे यह बैठक पुष्पक शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक में मौजूद शिक्षणेतर कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। बैठक में मौजूद विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ संरक्षक चंद्रशेखर द्विवेदी, मंडल मंत्री उमेश त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी साथियों को एकजुटता दिखानी होगी। प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला ने कहा कि साथियों की समस्याओं को लेकर महासंघ का एक प्रतिनिधि मंडल जिला विद्यालय निरीक्षक, वित्त एवं लेखाधिकारी से मिलेगा। लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग भी करेगा। समय से लंबित समस्याओं का निराकरण यदि नहीं होता है तो मजबूरन संगठन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। बैठक को ध्रुव पांडे, सुनील कुमार राठौर आदि ने संबोधित किया।

## चंबल नदी पर सिग्नेचर पुल के निर्माण में विभागीय बाधा, इसलिए शुरू नहीं किया जा सका निर्माण कार्य



जन एक्सप्रेस । इटावा

चंबल नदी पर लगभग दो साल पहले सिग्नेचर पुल बनवाने की स्वीकृति दी गई। इसके लिए शासन स्तर से 276 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया, लेकिन वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) न मिलने से पुल का निर्माण कार्य अब शुरू नहीं किया जा सका है। मध्यप्रदेश को जिले से जोड़ने के लिए चंबल नदी पर लगभग 70 साल पुराना पुल बना है। इसकी अवधि अधिक हो जाने की वजह से आए दिन क्षतिग्रस्त हो जाता है। ऐसे में पुल को बंद भी करना पड़ता है। बीते लगभग डेढ़ साल से पुल बंद था, हाल में ही नियमों के साथ खोल गया था। भिंड, ग्वालियर होकर मध्यप्रदेश में जिले के लोग चंबल पार करके प्रवेश करते हैं। इस रास्ते में चंबल नदी पर लगभग 800 मीटर का 70 साल पुराना पुल बना हुआ है। इससे ही सभी का आवागमन रहता है। लेकिन पुल पुराना होने और इस पर ओवरलोड वाहन निकलने की वजह से कई क्षतिग्रस्त हो चुका है। लगभग डेढ़ साल पहले प्रशासन की ओर से इसे बंद भी करा दिया था। जिले की मध्यप्रदेश से आवाजाही प्रभावित हो गई थी। लोगों को चकरनगर होते हुए लगभग 100 किलोमीटर का चक्कर लगाकर मध्यप्रदेश जाना पड़ रहा था। इन परिस्थितियों को देखते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने उक्त पुल के समकक्ष एक नया पुल बनवाने की मांग की थी। लोगों की परेशानी को देखते हुए शासन ने भी इसे लगभग दो साल पहले स्वीकृति दे दी थी। ऐसे में जल्द ही इस सिग्नेचर पुल के बनने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद थी। इसके लिए शासन ने लगभग 276 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया था। पुल निर्माण के बीच में वन विभाग की जगह होने की वजह से उसकी ओर से एनओसी नहीं मिल सकी है। ऐसे में पुल के निर्माण की प्रक्रिया दो साल से रुकी हुई है।

**कई बार किए जा चुके प्रयास**

राष्ट्रीय मार्ग खंड के अधिशासी अभियंता मुकेश ठाकुर ने बताया कि शासन से नए फोरलेन पुल का बजट विभाग को मिल चुका है। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सिर्फ चंबल सेंक्चुअरी की एनओसी का इंतजार है। कई बार प्रयास के बाद भी एनओसी नहीं दी जा रही है। हमारी ओर से सभी तैयारियां कर ली गई हैं। एनओसी मिलते ही काम को शुरू कराया जाएगा।

> पुल के बीच में वन विभाग की जगह बीच में आ रही है। विभाग के नियमों के कोरम पूरे न होने की वजह से एनओसी नहीं दी जा रही है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। प्रयास है कि एनओसी जल्द दी जा सके।
> – आरुषी मिश्रा, डीएफओ, चंबल सेंचुरी

## उप चुनाव में भाजपा के धर्म का ढोल फट गया: प्रो. रामगोपाल यादव



जन एक्सप्रेस । इटावा

उप चुनाव में भाजपा के धर्म का ढोल फट गया। यह बात रविवार को सैफई स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल ने कही। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में भाजपा सूपड़ा साफ होना तय है।सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा केवल दो ही जीत सकी है। 11 सीटें हारे हैं। यह इस बात का संकेत है कि हरियाणा, महाराष्ट्र में चुनाव हो रहा है। अन्य राज्यों में भी जल्दी चुनाव होने वाले हैं, हर जगह भाजपा चुनाव हार रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का धर्म का ढोल फट गया है। बद्रीनाथ से लेकर रामेश्वरम तक भाजपा हारी है। अब किसी भी राज्य में चुनाव नहीं जीत सकेगी। दावा किया कि एक रिपोर्ट में पिछले पांच साल में देश भर में बिना कानून के 16 हजार मकान तोड़े गए हैं। हजारों लोग रोते रहे, कई मंदिर और मस्जिद भी तोड़ दिए गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप की रैली पर हुए हमले बोले इस तरह की वारदात बहुत निंदनीय है। शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति के सवाल पर कहा कि सरकार अन्य विभागों में लागू नहीं कर रही है तो फिर शिक्षकों पर ही यह व्यवस्था क्यों लागू की जा रहा है।

## सातवीं मोहर्रम पर निकाला गया तख्त का जुलूस

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**सफीपुर।** सातवीं मोहर्रम के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने तख्त का जुलूस निकाला और शहीद इमाम हुसैन सहित उनके 72 साथियों की शहादत को याद किया। जुलूस में शामिल लोगों के लिए लंगर-शबील जगह-जगह तकसीम किया गया। रविवार को सातवीं मोहर्रम के मौके पर सैकड़ों वर्षों से चली आ रही तख्त उठाने की परंपरा के तहत जुलूस निकाला गया। दादा मियां चौराहे के नजदीक से उठा तख्त का जुलूस ऊंटसार, कंजी, तकीनगर, मुल्लनतरफ, कसाई चौराहा आदि मोहल्लों में घूमा। इस मौके पर तख्त पर अकीदतमंदों ने शीरीनी आदि पेश की। दुआएं और मन्नतें मांगी। वहीं चौधराना में भी तख्त जुलूस उठाया गया। यहां लोगों ने नौहेख्वानी व नजर कराई। जुलूस में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह लंगर तकसीम किए गए। उधर, सफीपुर कस्बे के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा मस्जिद से अंजुमन इमामिया ने ताबूत व अलम का जुलूस उठाया। यह जुलूस मस्जिद से बड़े इमामबाड़ा होता हुआ मीरबाजार पहुंचा। जहां अंजुमन के सदस्यों ने मातम किया। जुलूस में उप्र राज्य हज समिति के अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री मोहसिन रजा भी शामिल हुए। जुलूस किले की बाजार, मियां बाजार, चालकन टोला, हाता बाजार, राहतगंज बाजार से गुजरा। अंजुमन के अध्यक्ष फाएक अहमद ने बताया कि रविवार को शुरू हुआ सातवीं मोहर्रम का जुलूस सोमवार को आठवीं मोहर्रम की सुबह तक चलेगा। जुलूस के दौरान एसडीएम नवीन चंद्र व कोतवाल श्याम नारायण सिंह भी मौजूद रहे। वहीं, बांगरमऊ के मोहल्ला सराय से छड़ व अल्मों का जुलूस निकाला गया जो मोहल्ला टेढ़ी बाजार, खत्रियाना व दरगाह शरीफ से गुजरता हुआ शाम को अपने गंतव्य स्थल पर पहुंच कर समाप्त हो गया। जुलूस में अकीकतमंदों ने मातम किया। शाम सात बजे मोहल्ला दरगाह शरीफ व कस्बा टोला से निकाला गया तख्तों का जुलूस सोमवार देर शाम समाप्त होगा।

**सातवीं मोहर्रम को याद की जाती है हजरत कासिम की शहादत**

इराक के करबला शहर के रेगिस्तान पर हुई धर्म-अधर्म की जंग में मोहम्मद साहब के नवासे और उनके परिवार पर जुल्मों की शुरुआत सातवीं मोहर्रम से शुरु हुई थी। 80 साल के बुजुर्ग से लेकर छह माह के बच्चे तक पर पानी की पाबंदी लगा दी गई थी। दुनिया की सबसे दर्दनाक कही जाने वाली जंगे करबला में शहीद इमाम के भतीजे कासिम को यादकर सातवीं मोहर्रम में उनका गम मनाया जाता है। बर्बरता की हद पारकर शासक यजीद के सैनिकों ने हजरत की लाश पर हजारों घोड़े दौड़ाए थे। इन्हीं जुल्मों के साथ करबला की जंग आगे बढ़ी। इमाम सहित 72 शहादतों में 7 मोहर्रम हजरत कासिम की शहादत याद करने व गम मनाने के लिए माना गया। इसे आज पूरी दुनिया में मनाया जाता है।

## 120 की रफ्तार से दौड़ रही थी कार एक्सप्रेसवे पर पलटी, एयरबैग खुलने के बाद भी जान गई

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**औरास।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 120 की रफ्तार से दौड़ रही कार वाहन की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलट गई। एयरबैग खुलने के बाद भी भी कार चला रहे एक निजी बैंक के विधिक सलाहकार को गंभीर चोटें आईं और मौत हो गई। इटावा जिले के थाना सिविल लाइन विकास नगर निवासी सौरभ (32) पुत्र दिनेश तिवारी लखनऊ गोमती नगर की एक प्राइवेट बैंक में विधिक सलाहकार थे। शनिवार को वह बैंक के काम से आगरा गए थे, जहां से देर शाम कार से लखनऊ लौट रहे थे। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर औरास थानाक्षेत्र के सहदोई गांव के पास वाहन ने कार में टक्कर मार दी। अनियंत्रित कार डिवाइडर में टकराकर पलट गई। एयरबैग खुलने के बाद भी उनकी हालत गंभीर हो गई। यूपीडा कर्मियों ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। आधार कार्ड से पहचान कर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। छोटे भाई नीरज ने बताया कि सौरभ के परिवार में पत्नी आरती और एक बेटा है। पिता और मां उर्मिला बेहाल हैं। थानाध्यक्ष अश्वनी मिश्र ने बताया कि जांच में पता चला है कि कार की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर थी। कार सौरभ चला रहे थे। किसी वाहन की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। एयरबैग खुले थे लेकिन रफ्तार ज्यादा होने के कारण सौरभ के गंभीर चोटें आईं। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित डीसीएम ने रांग साइड पहुंच पिकअप में मारी टक्कर, चार की मौत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**सौरिख।** एक्सप्रेसवे पर डीसीएम ने डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ दिल्ली से बिहार जा रही पिकअप में टक्कर मार दी। घटना में चार की जान चली गई। इसमें बुआ-भतीजे की मौके पर मौत हो गई। दो अन्य घायलों की कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चार गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। बिहार, सीवान के बिशनपुरा गांव निवासी राजन अपनी पिकअप से पिता स्व. दीनानाथ की तेहरवीं संस्कार में शामिल होने के लिए रविवार को दिल्ली से अपने गांव जा रहे थे। पिकअप को उसका ममेरा भाई मुन्नू चला रहा था। पिकअप में इन दोनों के अलावा राजन की पत्नी रज्जू देवी, बेटा दीपक व दीपू, भाई मुकेश, रमांती पत्नी मुकेश, अंश व यश पुत्र मुकेश, मां कौशल्या देवी भी सवार थीं। पिकअप आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सौरिख थाना के गांव सलेमपुर के सामने पहुंचा। वहीं, दूसरी तरफ पंजाब, समरेठहा के धुरी गांव निवासी रमनदीप लखनऊ से डीसीएम लेकर फिरोजाबाद जा रहे थे। चालक रमनदीप को झपकी लगने से डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर व जाली को तोड़ते हुए दूसरी तरफ से जा रहे पिकअप में जा टकराया। पिकअप सवार मुन्नू व बुआ कौशल्या देवी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में डीसीएम चालक रमनदीप गंभीर रूप से घायल हो गए।

### संसद में धन विधेयक के सहारे कानून बनाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

# संविधान पीठ गठित होगी : सीजेआई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



आधार अधिनियम जैसे कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित करने की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं। अब सुप्रीम कोर्ट इन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए एक पीठ गठित करने पर विचार कर रहा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से अपील करते हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि याचिकाओं को सूचीबद्ध करने की जरूरत है ताकि उन पर सुनवाई हो सके। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जब मैं संविधान पीठों का गठन करूंगा, तब इस पर फैसला लूंगा। दरअसल धन विधेयक को लेकर विवाद तब उठा जब सरकार ने आधार अधिनियम और धन शोधन निवारण अधिनियम में कई संशोधनों को धन विधेयक के रूप में पेश किया था। इसके चलते इन विधेयकों को राज्यसभा में पेश नहीं किया गया, जहां सरकार के पास बहुमत नहीं था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गईं। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि सरकार ने राज्यसभा को दरकिनार करने के लिए ही कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित कराया। सुप्रीम कोर्ट ने पीएमएलए कानून की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा था, लेकिन इसने इस मुद्दे को खुला रखा कि क्या पीएमएलए में संशोधन को धन विधेयक के रूप में पारित किया जा सकता है। इस सवाल पर सात न्यायाधीशों की पीठ द्वारा विचार किया जाना था। सात जजों की पीठ पहले से ही धन विधेयक को परिभाषित करने के संवैधानिक प्रश्न और किसी विधेयक को धन विधेयक के रूप में प्रमाणित करने के लोकसभा स्पीकर के फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र के दायरे पर विचार कर रही है।

**क्या होता है धन विधेयक**

गौरतलब है कि धन विधेयक एक ऐसा विशेष विधेयक है, जिसे केवल लोकसभा में ही पेश किया जा सकता है। और राज्यसभा उसमें संशोधन या अस्वीकृति नहीं कर सकती। उच्च सदन सिर्फ सिफारिशें कर सकता है और लोकसभा द्वारा उन सिफारिशों को माना भी जा सकता है और नहीं भी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 110 के तहत परिभाषित मनी बिल, टैक्स, सार्वजनिक खर्च आदि जैसे वित्तीय मामलों से संबंधित है। राज्यसभा इस विधेयक में संशोधन या अस्वीकृति नहीं कर सकती।

# उमर अब्दुल्ला ने अदालत में तलाक की अर्जी लगाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने तलाक के मामले में सुप्रीम अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अब्दुल्ला की अर्जी पर अदालत ने उनकी पत्नी पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अब्दुल्ला ने अदालत से कहा कि हमारी शादी टूट चुकी है और अब रिश्ते सुधर नहीं सकते। इसलिए तलाक चाहिए। इस पर न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी किया और छह सप्ताह के भीतर उनसे जवाब मांगा। इसके साथ ही कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तारीख तय की है।

## काफी सालों से रह रहे अलग

उमर अब्दुल्ला का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, दोनों की शादी खत्म हो चुकी है। दोनों बीते 15 सालों से अलग रह रहे हैं। उनके बीच अब पति और पत्नी जैसा कोई रिश्ता नहीं है। उन्होंने पीठ से मांग की कि वह संविधान के आर्टिकल 142 में वर्णित अधिकार के तहत इस मामले में फैसला सुनाएं। बता दें, शादियों को लेकर इस नियम का हवाला सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। इसके आधार पर किसी भी तलाक के मामले को वाजिब समझते हुए कोर्ट खुद शादी को भंग करने का आदेश दे सकता है। कपिल सिब्बल की दलील पर जस्टिस धूलिया और जस्टिस अमानुल्लाह ने पायल को नोटिस जारी किया है।

## हाईकोर्ट से लग चुका है झटका

दरअसल, उमर अब्दुल्ला ने इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें क्रूरता के आधार पर तलाक दिया जाए। इस पर उच्च न्यायालय ने कहा था कि उमर अब्दुल्ला के आरोप अस्पष्ट हैं और साबित नहीं होता है कि पायल ने उनके साथ क्रूरता की है। हाईकोर्ट से झटका लगने के बाद उमर अब्दुल्ला ने शीर्ष अदालत का रुख किया और फैसले को चुनौती दी।

**1994 में हुई थी उमर और पायल की शादी**

उमर और पायल की शादी सितंबर 1994 में हुई थी, लेकिन वे काफी समय से अलग रह रहे हैं। उमर की तलाक याचिका को 30 अगस्त, 2016 को एक पारिवारिक अदालत ने खारिज कर दिया था। पारिवारिक अदालत ने माना कि वह शादी के टूटने को साबित करने में असफल रहे। अदालत ने कहा कि उमर क्रूरता या त्याग के अपने दावों की पुष्टि नहीं कर सके और किसी ऐसी विशिष्ट परिस्थिति की व्याख्या करने में असमर्थ थे, जिसके कारण पायल के साथ संबंध बनाए रखना उनके लिए असंभव हो गया था। इसके बाद उमर अब्दुल्ला हाईकोर्ट चले गए थे और अब उनकी तलाक की अर्जी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है।

### फिर गरमाया कावेरी जल विवाद, एम के स्टालिन ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, बोले

# किसानों से धोखा बर्दाश्त नहीं करेंगे



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कावेरी जल विवाद फिर से गरमा गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कावेरी जल विवाद को लेकर कर्नाटक सरकार के रुख की आलोचना की। उन्होंने अंतर-राज्यीय नदी विवाद को लेकर आगामी 16 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। स्टालिन ने कहा कि 15 जुलाई 2024 तक कर्नाटक के चार मुख्य बांधों में कुल भंडारण 75.586 टीएमसी फीट है, जबकि तमिलनाडु के मेट्टूर जलाशय में जल का स्तर मात्र 13.808 टीएमसी फीट है।

## किसानों से धोखा बर्दाश्त नहीं करेगा राज्य : एम के स्टालिन

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस बार पर्याप्त बारिश की गुंजाइश है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि %कर्नाटक द्वारा कावेरी जल नियमन समिति के निर्देशों के अनुसार पानी छोड़ने से इनकार करना, तमिलनाडु के किसानों के साथ धोखा है और राज्य कभी भी इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।% रविवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा था कि राज्य सरकार तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी से हर रोज आठ हजार क्यूसेक पानी छोड़ने के लिए तैयार है। बता दें कि कावेरी जल नियमन समिति ने कर्नाटक सरकार को इस महीने के अंत तक तमिलनाडु के लिए हर रोज एक टीएमसी फीट पानी छोड़ने का निर्देश दिया था। तमिलनाडु सीएम ने कहा कि उन्होंने राज्य विधानसभा में सभी पार्टियों के विधायक दल के नेताओं की बैठक बुलाई है। उस बैठक में आगे के कदम पर चर्चा की जाएगी। बैठक 16 जुलाई को सुबह 11 बजे राज्य सचिवालय में होगी।

**क्या है कावेरी जल विवाद**

कावेरी नदी के जल को लेकर विवाद करीब 140 साल से भी ज्यादा पुराना है। साल 1881 में कर्नाटक ने नदी पर बांध बनाने का फैसला किया, लेकिन तमिलनाडु ने इसका विरोध किया। कई साल ये विवाद चलने के बाद ब्रिटिश सरकार ने इसमें हस्तक्षेप किया और दोनों राज्यों के बीच एक समझौता कराया। इसके समझौते के तहत नदी के जल का 556 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी तमिलनाडु को और 177 हजार मिलियन क्यूबिक पानी कर्नाटक को मिलना तय हुआ। कावेरी नदी कर्नाटक के कोडागू जिले से निकलती है और तमिलनाडु से होती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है। नदी का कुछ हिस्सा केरल और पुडुचेरी में भी है। साल 1972 में एक कमेटी गठित की गई। इस कमेटी ने 1976 में चारों राज्यों के बीच नदी के जल को लेकर एक समझौता कराया, लेकिन अभी भी नदी के जल को लेकर विवाद है। दरअसल कर्नाटक ब्रिटिश काल में हुए समझौते को तर्कसंगत नहीं मानता और तमिलनाडु उस समझौते को सही मानता है।

### भारत-मार्शल द्वीप गणराज्य के बीच समझौता, हिंद-प्रशांत देश में विकसित की जाएंगी चार परियोजनाए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज वीडियो संदेश में मार्शल द्वीप गणराज्य को 10वें माइक्रोनेसियन गेम्स के सफल आयोजन की बधाई दी। इस दौरान भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य के बीच चार विकास परियोजनाओं को लेकर हुए समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए। इन परियोजनाओं के तहत भारत मार्शल द्वीप गणराज्य में सामुदायिक खेल केंद्र, एयरपोर्ट टर्मिनल, सामुदायिक भवन का निर्माण करेगा।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कही ये बात

अपने संदेश में भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत के लोगों की तरफ से मैं बीते महीने 10वें माइक्रोनेसियन खेलों के सफल आयोजन के लिए मार्शल द्वीप गणराज्य को बधाई देता हूं। भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का लंबा इतिहास रहा है और साल-दर-साल इसमें विस्तार आया है। खासकर भारत और हिंद-प्रशांत महासागर के देशों के साथ संबंधों के तहत भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य के संबंध मजबूत हुए हैं। आज का समझौता मार्शल द्वीप के समुदायों के लिए फायदेमंद होगा और इससे मार्शल द्वीप गणराज्य में बुनियादी ढांचे का विकास होगा। समझौते के तहत भारत मार्शल द्वीप गणराज्य में सामुदायिक खेल केंद्र, एयरपोर्ट टर्मिनल, सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा।

**विक्रम मिस्री ने बतौर विदेश सचिव संभाला कार्यभार**

भारत के नए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि भारतीय विदेश मंत्रालय की टीम विदेश सचिव विक्रम मिसरी का स्वागत करती है और उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देती है।

# मनीष सिसोदिया को जमानत नहीं कोर्ट ने 22 जुलाई तक कस्टडी बढ़ाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



शराब नीति केस में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को एक बार फिर से जमानत नहीं एमिली। सोमवार (15 जुलाई) को सीबीआई के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की ज्यूडिशियल कस्टडी 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। सुनवाई के दौरान सिसोदिया और अन्य आरोपियों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की ओर से पेश हुए एडवोकेट नितेश राणा की दलीलें सुनने के बाद मामले को 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया। 6 जुलाई को सीबीआई ने सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया था, जहां कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 15 जुलाई तक बढ़ा दी थी। इससे पहले, 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में मनीष सिसोदिया की जमानत की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई से ठीक पहले जस्टिस संजय कुमार ने बेंच से खुद को अलग कर दिया, जिसके बाद सुनवाई टल गई थी। सिसोदिया ने शराब नीति घोटाले से जुड़े प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो केस में जमानत पर पुनर्विचार को लेकर दो अलग-अलग याचिकाएं लगाई हैं।

### कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच रद्द करने की याचिका खारिज की

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को झटका दिया है। कोर्ट ने शिवकुमार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने ऊपर आय से अधिक संपत्ति के कथित मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज केस को रद्द करने की मांग की थी। बताया गया है कि शिवकुमार ने मामले के भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किए जाने पर आपत्ति जताई थी और सुप्रीम कोर्ट से जांच को खत्म करने की मांग की थी। सर्वोच्च न्यायालय से उनकी याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस एससी शर्मा की बेंच ने कहा कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप के लिए तैयार नहीं हैं।

# भोजशाला विवाद : एएसआई ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में सौंपी दो हजार पेज की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंदौर**





भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने धार जिले में स्थित भोजशाला का सर्वे पूरा कर अपनी दो हजार पेज की रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच को सौंप दी है। अब 22 जुलाई को इस मसले पर सुनवाई होगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 23 साल पहले लागू की गई व्यवस्था को क्या हाईकोर्ट इस रिपोर्ट के आधार पर बदल देगा? धार जिले के इस 11वीं सदी में बने परिसर का विवाद नया नहीं है। हिंदू समुदाय भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है। मुस्लिम पक्ष कमाल मौला मस्जिद कहता है। हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस की याचिका पर हाईकोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को आदेश दिया था कि वह छह हफ्ते में भोजशाला परिसर की साइंटिफिक स्टडी कर अपनी रिपोर्ट सौंपे। हालांकि, रिपोर्ट सौंपने के लिए एएसआई ने और वक्त मांगा। तीन बार समय बढ़ाया गया। चार जुलाई को हाईकोर्ट ने एएसआई को निर्देश दिए थे कि 15 जुलाई तक अपनी पूरी रिपोर्ट सौंप दें।

## हिंदू पक्ष ने कहा, हमारा पक्ष मजबूत, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस के वकील एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इस मामले में एएसआई रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। एएसआई रिपोर्ट ने हमारे केस को मजबूत किया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बैंच के सामने हमने कहा था कि यह परिसर एक हिंदू मंदिर का है। इसका इस्तेमाल मस्जिद की तरह हो रहा है। 2003 में एएसआई ने जो आदेश पारित किया था, वह पूरी तरह गलत है। देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। हमने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने एएसआई को साइंटिफिक स्टडी के निर्देश दिए थे। दो हजार पेज की रिपोर्ट में हमारा पक्ष मजबूत हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की कार्यवाही पर स्टे दे रखा है। इस वजह से हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं।

## यह है आदेश, जिस पर है विवाद

एएसआई ने 22 मार्च को इस विवादित परिसर का सर्वे शुरू किया था। करीब तीन महीने यह सर्वे चला। दरअसल, पूरा विवाद एजेंसी के सात अप्रैल 2003 के आदेश को लेकर है। हिंदुओं और मुस्लिमों में विवाद बढ़ने पर एएसआई ने आदेश जारी कर परिसर में प्रवेश को सीमित किया था। आदेश के बाद 21 साल से हिंदू सिर्फ मंगलवार को भोजशाला में पूजा-अर्चना कर सकते हैं। मुस्लिम सिर्फ शुक्रवार को नमाज अदा कर सकते हैं। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने इस व्यवस्था को चुनौती दी है।

## सुप्रीम कोर्ट भी जाएगा मामला

भोजशाला के मसले पर एक पक्ष पहले ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई को निर्देश दिया था कि साइंटिफिक स्टडी करने के दौरान भोजशाला के भौतिक ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। साथ ही हाईकोर्ट को यह सख्त निर्देश दिए थे कि वह फिलहाल इस पर कोई निर्णय नहीं ले सकेगा। इसी वजह से हिंदू पक्ष अब एएसआई की रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कह रहा है।

**सार्वजनिक नहीं होगी रिपोर्ट**

एएसआई की रिपोर्ट की प्रतियां दोनों ही पक्षों को सौंपी जाएगी। कोर्ट ने दोनों ही पक्षों को सख्त निर्देश दिए हैं कि रिपोर्ट को सार्वजनिक न करें। एएसआई ने कार्बन डेटिंग, जीपीएस सहित अन्य तकनीक इस सर्वे में अपनाई है। भोजशाला के बड़े हिस्से में खुदाई भी की गई है। दावा किया गया है कि खुदाई के दौरान पुरानी मूर्तियों के अवशेष, धार्मिक चिह्न मिले हैं। अफसरों ने सर्वे की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई है। सर्वे रिपोर्ट में खुदाई में मिले अवशेषों के फोटो भी प्रस्तुत किए गए।

**वर्ष 1902 में भी हुआ था सर्वे**

धार भोजशाला का इतिहास वर्षों पुराना है। अंग्रेजों के शासनकाल में एएसआई ने धार भोजशाला का सर्वे किया था। तब की रिपोर्ट में मंदिर के अलावा परिसर के एक हिस्से में मस्जिद का उल्लेख भी किया गया था। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नए सिरे से स्टडी के निर्देश दिए थे। यह सर्वे रिपोर्ट हाईकोर्ट में चल रही याचिका के लिए काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# सरकार ने इमरान खान की बढ़ाई मुश्किलें पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने का लिया फैसला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यहां की सरकार ने जेल में बंद खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर देश विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। यह जानकारी सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने दी।

## देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप

द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री अताउल्लाह तरार ने सोमवार को एलान किया कि संघीय सरकार ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। 71 वर्षीय खान फिलहाल रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद है। उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। मंत्री तरार ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर प्रतिबंध लगाने के लिए सबूत मौजूद हैं और सरकार पार्टी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगी। बता दें, सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित सीटों के मामले में पीटीआई और अवैध विवाह मामले में खान को राहत दी है।

### अमित शाह ने तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की बात बाढ़ और बारिश से बिगड़े हालातों की ली जानकारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया। साथ ही केंद्र की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। सूत्रों ने बताया कि शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने मौजूदा स्थिति और अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बात की। केंद्रीय गृह मंत्री ने दोनों राज्यों में भारी बारिश के बाद नदियों में बढ़ते जलस्तर के कारण पैदा हुई स्थिति का जायजा लिया। शाह ने तीनों मुख्यमंत्रियों को स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

**सैकड़ों जानें जा चुकी हैं**

बता दें, असम में बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 109 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य के कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी और शिवसागर जिलों में 5,97,600 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में लगभग 1,500 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और बारिश से संबंधित घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

# 'भगवान जगन्नाथ ने बचाई डोनाल्ड ट्रंप की जान'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हाल ही में हुए हमले को लेकर दुनियाभर में चर्चाएं हो रही हैं। कोई ट्रंप की सुरक्षा में लगे कर्मचारियों पर सवाल खड़े कर रहा तो कोई हमलावर की उम्र पर बात कर रहा। इस बीच, इस्कॉन की तरफ से एक बड़ा दावा किया गया है। कहा जा रहा है कि ट्रंप की जान भगवान जगन्नाथ ने बचाई है। इस्कॉन मंदिर कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक लंबा सा पोस्ट साझा किया है। उन्होंने कहा कि सच में ट्रंप की जान बचने के पीछे भगवान का हाथ है। ट्रंप को भगवान जगन्नाथ ने बचाया है। इसके लिए उन्होंने 1976 की रथयात्रा का जिक्र किया। गौरतलब है कि रविवार सुबह-सुबह ये जानकारी सामने आई थी कि पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर गोलियां चलाई गई थीं। हालांकि, वह बाल-बाल बच गए। इस घटना में उनके कान में चोट लगी थी।

## ठीक 48 साल पहले...

इस्कॉन मंदिर के प्रवक्ता ने कहा, ठीक 48 साल पहले डोनाल्ड ट्रंप ने जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव को बचाया था। अब उन्हीं की कृपा से ट्रंप की जान बची है। आज जब पूरी दुनिया जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मना रही है, ऐसे में ट्रंप पर हमला किया गया। जगन्नाथ ने उनके सुकर्मों का फल दिया और ट्रंप की जान बच गई।% राधारमण दास ने कहा कि जुलाई 1976 में डोनाल्ड ट्रंप ने रथों के निर्माण के लिए मुफ्त में अपना ट्रेन यार्ड देकर इस्कॉन भक्तों को रथयात्रा आयोजित करने में मदद की थी। आज जब दुनिया नौ दिवसीय जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव मना रही है, तो वहीं उन पर यह भयानक हमला और उनका बाल-बाल बचना जगन्नाथ की ईश्वरीय करुणा को दर्शाता है।

**चुनौतियां बहुत अधिक थीं**

उन्होंने कहा कि करीब 48 साल पहले, जब इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) न्यूयॉर्क शहर में पहली रथ यात्रा आयोजित करने की योजना बना रही थी, तो चुनौतियां बहुत अधिक थीं। उन्होंने आगे कहा कि फिफ्थ एवेन्यू में परेड परमिट देना किसी चमत्कार से कम नहीं था। एक विशाल खाली जगह ढूंढना, जहां रथ बनाए जा सकें, कभी भी आसान नहीं था। हमने हर संभव व्यक्ति का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। तभी अमेरिका में रसूख रखने वाले ट्रंप कृष्ण भक्तों के लिए आशा की किरण बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने फिफ्थ एवेन्यू का उपयोग करने की अनुमति दी थी, जो वास्तव में एक बड़ी बात है।

**ट्रंप की जान दैवीय कृपा के कारण बच गई**

इस्कॉन की ओर से कहा गया है कि ट्रंप की जान दैवीय कृपा के कारण बच गई। ऐसा इसलिए क्योंकि आज से ठीक 48 साल पहले ट्रंप ने जगन्नाथ रथयात्रा के लिए उम्मीद जगा दी थी। दास ने ये भी कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने 1976 में रथों के निर्माण के लिए फ्री में ट्रेन यार्ड मुहैया करवाया था। उनके इस निर्णय से भक्तों को रथयात्रा आयोजित करने में मदद की थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)